डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

₹ 71900 10 ग्राम
₹ 91000 01 किलो
सेंसेक्स 78,472.48 -0.39
डॉलर 85.284 -0.151

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर



पौष कृष्ण पक्ष 12, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 27 दिसंबर 2024, वर्ष-31, अंक-73, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज-10 विराट कोहली पर लगा मैच फीस का...

## एक नजर

### प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के कई कांडों में शामिल नक्सली दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव को गुरुवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली कि प्रतिबंधित जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का कई कांडों का आरोपी और फरार चल रहा नक्सली दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव को जोगना टांड के आस पास देखा गया है। सूचना के सत्यापन के बाद लातेहार पुलिस अधीक्षक ने एक छापेमारी टीम का गठन किया। पुलिस टीम लातेहार थाना क्षेत्र के जोगनाटांड, नीलांबर पीतांबर स्टैचू के पास पहुंच कर छापेमारी शुरू की। पुलिस टीम को आता देखकर भाग रहे एक व्यक्ति को संदेह के आधार पर दौड़ाकर पुलिस ने पकड़ा लिया। पकड़े गए व्यक्ति से नाम-पता पूछने पर अपना नाम दीपक उरांव उर्फ कार्तिक उरांव, 35 वर्ष, पिता नरेश उरांव, **शेष पेज 11 पर**

### नेतरहाट स्कूल का प्रशासी पदाधिकारी 50 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

**लातेहार।** पलामू एसीबी की टीम ने गुरुवार को नेतरहाट आवासीय विद्यालय के प्रशासी पदाधिकारी रौशन कुमार बक्सी को 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के जरिये विद्यालय में दूध आपूर्ति करने वाले विक्रेता से बिल भुगतान के बदले रिश्वत ली जा रही थी। पलामू एसीबी के एसपी अंजनी अंजन ने इसकी पुष्टि की है। मिली जानकारी के अनुसार सूचक ने पलामू एसीबी की टीम को सूचना दी थी कि नेतरहाट आवासीय विद्यालय में प्रशासी पदाधिकारी के जरिए दूध के पैसे भुगतान के लिए रिश्वत मांगी जा रही है। सूचना मिलने के बाद एसीबी की टीम ने एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर मामले की अपने स्तर से जांच पड़ताल की। जांच में जब यह स्पष्ट हो गया कि आरोपित द्वारा रिश्वत मांगी जा रही है, तो एसीबी की टीम ने उसे रंगे हाथ गिरफ्तार करने की योजना बनाई। गुरुवार को पुलिस ने सूचक **शेष पेज 11 पर**

## आज कल




# मोदी के भारत में लाटसाहब भी जनता का प्रतिनिधि : रघुवर दास

**समर्थकों ने कहा, भाजपा में अगले वर्ष शामिल होंगे पूर्व गवर्नर**

सुनील बादल

**रांची।** ओडिशा के पूर्व राज्यपाल और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरुवार को रांची पहुंचे, तो उनके समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा विधायक सीपी सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू, सदान विकास पार्टी के राजेंद्र प्रसाद सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

रघुवर दास ने कहा है कि भाजपा एक महान पार्टी है, जहां कोई भी समर्पित कार्यकर्ता सामान्य कार्यकर्ता से पार्टी या सरकार के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। ओडिशा की जनता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाप्रभु जगन्नाथ की धरती ओडिशा में साढ़े 14 महीने तक वहां के लोगों का जो प्यार मुझे मिला, वह मेरे जीवन के अविस्मरणीय क्षण हैं। मेरी प्रभु जगन्नाथ से प्रार्थना है कि ओडिशा की धरती जब शताब्दी वर्ष मनाए, तब तक यह विकसित राज्य बन जाए।



उनकी भविष्य की योजनाओं के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि उनकी कोई महत्वाकांक्षा नहीं है। भाजपा में अब उनकी क्या भूमिका होगी, यह उनकी पार्टी तय करेगी। वह दो बार प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक रहे हैं, पर भाजपा के एक सामान्य कार्यकर्ता की ही तरह। पार्टी उन्हें जो भी जिम्मेदारी देगी, उसका वह पालन करेंगे।

उनके राज्यपाल के कार्यकाल के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राज्यपाल के रूप में उन्हें ओडिशा की जनता का भरपूर प्यार मिला। राज्यपाल को लाटसाहब कहा जाता है। उन्हें पीपुल्स गवर्नर लोग कहने लगे थे। अंग्रेजों के जमाने में राज्यपाल को लाटसाहब कहा जाता था, पर आज मोदी के भारत में राज्यपाल लाटसाहब नहीं होता। वह भी जनता का प्रतिनिधि होता है। जनता के सुख-दुख को सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना, उसकी जिम्मेदारी होती है। मैंने सभी 30 जिलों में घूमकर लोगों से मिलकर उनकी दिक्कतों के बारे में जानकारी ली।

उनके भाजपा में विधिवत शामिल होने की तिथि के बारे में पार्टी सूत्रों का कहना है कि शुक्रवार को दिन में 11:00 बजे सदस्यता ग्रहण करने के बाद जमशेदपुर रवाना होंगे। पर, पार्टी प्रवक्ता ऐसी किसी तैयारी की जानकारी से इनकार कर रहे हैं। वहीं, उनके समर्थकों का कहना है कि वे अगले वर्ष पार्टी की सदस्यता ग्रहण करेंगे ।

# पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का एम्स में निधन

**पीएम मोदी, सीएम सोरेन और रघुवर दास ने प्रकट किया शोक**

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का गुरुवार को 92 साल की उम्र में यहां अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार की रात 09.51 बजे अंतिम सांस ली। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें गुरुवार की शाम को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इधर, कर्नाटक के बेलगावी में चल रही कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक से राहुल गांधी और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे वहां से दिल्ली रवाना हो गए हैं। ऐसे में बताया जा रहा है कि बेलगावी में होने वाली कांग्रेस की रैली को रद्द कर दिया गया है।

एम्स ने एक आधिकारिक बयान में बताया कि उन्हें रात्रि 08.06 बजे एम्स के मेडिकल इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। इससे पहले उम्र से संबंधित बीमारियों के लिए उनका उपचार चल रहा था। वे आज घर पर अचानक बेहोश हो गए थे।




पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन की खबर मिलने के बाद एम्स के बाहर बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती की गई है।

मनमोहन सिंह वर्ष 2004 से वर्ष 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे थे। उनकी गिनती देश के बड़े अर्थशास्त्रियों में होती थी। मनमोहन सिंह वर्ष 1998 से वर्ष 2004 तक विपक्ष के नेता भी रहे। हालांकि, वर्ष 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को मिली जीत के बाद उन्होंने देश के 14वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। उन्होंने यूपीए-1 और 2 में प्रधानमंत्री का पद संभाला था। उन्होंने पहली बार 22 मई 2004 और दूसरी बार 22 मई 2009 को प्रधानमंत्री के पद की शपथ ली थी। डॉ मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितंबर 1932 को पश्चिमी पंजाब के गाह में हुआ था, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। उनके पिता का नाम गुरमुख सिंह और मां का नाम **शेष पेज 11 पर**

सीएम ने की स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की समीक्षा, कहा

# मेडिकल कॉलेज, अस्पताल व जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाए

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शपथ ग्रहण करने के बाद से ही एक्शन मोड में हैं। वे विभिन्न विभागों के कामों की समीक्षा कर विकास कार्यों का लाभ जनता तक सही ढंग से पहुंच सके, यह सुनिश्चत करने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में, मुख्यमंत्री ने गुरुवार को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं जिला अस्पतालों का हेल्थ सर्किट बनाया जाए, ताकि जरूरत के हिसाब से मरीजों को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया जा सके। इससे किसी एक अस्पताल पर मरीजों का ज्यादा दबाव नहीं पड़ेगा। इसके लिए जरूरी है कि सभी अस्पतालों में इलाज की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने कहा, लोगों को राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची के री-डेवलपमेंट प्लान तथा यातायात व्यवस्था को लेकर भी संबंधित अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के सभी सरकारी अस्पताल 24 घंटे सातों दिन फंक्शनल होनी चाहिए। इस दिशा में चिकित्सक और पैरामेडिकल कर्मी अस्पतालों में हमेशा उपलब्ध रहने चाहिए, ताकि मरीज कभी भी आएं, तो उनका इलाज सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और जिला अस्पतालों को और बेहतर तथा अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में पहल करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी ऐसी व्यवस्था हो, इस दिशा में भी कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में विशेषज्ञ चिकित्सक होने से मरीज को बेवजह मेडिकल कॉलेज अस्पतालों में रेफर करने से भी काफी हद तक निजात मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अस्पतालों में अक्सर अव्यवस्था की शिकायतें विभिन्न माध्यमों से मिलती रहती है। अस्पतालों में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अस्पतालों में किसी मरीज को बेड नहीं **शेष पेज 11 पर**



### बोले मुख्यमंत्री

- राज्य में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं

# गढ़वा में ट्रक-ट्रेलर लूटकांड का खुलासा, नौ गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** पुलिस ने अंतरप्रांतीय ट्रक-ट्रेलर लुटेरों के गिरोह का पदार्फाश करते हुए नौ अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से लूटी गई अशोक लीलैंड ट्रक के दो इंजन, एक ट्रेलर और आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। घटना 20-21 दिसंबर की रात गढ़वा-रंका मार्ग पर ओबरा गांव के पास हुई। लुटेरों ने ट्रक को ओवरटेक कर चालक के साथ मारपीट की और ट्रक लूट लिया। ट्रेलर को अलग करने में विफल रहे लुटेरे ट्रक लेकर रंका की ओर बढ़े, लेकिन जीपीएस लाइन होटल के पास ट्रक छोड़कर भागने की कोशिश की। पुलिस उपाधीक्षक नीरज कुमार के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ट्रक-ट्रेलर और लूटे गए इंजन बरामद किए। लुटेरों द्वारा उपयोग की गई स्विफ्ट और बलेनो कार भी जब्त की गई। गिरफ्तार अपराधियों में तौकीर आलम, पंकज कुमार यादव, निसार अंसारी उर्फ छोटू, फिरदौस अंसारी, सदरे आलम, अफताफ अंसारी, बुटू यादव और शत्रुघ्न चौधरी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने बताया कि गिरोह ट्रक-ट्रेलरों को लूटकर चांडिल में पेंट करता और उन्हें पांच लाख रुपये में बेच देता। पुलिस ने जनता से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।



झारखंड के वित्त मंत्री की नई पहल

# जीएसटी चोरी को रोकने के लिए तैयार की गई ठोस कार्य योजना

राणा अरुण सिंह

**मेदिनीनगर।** झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में राजस्व की चोरी को रोकने के लिए ठोस कदम उठाने का प्रस्ताव तैयार किया है, जिसे वह सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत के दौरान बताया कि जीएसटी चोरी को रोकने के लिए एक विशेष कार्य योजना तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि कई स्त्रोतों से लगातार सूचनाएं मिल रही हैं कि जीएसटी की चोरी हो रही है, जिससे सरकार को भारी राजस्व घाटा हो रहा है। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव तैयार किया गया है। वित्त मंत्री ने बताया कि यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलती है, तो इससे राजस्व में वृद्धि की उम्मीद है।



नई कार्य योजना के तहत, जब माल एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश में परिवर्तित होगा, तो जीएसटी की सख्त चेकिंग की जाएगी। यदि कहीं से सूचना मिलती है कि किसी ट्रक में गलत जीएसटी के साथ माल जा रहा है, तो तत्काल एक टीम उस ट्रक की जांच करेगी और संबंधित कागजात की जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा, मंत्री ने यह भी कहा कि 29 दिसंबर को 'मैया सम्मान योजना' से जुड़े लाभार्थियों के खातों में राशि ट्रांसफर की जाएगी। सरकार इस संबंध में एक कार्यक्रम का आयोजन भी कर रही है, जिसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। एक सवाल के जवाब में, उन्होंने कहा कि सम्मान योजनाओं के तहत सभी लाभार्थियों को योजना की राशि दी जाएगी और बाद में जांच की जाएगी कि राशि सही तरीके से वितरित हुई है या नहीं।

## इंडिया

# भारत को एआई के लाभ से अधिक खतरों से सतर्क रहना चाहिए




सोशल मीडिया में एक वीडियो चल रहा था जिसमें लगभग चार दशक पहले बनी शोले फिल्म के ठाकुर,बसंती और जय और बीरु को डांस करते या स्मार्ट फोन लिए दिखाया गया था। इसी प्रकार असली आवाज की तरह नकली आवाज में फोन कर होने वाली ठगी की घटनाएं आम हो गई हैं । पिछले दो वर्षों के भीतर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैट जीपीटी से कहीं ज्यादा तेज गति से आगे बढ़ा है। जबकि खबरों के अनुसार एआई अपने निर्माणकर्ता मनुष्य को बेहद चालाकी से धोखा देने में काफी सफल साबित हुआ है। ऐसे में सैंकड़ों हजारों लोगों की बुद्धि के बराबर एआई बड़े भाषा मॉडल न्यूरल नेटवर्क के रूप में उस बिंदु पर पहुंच गया है कि इसके रचयिता होने के बावजूद हम पूरी तरह से यह समझ नहीं सकते कि यह जो कर रहा है, वह यह कैसे करता है। एआई के नए संस्करण द्वारा प्रदर्शित रचनात्मकता से कंप्यूटर वैज्ञानिक खासे अचंभित हैं। मनोविज्ञान में झूठ बोलना बौद्धिक विकास की निशानी मानी जाती है। एक बच्चा करीब तीन वर्ष की उम्र में झूठ बोलने लगता है और उम्र बढ़ने पर वह इसमें और बेहतर होता जाता है। जाहिर है कि झूठ बोलने के मामले में एआई शैशवावस्था से काफी आगे निकल चुका है। इस साल बीती गर्मियों में ओपनएआई ने 'प्रतिक्रिया देने से पहले थोड़ा समय लेने वाला डिजाइन' ओ-वन?जारी किया, जो एआई मॉडल की पहली श्रृंखला है।



इसको जारी करने से पहले ओपनएआई ने अपोलो रिसर्च की सेवा ली, जो स्ट्रॉबेरी उपनाम वाले सिस्टम का मूल्यांकन करने के लिए एआई द्वारा दिए जा सकने वाले धोखे के जोखिमों का अध्ययन करती है। एआई के इस नए मॉडल (ओ-वन) में कई महत्वपूर्ण तथ्य उभरकर सामने आए। करीब 19 फीसदी मामलों में अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए एआई ने डाटा में हेरफेर किया। जब अपोलो रिसर्च ने इस मामले में फॉलो-अप किया और एआई को उसकी गलतियों के बारे में बताया, तो एआई ने 99 फीसदी मामलों में झूठ बोलकर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश की। देखिए कि एक व्यक्ति और एआई में इसे लेकर क्या बातचीत हुई। यह बातचीत ऐसी थी, जो किसी काल्पनिक विज्ञान कथा सरीखी लगती है।ओ-वन?जैसे बड़े एआई मॉडल आखिर सोचते कैसे हैं, इसका पता लगाने के लिए आगमनात्मक (विशेष से सामान्य) व निगमनात्मक (सामान्य से विशेष) तर्कों का उपयोग किया जाता है। इन तर्कों के नाम आपको कुछ अजीब लग सकते हैं, लेकिन हर कोई अपनी जिंदगी में इनका उपयोग अनुमान लगाने में करता है।आगमनात्मक तर्क में किसी विशेष स्थिति को देखकर किसी सामान्य निष्कर्ष पर, जबकि निगमनात्मक तर्क में किसी सामान्य अवधारणा के आधार पर एक विशिष्ट निष्कर्ष पर पहुंचा जाता है। यह जानना दिलचस्प है कि नेपच्यून ग्रह की खोज भी इसी तर्कशास्त्र के आधार पर हुई थी, जब दो खगोलशास्त्रियों ने इसके अस्तित्व को लेकर विरोधाभासी तर्क देकर एक तार्किक संदेह को जन्म दिया था। एआई मॉडल संभाव्यता सूची में आने वाले पहले शब्द के बजाय उसके बाद के शब्दों पर भी फोकस करने लगे। इसे मॉडल का तापमान बढ़ाना कहते हैं, जो इसमें मतिभ्रम जैसी स्थितियां भी पैदा कर सकता है।

इटली के कैंपोबासो में मोलिसे विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर रेमो पारेस्ची ने मुझे बताया कि बड़े भाषा मॉडल द्वारा संचालित चैटबॉट लोगों को विचार-मंथन में मदद करने के लिए उपयुक्त हैं, क्योंकि 'वे एक रास्ता खोल सकते हैं'। लेकिन जहां डाटा कम है, वहां स्थितियां जटिल हो सकती हैं। स्पष्ट है कि एआई मॉडल जितने शक्तिशाली होते जा रहे हैं, उन्हें देखते हुए, मनुष्य उनके बारे में कम ही समझता है, लेकिन इसके लिए खुद को या मॉडल को दोष देना उचित नहीं है। दरअसल, अभी एआई खुद को ही पूरी तरह नहीं समझ सका है। कानेर्गी मेलॉन यूनिवर्सिटी और मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के शोधकताओं ने एआई मॉडल से पूछा, समस्याओं पर काम करने के दौरान उनके बारे में वह किस तरह सोच रहा था? लेकिन एआई मॉडल आत्मनिरीक्षण में बहुत बुरे होते हैं। शोध टीम में शामिल एमी लियू ने मुझे बताया, 'अपने काम करने की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कई बार तो वे इतने जटिल हो जाते हैं कि समझ ही नहीं आता।' लेकिन मनुष्य भी तो ऐसे ही होते हैं। अगर आपको ही एक बिल्ली की तस्वीर दिखाई जाए और पूछा जाए कि यह बिल्ली क्यों है, तो मुमकिन है कि आप कहें कि क्योंकि उसके नुकीले कान हैं या ऐसी ही कुछ और बातें। लेकिन आपके लिए यह समझाना आसान नहीं होगा कि आपने बिल्ली को कैसे पहचाना। मनुष्य का दिमाग एक रहस्य है, तो यही चीज हमें एआई के बारे में भी स्वीकारनी होगी। दोनों ही रचनात्मक हैं, लेकिन जटिल भी हैं। समझ का तकाजा यही है कि दिमाग की शक्तियों के बारे में अपने धैर्यवान रुख को एआई पर भी लागू किया जाए। इसे लेकर इतनी हड़बड़ाहट क्यों? भारत को इन चेतावनियों को गंभीरता से लेना चाहिए क्योंकि हमारी तकनीकी व्यवस्था इतनी सुदृढ़ नहीं है और साइबर फ्रॉड के कॉल विदेशों से आ रहे हैं।

गुमला के कोराम्बी गांव में वीभत्स घटना को दिया गया अंजाम

# बुजुर्ग को जलती चिता में फेंका, मौत

**पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है**

**ओझा-गुनी में हत्या का मामला आ रहा सामने**

नवीन मेल डेस्क

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले के कोराम्बी गांव में एक वीभत्स और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां बुधवार की देर शाम 60 वर्षीय बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव को मारपीट कर जलती चिता में जिंदा फेंक दिया गया। इस घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया है। साथ ही, तनाव की स्थिति बन गई है। इधर, जानकारी के अनुसार गुरुवार को झड़ी उरांव को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, करमपाल उरांव फरार बताया जाता है। मृतक के बेटे संदीप उरांव ने पुलिस को बताया है कि गुरुवार को मृत महिला मंगरी उरांव कुएं पर नहाने गई थी। वहां पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई और डूबने से उनकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन महिला के शव को घर ले आए, और शाम को उसका दाह संस्कार करने के लिए ले जाया गया। महिला की अंत्येष्टि में शामिल होने बुजुर्ग बुधेश्वर उरांव भी श्मशान घाट गया था। मृतक के बेटे संदीप उरांव का आरोप है कि इसी दौरान मृत महिला के भाई झड़ी उरांव, पुत्र करमपाल उरांव और अन्य लोगों ने उसके पिता बुधेश्वर उरांव की पिटाई की और मारपीट के बाद उसे जलती चिता में फेंक दिया। इससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। संदीप उरांव ने बताया कि जब उनके पिता घर वापस नहीं लौटे, तो उन्होंने उनकी तलाश शुरू की। कुछ **शेष पेज 11 पर**

## एक नजर

### बिना हेलमेट बाइक नहीं चलाने की अपील



**छतरपुर।** अंचल पदाधिकारी उपेन्द्र कुमार ने कहा कि अंचल, ब्लॉक, पेट्रोल पंप पर जो भी बिना हेलमेट के बाइक से आयेंगे, पकड़े जाने पर थाना को जुर्माना के लिए बाइक को भेज दिया जाएगा । हेलमेट पहने सुरक्षित चालक सुरक्षित रहता है। विदाई वर्ष और आगमन नए वर्ष को देखते हुए निर्देश जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी के जिंदगी के पीछे भरपूरा परिवार है इसलिए जिंदगी अनमोल है। इसे सुरक्षित रखें।

### इलाज कराने गया युवक लापता

**हैदरनगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बिन्दु बिगहा गांव निवासी ब्रजेश कुमार सिंह का 25 वर्षीय पुत्र उत्कर्ष कुमार सिंह के वाराणसी से वापस नहीं आने से परिजन है। ब्रजेश ने बताया कि उनका पुत्र वाराणसी इलाज कराने के लिये 26 सितंबर को ही घर से निकला है। अब तक काफी खोजबीन के बावजूद घर वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसके मोबाइल पर संपर्क करने का काफी प्रयास किया। उसका मोबाइल लगातार बंद मिलने से किसी अनहोनी की आशंका से चिंता बढ़ी है। हालांकि परिजनों ने सभी रिश्तेदारों, युवक के मित्रों से भी पता किया। पर कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने हैदरनगर थाना में गुरुवार को आवेदन देकर पुत्र के तलाश में पुलिस से मदद मांगी है।

# सख्ती के बावजूद मुख्य पथ पर दोबारा बनाया गया अवैध स्पीड ब्रेकर, हादसे का बढ़ा खतरा

## एसपी के आदेशों की खुलेआम अवहेलना



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू के पुलिस अधीक्षक रश्मि रमेशन के निर्देश पर कुछ दिनों पहले ही हैदरनगर के भाई बिगहा क्षेत्र में सड़क पर बने 12 अवैध स्पीड ब्रेकरों को हटवाया गया था। इसके बावजूद कतिपय दबंगों ने प्रशासन की सख्ती के बाद भी दोबारा अवैध स्पीड ब्रेकर बना दिया गया। उनकी हरकत पर प्रशासन के आदेशों की अनदेखी व अवहेलना किए जाने की चर्चा है। इससे आम राहगीरों, वाहन चालकों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ भी हो रहा है। भाई बिगहा में अवैध ब्रेकरों की वजह से लगातार दुर्घटनाओं की आशंका और आम लोगों को हो रही परेशानियों को देखते हुए सोशल मीडिया पर लोगों ने आवाज उठाना शुरू किया था। इसके बाद पुलिस अधीक्षक रश्मि रमेशन ने मामले को गंभीरता से लेने के बाद हैदरनगर थाना क्षेत्र से कई अवैध ब्रेकर हटाने का निर्देश दिया। एसपी के आदेश पर 12 ब्रेकर हटाये गये थे। किन्तु यह मामला ठंडा होते ही पुनः दबंगों ने दोबारा इन बेकरों को मुख्य पथ पर स्थापित कर दिया। संबंधित क्षेत्र के लोगों ने बताया कि अवैध ब्रेकरों से सड़क पर चलने वाले वाहनों को न केवल असुविधा हो रही है, बल्कि दुर्घटनाओं का भी खतरा बना हुआ है। खासकर रात के समय उक्त ब्रेकर किसी अनहोनी को दावत दे रहे हैं। ब्रेकर बनाने वालों की यह हरकत न केवल कानून व्यवस्था को चुनौती दी है, बल्कि एसपी के स्पष्ट आदेश की अवहेलना भी है। यह दशार्ता है कि कुछ दबंग किस तरह प्रशासनिक कार्रवाई के बाद भी अपनी मनमानी करने से नहीं चूकते। एएसआई आदित्य प्रसाद ने बताया कि एसपी के आदेश पर अवैध ब्रेकर हटाये गये थे। उन्होंने बताया कि भाई बिगहा में टीपू अंसारी के घर के समीप पुनः ब्रेकर बना है। उन्होंने कहा कि उच्च अधिकारियों को सूचना के बाद ब्रेकर हटाने व दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

## 13 जनवरी से प्रयागराज में होगा महाकुंभ स्नान का श्री गणेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पौष मास में सूर्यदेव के मकर राशि में आते ही तीर्थराज प्रयाग में श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो जायेगा। इस दौरान देवता, दैत्य, नर, किन्नर व मनुष्यों का समूह इस त्रिवेणी में स्नान करने आते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. कुंडल तिवारी ने इनके स्नान पर एक चौपाई का वर्णन कर कहा कि माघ मकरगत रवि जब होई ... तीरथ पतिहिं आव सब कोई ... देव दनुज किन्नर नर श्रेणी ... सादर मज्जहिं सकल त्रिवेणी ... उन्होंने कहा कि पौष मास की पूर्णिमा 13 जनवरी 2025 से महाकुंभ का श्री गणेश होगा। इसके अगले दिन 14 जनवरी 2025 मकर संक्रान्ति है। 29 जनवरी 2025 मौनी अमावस्या, 3 फरवरी को वंसत पंचमी, 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा व 26 फरवरी 2025 को महाशिवरात्रि पर महाकुंभ का समापन होगा। उन्होंने कहा कि पूरे भारत देश में सनातनी धर्मावलंबियों के जीवन में प्रत्येक 12 वर्ष पर चार प्रकार के मनाये जाने वाले कुंभ मेला में प्रयागराज व हरिद्वार में प्रत्येक छह वर्ष पर अर्द्ध कुंभ जबकि प्रत्येक 12 वर्ष पर केवल प्रशगराज में पूर्ण कुंभ का आयोजन होता है। वहीं प्रयागराज में 144 वर्ष में एकबार ही महाकुंभ स्नान करने की परंपरा बनी है। इसके अलावे उज्जैन और नासिक में कुंभ मेला का आयोजन बृहस्पति के सिंह राशि में आने के बाद ही होता है। जिसे सिंहस्त कुंभ मेला भी कहा जाता है।

केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की उम्मीद जगी

## मंत्री ने सकारात्मक पहल का दिया आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय विश्वविद्यालय की सिंचाई विभाग की खाली पड़ी जमीन पर स्थापना की मांग को गंभीरता से लेते हुए इस दिशा में सकारात्मक पहल करने के केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन के आश्वासन के बाद लोगों ने इसके पूरा होने की उम्मीद जताई है। बताते चलें कि मंत्री के आगमन पर बुधवार को जिला पार्षद अंजू देवी व युवा समाजसेवी अश्विनी कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। इस पर मंत्री ने देश के आकांक्षी जिला में शामिल पलामू के हित में उच्च शिक्षा के विकास की दृष्टिकोण से इसे उचित बताते हुए इस पर सार्थक पहल करने की बात कही है। मांग पत्र में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना की अहर्ता पूरी करने के आधार की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया है कि शैक्षणिक दृष्टिकोण से पिछड़े इस जिला के हुसैनाबाद अनुमंडल अंतर्गत मोहम्मदगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल सिचाई परियोजना की सैकड़ों एकड़ अनुपयोगी भूमि है। जिसके कुछ हिस्से पर प्रखंड कार्यालय, 30 बेड का अस्पताल भवन, थाना और विद्युत केंद्र भी हैं। जहां केंद्र सरकार के नए केंद्रीय विश्वविद्यालय खोलने की प्रस्तावित योजना के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। स्वच्छ वातावरण के लिए हरे-भरे जंगल व पहाड़ की वादियां और कलकल बहती कोयल नदी, इस पर बना बराज और इससे निकली मुख्य नहर भी हैं। यहां से पलामू और गढ़वा जिला मुख्यालय करीब 60 और 30 किमी पर अवस्थित हैं। जबकि बिहार राज्य की 60 और छतीसगढ़ की सीमा 80 किमी पर है। कुछ भाग उत्तरप्रदेश की सीमा से भी लगती है। रेल और रोड कनेक्टिविटी से जुड़ा भी हुआ है। केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले जाने की उच्च शिक्षा का सकल नामांकन अनुपात (जीआईआर) राष्ट्रीय औसत से कम की मानक को भी पूरा करता है। यहां केंद्रीय विश्वविद्यालय खोले जाने से पलामू और गढ़वा जिला के सीमावर्ती बिहार राज्य के औरंगाबाद ,रोहतास वहीं छतीसगढ़ और उत्तरप्रदेश के छात्र-छात्राओं को बेहतर उच्च शिक्षा मिल सकती है। साथ ही पिछड़े पलामू जिला के विकास के प्रगति के पथ में एक नया आयाम जुड़ जाएगा। पलामू जिला के इस अति पिछड़े क्षेत्र का इससे सर्वांगीण विकास भी होगा। जहां ऐतिहासिक और पौराणिक मान्यताओं के कई स्थल भी विद्यमान हैं। जिन शोध कार्य किया जा सकता है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री के पीए और पीएस धीरज सोनजे व अनिकान्त कुमार सिंह के अलावा सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज कुमार सिंह,भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय कुमार कुशवाहा और किसान मनोज कुमार सिंह, रूपेश कुमार सिंह, राजकुमार मेहता, राणाप्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, कामेश्वर सिंह, फुटबॉलर धीरेंद्र बैठा, पंसस ममता देवी , मुखिया कमला देवी युवा समाजसेवी रौशन कुमार, सुशील कुमार, सिद्धार्थ कुमार पूर्व उपमुखिया सहित कई लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### मारपीट मामले में दो आरोपी को भेजा जेल



**हुसैनाबाद ।** पलामू जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी पुलिस ने आपसी विवाद में हुए मारपीट के मामले में प्राथमिकी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि थाना में आपसी विवाद को लेकर प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसमें ओपी क्षेत्र के बुधवा गांव निवासी स्व. राजेश्वर पाठक के दो पुत्र प्राथमिकी अभियुक्त हैं। इसमें शम्भू पाठक उम्र 58 वर्ष और रामचंद्र पाठक उम्र 60 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### 22 से 23 फरवरी तक 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**सतबरवा।** शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रांगण में परम पूज्य गुरुदेव की सूक्ष्म उपस्थिति व शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में 20 फरवरी से शुरू होनेवाला तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने को लेकर गुरुवार को महावीर मंदिर के प्रांगण में बैठक हुई। बैठक कील अध्यक्षता अयोध्या प्रसाद ने की। मौके पर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित उपजोन समन्वयक शिवशंकर सिंह, जिला समन्यवक ने बताया कि 20 फरवरी से 23 फरवरी 2025 तक 24 कुण्डीय तीन दिवसीय गायत्री महायज्ञ को सफल बनाने हेतु बैठक की गई। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कमेटी का भी गठन किया गया। बैठक में रामजी, वीरेंद्र कुमार साहू, बिहारी प्रसाद गुप्ता, ओमकार ठाकुर, सत्यनारायण मेहता, रामजी सिंह, सुरेश सिंह समेत दर्जनों गायत्री परिवार के लोग उपस्थित थे।

### इंडिया गंठबंधन के निर्वाचित विधायकों का सम्मान समरोह शनिवार को

**छतरपुर।** शनिवार को छतरपुर देवगन मोड़ के समीप स्वागत होटल में पलामू जिला के अंतर्गत जीते इंडिया गठबंधन के विधायक के सम्मान में एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया है। इस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि छतरपुर विधायक और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव, विश्रामपुर से निर्वाचित राजद विधायक नरेश प्रसाद सिंह और क्षेत्र के सभी लोग आमंत्रित किया गया है। इंडिया गठबंधन के सभी सदस्यों से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। यह जानकारी राजद के प्रदेश महासचिव सह सोशल मीडिया प्रभारी मो. फैजुल हक ने दी।

### आकाश में बादल से कनकनी का असर हुआ कम

**मेदिनीनगर।** आसमान में छाये बादलों के कारण पिछले दो दिनों से जिले में कनकनी का असर कम होने से नागरिकों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आसमान से बादल छंटने के बाद ठंड का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने की संभावना जतायी गई है। एक सप्ताह पूर्व पलामू में तापमान में भारी गिरावट से जहां कनकनी का प्रभाव बढ़ गया था। दिन चढ़ने तक धुंध छाये होने के कारण लोगों की आवाजाही पर भी असर पड़ रहा था। किंतु पश्चिमी विछोभ की सक्रियता के कारण जिले में सुबह से ही बादलों की उमड़-घुमड़ जारी है।

## ट्रेन से कटकर हुई मौत पर मंत्री ने आश्रितों को मुआवजा दिलाने के लिए डीआरएम को निर्देश दिया



मौके पर मौजूद मुखिया प्रतिनिधि उदय कुमार सिंह, युवा समाजसेवी शुभम् कुमार सिंह, अजीत सिंह और कुंदन कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** केंद्रीय राज्यमंत्री एल मुरुगन ने भाली गांव के योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह (55) की ट्रेन से कटकर हुई मौत पर आश्रित परिवार को प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने की दिशा कारगर कदम उठाने का निर्देश डीआरएम राजेश गुप्ता को दिया है। बता दें कि मृतक के पुत्र सचिन कुमार सिंह ने बुधवार को स्टेशन के निरीक्षण के दौरान मंत्री को इससे अवगत कराते हुए आवेदन दिया था।इसमें बताया है कि उनके पिता की मौत के बाद पारिवारिक स्थिति दयनीय हो गई है। उन्हीं की मेहनत और कमाई से भरण-पोषण मिलता था। इस पर संकट खड़ा हो गया है। इस सिंह ने बताया कि मंत्री ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए मृतक के आश्रित परिवार को मुआवजा दिलाने की दिशा त्वरित कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। आवेदन में बताया गया है कि थाना क्षेत्र अंतर्गत भजनिया गांव के बैरियाडीह टोला के पास 10 दिसंबर की दम्यार्नी रात खंभा संख्या-384/4 के पास ट्रेन से कटकर योगेंद्र कुमार सिंह की मौत हो गई थी। उनका शव अहले सुबह रेलवे ट्रैक किनारे से पुलिस ने बरामद किया था। मृतक के पास से पुलिस को डालटनगंज-मोहम्मदगंज का एक रेल टिकट भी मिला है। ऐसे में प्रावधान के तहत उनके आश्रित परिवार को मुआवजा पाने का हक बनता है।

## उपायुक्त से कृषकों को नजदीक के पैक्स सेंटर से जोड़ने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** कृषकों को नजदीकी पैक्स सेंटर से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि उन्हें धान बिक्री करने में सुविधा हो। उक्त बतें विवेकानंद त्रिपाठी ने उपायुक्त पलामू को सौंपे गए ज्ञापन में कही। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पैक्स केंद्र पर धान की खरीद प्रारंभ हो गई है, लेकिन बहुत से किसानों को नजदीकी पैक्स सेंटर से नहीं जोड़ते हुए उन्हें दूर के पैक्स सेंटर में जोड़ दिया गया है। इससे किसानों को काफी असुविधा हो रही है। उन्होंने कहा कि उदाहरण के तौर पर देखा जाए तो नगर निगम क्षेत्र के लिए सदर प्रखंड के ग्राम जमुने सुविधाजनक रहता। वैसे ही सदर प्रखंड के ग्राम लहलहे के कृषकों के लिए लहलहे पैक्स सेंटर सुविधाजनक रहता, लेकिन लहलहे के किसानों को जमुने पैक्स सेंटर से और सिंगरा के कृषकों को लहलहे पैक्स सेंटर से जोड़ दिया गया है,जो किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया है और कृषकों को धान बिक्री करने में काफी परेशानी हो रही है। उन्होंने उपायुक्त पलामू से इस संबंध में उचित कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कृषकों को नजदीकी पैक्स सेंटर से जोड़ने का अनुरोध किया है। जिससे कृषकों को धान बिक्री करने में सुविधा हो।

## नगर पंचायत की समस्याओं को लेकर पूर्व पार्षदों ने विधायक से की मुलाकात, मिला आश्वासन



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** नगर पंचायत के पूर्व वार्ड पार्षदों ने गुरुवार को स्थानीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव से मुलाकात कर हुसैनाबाद सीटी की विभिन्न जनसमस्याओं को रखा। साथ ही विधायक ने प्राथमिकता के आधार पर हुसैनाबाद नगर पंचायत क्षेत्रों में विकास कार्य करने की बात कहीं है। नगर पंचायत में वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही आम जनों को राशन कार्ड समेत आधार कार्ड, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र समेत अन्य प्रमाण पत्र बनवाने में काफी परेशानी हो रही है। नगर पंचायत राजस्व वसूल रही है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर कागजी कार्रवाई केवल पूरी की जा रही है।नगर पंचायत का चुनाव नहीं होने और पार्षदों का कार्यकाल खत्म हो चुका है। अब राशन कार्ड के लिए स्थानीय डीलर से संपर्क एवं भौतिक सत्यापन कर निर्गत किया जा रहा है।नगर पंचायत में वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त हो गया है। वार्ड पार्षदों का कार्यकाल समाप्त होने के साथ ही आम जनों को राशन कार्ड, आधार कार्ड ,जाति, आवासीय सहित विभिन्न समस्याओं से लोग परेशान हैं। वहीं हुसैनाबाद सीटी में 16 वार्ड हैं। और कर्मचारियों की कमी भी हैं। वार्ड नंबर 3 के लोगों ने बताया कि रामविगहा और अनुमंडल क्षेत्रों में नालियों की साफ सफाई नियमित नहीं होती है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट खराब हो जाने से बनने में काफी वक्त लग जाते हैं। नगर पंचायत की ओर से कागजातों को बनाने की प्रक्रिया काफी धीमी गति से होती है। जिसके कारण काफी परेशानी होती है। धीमी गति के कारण कहीं दूसरा काम भी नहीं बन पाता है। लोगों ने बताया कि आम जनों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है।जिसके कारण परेशानी और अधिक बढ़ गई है। पहले आम जनों की परेशानियों को वार्ड पार्षद के पास शिकायत की जाती थी। लेकिन अब लोगों की परेशानी को सुनाने के लिए भी कोई तैयार नहीं है। डिजिटल युग में भी लोग परेशानी भुगत रहे हैं। वार्ड नंबर तीन के पूर्व वार्ड पार्षद राजेन्द्र पाल ने कहा कि जब से कार्यकाल समाप्त हुई है,तब से आमजनों की समस्या बढ़ती ही जा रही है। समस्या भी एकमुश्त देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि फिलहाल नगर पंचायत को आमजनों की प्राथमिक समस्या पर ध्यान देने की जरूरत है। बिना किसी देरी के समाधान के विषय मे ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर अखिलेश यादव, अर्जुन प्रसाद गुप्ता,उमा देवी, सुदर्शन राम, राजकुमार कश्यप, सूर्यनाथ पासवान,सुरेन्द्र सहित कई लोग मौजूद थे।

**धरोहर**

## सैलानियों की बाट जोह रहे ऐतिहासिक स्थल

# बड़ा दिन को दिखी धमक, पर्यटन विभाग की टीम ने लिया जाएजा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** ऐतिहासिक धरोहर और पर्यटक स्थल भीमचूल्हा सहित खंडहरनुमा भौंराहा पर्वतीय निरीक्षण भवन, काशीसोत डैम, सीताचुआं और कोयल-काशीसोत संगम स्थल बीत रहे और नए साल पर सैलानियों की बाट जोह रहे हैं। छिटपुट रूप में इसकी धमक बड़ा दिन (बुधवार, 25 दिसंबर) को देखने को मिली है। जैसा कि भीमचूल्हा के पुजारी और गाइड गंगा तिवारी ने बताया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री के आगमन का इस दिवस पर लोगों ने अलग ढंग से ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण का आनंद उठाया। इसी दौरान पर्यटन विभाग की टीम ने भी दौरा किया। अधिकारियों ने इस पर्यटक स्थल में विकास के और कई आयाम स्थापित करने की जानकारी शेयर करते हुए हथिया पत्थर की घेराबंदी करनेवाले की बात बताई। सैलानियों ने मंत्री के कार्यक्रम का अवलोकन करने के बाद संध्या समय में भीमचूल्हा का भी भ्रमण किया। पार्क में उग आए झाड़ियों की सफाई के बाद इसकी खूबसूरती को निहारा। कोयल नदी की जलधारा में अस्ताचलगामी सूर्य की डुबती लालिमा के अद्भुत दृश्य देख आह्लादित हुए। उन्होंने कहा कि पार्क की झाड़ियों की सफाई के बाद अब इसका पटवन किया जा रहा है। इससे इसकी रौनक लौट रही है। नल कनेक्शन देने से कभी भी इसकी रौनक फिकी नहीं पड़ेगी। यह कार्य भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा।

## केन्द्र पर बिजली उपलब्ध कराने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के बभंडी पंचायत अंतर्गत गोल्हना गांव के ग्रामीणों ने झारखंड बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक को पत्र देकर गोल्हना गांव स्थित ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर स्थापित कराकर बिजली उपलब्ध कराने की मांग की है। युवा सामाजिक कार्यकर्ता अंकू सिंह राणा, मनोज सिंह सहित अन्य लोगों ने इस पत्र में कहा है कि इस गांव की समस्त ग्रामीण जनता व विद्यालय प्रबंधन समिति विद्यालय ने भी विद्युतीकरण करना बेहद जरुरी बताया है। उन्होंने बताया है कि उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय गोल्हना सह मतदान केन्द्र संख्या 51 तक बिजली आज भी नदारद है। जबकि यहां चार वर्ष पूर्व ही विद्युत विभाग ये विद्युत कनेक्शन भी पंजीकृत कराया गया है। इसके विरुद्ध विभाग ने विद्यालय को विद्युत मीटर संख्या एसएल नं. 1447395 भी लगा दिया है। इस संबंध में सहायक विद्युत अभियंता जपला को दिनांक 27 अप्रैल व बीडीओ सह प्रखंड निवार्चन पदाधिकारी सह - अंचल अधिकारी, हैदरनगर को 1 अगस्त को भी अग्रेतर कार्रवाई के लिये ग्रामीणों ने आवेदन दिया है। बावजूद अब तक विद्युत विभाग ने न तो व्द्यिुत तार बिछाने और न ही ट्रांसफार्मर स्थापित कराया है। ऐन चुनाव के समय मुख्य पथ से एक किलोमीटर दूर विद्यालय स्तर पर लकड़ी के बांस-खंभा के सहारे बिजली की व्यवस्था करा दी जाती है। पर स्थायी व्यवस्था नहीं होने से विद्यलय परिवार सहित ग्रामीणों में रोष है।

### आठ सालों से छात्रसंघ चुनाव का इंतजार, नामांकन के समय छात्रों से 20 रुपए लिए जाते हैं

# विवि प्रशासन पर उठे सवाल, छात्र नेताओं ने चुनाव न कराने पर विरोध जताया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय की स्थापना को अब 15 साल हो चुके हैं, लेकिन आज तक केवल एक बार, दिसंबर 2016 में छात्रसंघ चुनाव आयोजित किया गया। इसके बाद से छात्रसंघ चुनाव पर पूरी तरह से ग्रहण लगा हुआ है। विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को अपनी समस्याएं रखने के लिए कोई अधिकृत छात्र प्रतिनिधि भी नहीं है। छात्रसंघ चुनाव न होने से पलामू के गरीब और दलित छात्रों पर सबसे अधिक असर पड़ रहा है।



*इस मामले में विभिन्न छात्र नेताओं ने विरोध जताया है। छात्रसंघ चुनाव से लोकतंत्र की रक्षा होगी और विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान होगा।'*

*दीक्षा कुमारी (विभाग छात्रा प्रमुख, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद)*



*इसे लोकतंत्र की हत्या बताते हुए कहा कि 'इससे छात्रों में नेतृत्व गुण उत्पन्न नहीं हो पा रहे हैं। एनएसयूआई इस मुद्दे पर आंदोलन करने की योजना बना रही है।'*

*अमरनाथ तिवारी (प्रदेश उपाध्यक्ष, एनएसयूआई)*



*शैक्षिक अराजकता चरम पर है, छात्रसंघ चुनाव न कराना लोकतांत्रिक व्यवस्था को दबाने का प्रयास है। लिंगदोह कमिटी के अनुसार चुनाव विश्वविद्यालय द्वारा कराए जाने चाहिए, अन्यथा हम आंदोलन का विकल्प विचार करेंगे।'*

*सानिया अग्रवाल (कॉलेज प्रमुख, जेएस कॉलेज, आपसू)*



*'छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से सीनेट में छात्रों के मुद्दे उठाने वाला कोई नहीं है। विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी कमेटी में छात्रों के पांच प्रतिनिधि होते हैं, लेकिन चुनाव न होने से छात्र कोई प्रतिनिधि नहीं चुन पा रहे हैं।'*

*धर्मेंद्र विश्वकर्मा (पूर्व सीनेट सदस्य)*


छात्रसंघ चुनाव का उद्देश्य छात्रों के बीच लोकतांत्रिक प्रक्रिया को बढ़ावा देना और विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी भी गलत कार्य का विरोध करने के लिए एक सक्षम प्रतिनिधि तैयार करना था। हालांकि, 2009 में पलामू प्रमंडल में विश्वविद्यालय बनने के बाद, छात्रसंघ चुनाव केवल एक बार 2016 में हुआ। आठ सालों से विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से छात्रसंघ चुनाव को लेकर कोई सूचना नहीं दी गई है, जबकि हर वर्ष नामांकन के समय छात्रों से 20 रुपये लिए जाते हैं।

विद्यार्थियों का मानना है कि छात्रसंघ चुनाव होने से उनके पास एक प्रतिनिधि होगा, जो उनकी आवाज उठाने और विश्वविद्यालय में सुधार लाने के लिए काम करेगा। उन्होंने कहा कि चुनाव न कराए जाने से विश्वविद्यालय में कई विभागों में पैसे की लूट मच चुकी है, और शैक्षिक गुणवत्ता में भी गिरावट आई है।

**विश्वविद्यालय प्रशासन का जवाब :** इस विषय पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार शैलेश मिश्रा ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। जैसे ही जानकारी प्राप्त होगी, छात्रों को सूचित किया जाएगा।

छात्रसंघ चुनाव को लेकर छात्र और छात्र संगठन प्रशासन से जवाब चाहते हैं, और यदि चुनाव जल्दी नहीं कराए गए, तो आंदोलन की संभावना जताई जा रही है।

## चियांकी में घर से पांच लाख की चोरी, एफआईआर दर्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के चियांकी स्थित जानकी नगर में चंदन कुमार (पिता सुदर्शन पासवान) के घर से लगभग पांच लाख रुपये की चोरी हो गई।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, चंदन कुमार अपने परिवार के साथ शाम 6 से 7 बजे के बीच बाजार गए थे। जब वह वापस लौटे, तो देखा कि घर का गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरे हुए थे। चोरों ने उनके घर से 20,000 रुपये नकद और पांच लाख रुपये के गहनों में सोने का हार, चैन, तीन अंगूठियां, मांग टीका, कान का झुमका, बिछिया और गले का लॉकेट चुरा लिया।

शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने मामले की जानकारी दी और बताया कि एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पानी विहीन टॉयलेट देख भड़के पर्यटक, वन-प्रबंधन को घेरा



**बेतला।** पश्चिम बंगाल के हावड़ा से सपरिवार बेतला घूमने आए पर्यटक ओबिक राय और पिंकू डे ने गुरुवार को बिना पानी के टॉयलेट को लेकर वन-प्रबंधन की कड़ी आलोचना की। खासकर महिला पर्यटकों को पानी की कमी से गंभीर परेशानी हुई। पर्यटकों ने कहा कि वन-प्रबंधन केवल शुल्क वसूलने में माहिर है, जबकि पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधाएं नदारद हैं। उन्होंने चिंता जताई कि यदि यही स्थिति रही, तो पर्यटक बेतला आने से हिचकने लगेंगे। शिकायत मिलने पर पर्यटन अधिकारी विवेक तिवारी ने तुरंत टॉयलेट में पानी की व्यवस्था कराई। इसके साथ ही उन्होंने संबंधित वनकर्मी को लापरवाही के लिए कड़ी फटकार लगाई और भविष्य में ऐसी स्थितियों से बचने के लिए व्यवस्था को सुधारने की हिदायत दी।

## वाहन के धक्के से एनआईसी मेन गेट का पीलर क्षतिग्रस्त

**बेतला।** हाल ही में एक अज्ञात वाहन ने बेतला एनआईसी मेन गेट के पीलर को धक्का मारकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया, जिससे गेट की सुंदरता प्रभावित हुई। वनपाल और कॉम्प्लेक्स प्रभारी शशांक शेखर पांडेय ने कहा कि पीलर की मरम्मत जल्द कराई जाएगी। बेतला पार्क में पर्यटक एनआईसी में रखे जानवरों के अवशेषों का उत्साह से निरीक्षण करते हैं, जो विशेष रूप से विद्यार्थियों और शोधकताओं के लिए महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं।

## एसपी ने कोने पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरुवार को लातेहार थाना क्षेत्र के कोने पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए और जवानों के कार्यों की सराहना की। एसपी ने कहा कि क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस के कंधों पर है और ग्रामीणों से शालीनता से पेश आने और उनकी समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने पिकेट के बैरेक और अन्य उपलब्ध संसाधनों का भी निरीक्षण किया।

## मोटरसाइकिल सवार ने बुजुर्ग को मारी टक्कर, दोनों गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र स्थित बेदानी के पास एक हादसे में मोटरसाइकिल सवार ने बुजुर्ग आदित्य साव (उम्र 75) को धक्का मार दिया, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद, बुजुर्ग और बाइक सवार परवेज आलम (उम्र 22) को उनके परिजनों द्वारा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां आदित्य साव की हालत नाजुक बताई जा रही है और उन्हें सिर सहित शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आई हैं, वहीं बाइक सवार परवेज आलम भी घायल हो गया। आदित्य साव के परिजनों के अनुसार, वह बाहर टहल रहे थे जब मोटरसाइकिल सवार ने तेज रफ्तार में आकर अपना संतुलन खो दिया और उन्हें धक्का मार दिया।

## एनडीपीएस मामले में एक गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**मेदिनीनगर।** एनडीपीएस मामले में अमित कुमार यादव (उम्र 23), पिता राकेश लाल यादव, सुदना निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अमित पर 2023 से एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज था और उसके खिलाफ छापेमारी चल रही थी। शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि अमित गाजा और ब्राउन शुगर से संबंधित मामलों में संलिप्त था। आज उसे गिरफ्तार कर लिया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# समदा आहर किनारे दर्जनों घरों का रास्ता बंद, नागरिकों को हो रही भारी परेशान

**▸▸ नगर निगम द्वारा सुदृढ़ीकरण के कारण आवागमन प्रभावित, मोहल्ले की महिलाएं 10 फीट रास्ते की मांग कर रही हैं**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** वार्ड संख्या 17 में स्थित समदा आहर के नजदीक सुदृढ़ीकरण कार्य के दौरान अस्थायी रास्ता टूट जाने के कारण दो दर्जन घरों का आवागमन बंद हो गया है। अब लोग किसी प्रकार पैदल ही रास्ता पार करने को मजबूर हैं। नगर निगम द्वारा इस आहर का सुंदरीकरण किया जा रहा है, जिसमें आहर के चारों ओर पाथवे का निर्माण किया जाएगा ताकि लोग आराम से घूम सकें। इसके साथ ही, पार्क जैसे रूप में इसे तैयार किया जाएगा, जहां लोग बैठ सकेंगे और टहलील कर सकेंगे। मोहल्ले के निवासी बताते हैं कि गहरीकरण शुरू होने से पहले ठेकेदार ने उन्हें आश्वस्त किया था कि रास्ता भी प्रोजेक्ट में शामिल होगा। लेकिन अचानक रास्ता बंद होने से उन्हें बाजार, ऑफिस और अन्य जरूरी कामों के लिए जाने में भारी कठिनाई हो रही है। बाद में बनाए जाने वाली बाउंड्री वॉल की वजह से कई लोगों का रास्ता पूरी तरह से बंद हो जाएगा। मोहल्ले की महिलाओं का कहना है कि प्रशासन की ओर से केवल तीन फीट चौड़ा रास्ता देने का प्रस्ताव दिया गया है, जो किसी भी तरह से उचित नहीं है।

सोनम दुबे, प्रियंका तिवारी, लीलावती देवी, पुष्पा तिवारी और प्रभावती देवी सहित अन्य महिलाओं ने नगर निगम आयुक्त से 10 फीट चौड़ा रास्ता मुहैया कराने की गुहार लगाई है।

## नगरपालिका चुनावः पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण निर्धारण पर ऑनलाइन बैठक आयोजित



*आरक्षण निर्धारण के लिए सर्वे कराने के निर्देश दिए गए*

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) शशि रंजन ने कहा कि नगर निकायों में पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण का निर्धारण किया जाना है। इसके लिए सभी संबंधित नगर निकाय पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र में प्रगणक, पर्यवेक्षक और अनुश्रवण समिति की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। गुरुवार को वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि मतदाता सूची का वार्डवार विखंडन किया जाए और इसके बाद डोर-टू-डोर सर्वे कार्य शुरू किया जाए। सर्वे प्रपत्रों की छपाई और मुद्रण की व्यवस्था करने पर भी जोर दिया गया। पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि राज्य के नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण देने से जुड़े सभी कार्य आयोग द्वारा निर्धारित समयसीमा के भीतर पूरे हों। बैठक में डीआरडीए के निदेशक, विभिन्न सीओ और सभी नगर निकायों से जुड़े कार्यपालक पदाधिकारी उपस्थित थे।

# भाकपा ने मनाई शताब्दी वर्षगांठ

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने अपनी शताब्दी वर्षगांठ गुरुवार को बाईपास रोड, बारालोटा में कामरेड सूर्यपत सिंह की अध्यक्षता में मनाई। कार्यक्रम की शुरूआत रेड़मा स्थित पार्टी कार्यालय से निकाले गए जुलूस के साथ हुई। इसके बाद, जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने पार्टी का झंडा फहराकर समारोह का उद्घाटन किया। इप्टा के कलाकारों ने क्रांतिकारी गीत प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि भाकपा की शताब्दी वर्षगांठ उन शहीद नेताओं के खून और बलिदान का परिणाम है, जिन्होंने हमेशा संघर्ष किया। आज के समय में पार्टी की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। भाकपा ने स्वतंत्रता संग्राम से लेकर किसानों, मजदूरों, शोषितों, पीड़ितों और वंचितों के अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष किया है और आगे भी करती रहेगी।

समारोह के दौरान दर्जनों लोगों ने भाकपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें जिला सचिव ने पार्टी का झंडा भेंट कर स्वागत किया।

वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय आंदोलन के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी ने अग्रणी भूमिका निभाई थी। शोषणमुक्त समाज की स्थापना के लिए संघर्ष को और तेज करना होगा और पार्टी को और मजबूत बनाना होगा।

शताब्दी समारोह में कृष्ण मुरारी दुबे, राजेंद्र बैठा, पुरनचंद साहू, भोला सिंह, अभय कुमार, उमेश सिंह, नसीम राइन, इप्टा के उपेंद्र मिश्रा, रवि शंकर, राजीव रंजन समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## छाये बादल से कनकनी का असर हुआ कम

**मेदिनीनगर।** आसमान में छाये बादलों के कारण पिछले दो दिनों से जिले में कनकनी का असर कम होने से नागरिकों को ठंड से राहत मिली है। हालांकि मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार आसमान से बादल छंटने के बाद ठंड का प्रकोप एक बार फिर बढ़ने की संभावना जतायी गई है। एक सप्ताह पूर्व पलामू में तापमान में भारी गिरावट से जहां कनकनी का प्रभाव बढ़ गया था। दिन चढ़ने तक धुंध छाये होने के कारण लोगों की आवाजाही पर भी असर पड़ रहा था। किंतु पश्चिमी विछोभ की सक्रियता के कारण जिले में मंगलवार सुबह से ही बादलों की उमड़-घुमड़ जारी है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार 28 दिसंबर को झारखंड में बरसात होने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। जानकारों का मानना है कि बरसात होने व आसमान से बादल छंटने के बाद जिले में ठंड एक बार फिर अपने रौ में आ जायेगी। बहरहाल बादलों की ओट से झांकते सूर्यदेव की गुनगुनी तपिश लोगों को काफी भा रही है। इससे क्रिसमस के अवकाश का लुत्फ उठाने के लिये पलामू के पिकनिक स्पाटों पर सैलानियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालांकि तापमान में उतार-चढ़ाव का प्रतिकूल प्रभाव नागरिकों की सेहत पर पड़ रहा है।

## ग्रामीणों को दी गई कानून की जानकारी

**हंटरगंज (चतरा)।** विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत गुरुवार को हंटरगंज प्रखंड क्षेत्र के जोरीकला पंचायत अंतर्गत बीच बाजार मुहल्ला जोरी में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डालसा सचिव के मार्गदर्शन में पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता ने घर-घर जाकर लोगों को कानून की बुनियादी जानकारी दी। विधिक सेवा प्राधिकार से मिलने वाले लाभ के बारे में बताया। इसके अलावे नशा उन्मूलन, साइबर क्राइम, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली विधिक सेवाएं, मोटर दुर्घटना, साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय, बालकों के अधिकार, बाल श्रम एवं बाहर कमाने जाने पर श्रम विभाग में निबंधन कराने के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुवे हेल्पलाइन नंबर 151000 के बारे में जानकारी दी गई। मौके पर अवध केशरी, महेन्द्र राम, रंजीत गुप्ता, सुधीर गुप्ता, दीपक कुमार, सुधीर केशरी आदि शामिल थे।

## बीडीओ व सीओ ने अलावा की व्यवस्था करायी

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** कड़ाके की ठंड के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए बीडीओ कलीन्द्र साहू व अंचलाधिकारी उदल राम ने पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय सुभाष चौक, गांधी चौक, बेलहर मंड़प चौक में अलाव की व्यवस्थ करवाया है। बीडीओ और सीओ ने बताया कि दिन प्रतिदिन ठंड का प्रभाव बढ़ते जा रहा है। बीच चौक-चौराहों पर काई लोगों मौजूद रहते हैं। इस दौरान ठंड से बचाव के लिए अलाव की काफी जरूरत बढ़ती जा रही थी। इसे देखते हुए ठंड के बढ़ते प्रभाव से बचाव के लिए अलाव का व्यवस्था कराया गया है। इस दौरान बरवाडीह मुखिया संदीप कुमार सुमन, सहायक शिक्षक देवकी दांगी, कामेश्वर दांगी, नागेश्वर दांगी, दुलारचंद दांगी आदि उपस्थित थे।

## नशे के कारोबार में होमगार्ड जवान की भूमिका संदिग्ध

**चतरा।** जिला में नशे का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। इस गोरख धंधे में वन विभाग से लेकर होमगार्ड के जवानों तक कि भूमिका संदिग्ध है। हंटरगंज थाना एनडीपीएस के तहत दर्ज मामले में ग्राम पोस्तिया, पंचायत सलैया निवासी उपेंद्र यादव पिता लक्ष्मण यादव को 13 मार्च को पुलिस ने अफीम की खेती के आरोप में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उपेंद्र ने पुलिस के समक्ष अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया है कि इस अफीम के कारोबार में उसका भाई प्रमोद यादव उसका सहयोग करता है। आपको बताते चलें कि मार्च 2024 में प्रमोद यादव हंटरगंज वन विभाग में ड्यूटी कर रहा था। स्वीकारोक्ति बयान पुलिस द्वारा कोर्ट में प्रस्तुत की गई है। ज्ञात हो कि प्रमोद यादव होमगार्ड वेलफेयर एशोसिएशन के अध्यक्ष हैं।

## वीर बाल दिवस पर भाजपा ने की बौद्धिक संगोष्ठी

**चतरा।** भाजपा ने जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोगता के अध्यक्षता में वीर बाल दिवस सह बौद्धिक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बताया गया कि यह दिन सिख धर्म के दसवें गुरु, गुरु गोबिंद सिंह जी के दो छोटे साहिबजादों, जोरावर सिंह और फतेह सिंह को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए मनाया जाता है। इन युवा साहिबजादों ने धर्म और मानवता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता ने किया। वीर बाल दिवस सह बौद्धिक संगोष्टी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद कालीचरण सिंह, जिला कार्यक्रम प्रभारी ओबीसी प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, सदर विधायक जनार्दन पासवान, सरदार सतपाल सिंह ने वीर बाल दिवस पर विस्तार पूर्वक अपनी बातों को रखा। कार्यक्रम में सरदार ज्ञान सिंह, सरदार सजन सिंह, सरदार प्रताप सिंह, सरदार बलवंत सिंह, सरदार समरजीत सिंह, सरदार सोनल सिंह, सरदार पीयूष सिंह, सरदार सिंह, सरदार संदीप सिंह, सरदार अमन सिंह, सरदार आशीष सिंह, सरदार निखिल सिंह सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति के सभी सदस्य आदि शामिल थे।

# आशी केयर हॉस्पिटल में निःशुल्क परामर्श शिविर आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी रोड स्थित आशी केयर हॉस्पिटल में गुरुवार, 26 दिसंबर को निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जायसवाल और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दानिश ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का संचालन सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया।

अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों तक निःशुल्क सेवाएं पहुंचाना है। शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ ने दांतों की देखभाल और व्यायाम के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि कम उम्र में दांतों की समस्याएं बढ़ रही हैं, जिनका सही उपचार और बचाव आवश्यक है। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दानिश ने बताया कि आंखों को संक्रमण से बचाने के लिए चश्मे का उपयोग करें और लगातार मोबाइल या कंप्यूटर पर काम करते समय ब्रेक लें। उप निदेशक अमितेश पांडेय ने कहा, 'नर सेवा ही नारायण सेवा है। हमारे अस्पताल में ऐसे शिविर नियमित रूप से आयोजित होते हैं ताकि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकें।' अस्पताल प्रशासन ने इस पहल का लाभ उठाने के लिए नागरिकों को धन्यवाद दिया।

**शिविर में दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सौरभ जायसवाल और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. दानिश ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं।**

# जिला स्तरीय रबी कार्यशाला 2024 का आयोजन, किसानों को दी गई जरूरी जानकारी

**▸▸ कृषि अधिकारियों ने रबी फसल के उत्पादन और सरकारी योजनाओं पर किसानों को किया अवगत**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र चियांकी के सभागार में गुरुवार को जिला स्तरीय रबी कार्यशाला 2024 का आयोजन किया गया। इस कर्मशाला का शुभारंभ जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा देवी, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद और जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष ने किसानों से इस कर्मशाला से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की और कृषि से जुड़े अधिकारियों से किसानों की आय दुगुनी करने के लिए निरंतर कार्य करने का आग्रह किया।

उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार कृषि को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य प्रगतिशील किसानों को कृषि के क्षेत्र में लाभ प्रदान करना है और रबी फसल के बेहतर उत्पादन के बारे में जानकारी देना है। उन्होंने सामूहिक कृषि पर जोर देते हुए किसानों के उत्पादक समूह को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य करने की बात कही।

जिला कृषि पदाधिकारी दीपक वर्मा ने रबी मौसम में बीज की बुवाई से लेकर कटाई तक की तकनीकी जानकारी किसानों से साझा की। कर्मशाला में किसानों को रबी फसलों में लगने वाले कीटों और पतंगों के नियंत्रण एवं रोकथाम के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इसके अलावा, आत्मा द्वारा संचालित कृषि योजनाओं, मिट्टी नमूना संग्रह, केसीसी ऋण माफी योजना, टपक सिंचाई और अन्य कृषि योजनाओं से भी किसानों को अवगत कराया गया।

इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी, कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक, क्षेत्रीय अनुसंधान केंद्र के वैज्ञानिक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जनसेवक, बीटीएम, एटीएम सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

## रक्तदान व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करने का निर्देश

# एक नये ब्लड बैंक का स्थापना करें : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** उपायुक्त सह भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के पदेन अध्यक्ष शेखर जमुआर की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित बैठक में रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का निर्णण लिया गया। मौके पर पूर्व में आयोजित बैठक के बिंदुओं की समीक्षा की गई। बैठक के विभिन्न बिंदुओं (एजेन्डा) पर चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य एजेंडा अगले तीन महीनों में किए जाने वाले गतिविधियों पर विचार, एंबुलेंस का परिचालन, इसके लिए एक सब कमेटी का गठन, उपायुक्त नामित भारतीय स्टेट बैंक में निष्क्रीय बचत खाता को बन्द करने काअनुमोदन किया गया। साथ ही प्रत्येक रविवार को वृद्ध व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य जांच, सदस्यों की संख्या में वृद्धि, सब डिस्ट्रिक्ट ब्रांच नगर ऊंटारी को सक्रिय करने पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला इकाई गढ़वा के बैनर तले गढ़वा जिले के विभिन्न प्रखंडो में रक्तदान शिविर व स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित कराने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों व सदस्यों को दिया। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला के अनुमंडल गढ़वा, रंका व नगर उंटारी के प्रखंडों में रक्तदान व स्वास्थ्य जांच के लिए शिविर आयोजित कराएं। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराए गए कंबल वितरण करने का निर्देश दिया गया। सब डिस्ट्रिक्ट ब्रांच नगर ऊंटारी को सक्रिय करने का निर्णय लिया गया व उपायुक्त नामित भारतीय स्टेट बैंक में निष्क्रीय बचत खाता को बन्द करते हुए नए अकाउंट में मर्ज करने की बात कही गई। बैठक के दौरान जिला में एक और नए ब्लड बैंक की स्थापना करने व मोतियाबिंद के मरीजों का ऑपरेशन करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी जिला इकाई गढ़वा के उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा भी कुछ अतिरिक्त सुझाव दिए गए, जिस पर ससमय समुचित निर्णय लेने की बात कही गई। बैठक में डॉक्टर मुरली प्रसाद गुप्ता, डॉक्टर यासीन अंसारी, हेल्थ चेयरमैन डॉक्टर पतंजलि केसरी, डॉक्टर असजद अंसारी, अलखनाथ पांडेय, दयाशंकर गुप्ता, बृजमोहन प्रसाद, नंदकुमार गुप्ता, उमेश कश्यप, रामनारायण प्रसाद एवं सुजीत अग्रवाल समेत अन्य लोग उपस्थित थें।

## अनियंत्रित बस ने ठेला में मारी टक्कर, कोई हताहत नहीं

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के शिव मंदिर के पास अनियंत्रित रॉयल बस ने तीन ठेला को में टक्कर मार दिया। इस दौरान दर्जनों लोग बाल बाल बचे। घटना के संबंध में बस के एजेंट ने बताया कि रॉयल बस के व्यक्तिऔर ड्राइवर के बीच सवारी से किराया लेने को लेकर बहस शुरू हो गया। दोनों तरफ से गली-गलौज होने लगा। उस व्यक्ति ने अपने भतीजा को फोन किया। फोन करने के बाद तीन लड़के आए इसके बाद लड़को के साथ मिल कर ड्राइवर के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान बस स्टार्ट था। ड्राइवर खुद को बचाव करने लगा जिस से गाड़ी दौड़ने लगा और अनियंत्रित हो कर सड़क किनारे खड़ा गुपचुप व मोमोज के ठेला में धक्का मारते हुए बाजार के तरफ सड़क पर दौड़ने लगा। जिससे सड़क पर चलने वाले लोगो में भगदड़ मच गया। इससे दर्जनों लोग बाल-बाल बच गए। ठेला में धक्का लगाने से ठेला संचालकों का करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है। ड्राइवर गाड़ी को सड़क पर ही खड़ा छोड़ भाग गया। मौके पर भवनाथपुर पुलिस पहुंची और बस को सड़क से हटवा कर जाम हटाया।

## न्यूज | बॉक्स

### मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण



**भवनाथपुर।** झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर व भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा के पुत्र आदेल शिवा व भांजी चांदनी कुमारी के जन्मदिन के अवसर पर कैलान ग्राम में मुसहर परिवारों के बीच कंबल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक कार्यकर्ता राजमोहन यादव के बाबा के प्रतिभोज के दौरान आयोजित किया गया।मुसहर परिवारों के साथ-साथ विधवाओं और दिव्यांगों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर कुंदन ठाकुर ने कहा कि गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करना आत्मसंतुष्टि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जन्मदिन जैसे पवित्र अवसर पर समाज सेवा का कार्य करना बेहद सुकूनदायक है और इससे मिलने वाला आशीर्वाद जीवन को सार्थक बनाता है। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, जिला परिषद सदस्य रंजनी कुमारी उर्फ रंजनी शर्मा, कैलान मुखिया सुकनी देवी, युवा जागृति सेना परिषद के पदाधिकारीगण, झारखंड राज्य अमीन संघ के प्रदेश अध्यक्ष कुंदन कुमार ठाकुर और समाज कल्याण सेवा संस्थान के केंद्रीय अध्यक्ष सर्वेश कुमार ठाकुर, मनीष कुमार गुप्ता, छोटन सिंह, सुनील यादव, बलिगड़ मुखिया मनोरंजन गुप्ता, रमेश राम, उज्जवल गुप्ता, झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड कोषाध्यक्ष अजीमुद्दीन, शमशेर अली सहित अन्य समाज सेवी मौजूद थे।

### सरस्वती विद्या मंदिर में मना वीर बाल दिवस



**श्री बंशीधर नगर।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में गुरुवार को वीर बाल दिवस मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, ओम, मां शारदा व फतेह सिंह, जोरावर सिंह के चित्र के समक्ष दीप जलाकर व पुष्पार्चन कर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविकांत पाठक व आचार्य रूपेश कुमार ने कियस। वीर बाल दिवस, सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह, माता गुजरी देवी के आंखों के तारे फतेह सिंह और जोरावर सिंह के बलिदान का आज स्मृति दिवस है। इन दोनों बालकों द्वारा मुगलों के सामने धर्म परिवर्तन के लिए अपने घुटने नहीं टेकने पर इन्हें दीवाल में चुनवा दिया गया। ये बातें प्रधानाचार्य रविकांत पाठक द्वारा वंदना सभा में भैया और बहनों एवं आचार्यों के बीच कही। रूपेश कुमार ने कहा कि प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर 2022 को यह दिन वीर बाल दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषित किया था। वे दोंनो मृत्यु को गले लगाना स्वीकार किया परन्तु धर्म परिवर्तन नहीं। इन वीर बालकों से हमें सीखने की जरूरत है। हम सभी साहसी व वीर बने। कार्यक्रम में कौशलेंद्र झा, कृष्ण कुमार पांडेय, सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, सत्येंद्र प्रजापति, अविनाश कुमार, नीरज कुमार सिंह, प्रसून कुमार, सुजीत कुमार दुबे, रूपेश कुमार, अशोक कुमार, अंकित जैन, प्रदीप कुमार गुप्ता, दिनेश कुमार, कृष्ण मुरारी, उमेश कुमार, नीति कुमारी, नेहा कुमारी द्वय, तन्वी जोशी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### 50 गरीबों को सर्वेश्वरी समूह ने कंबल बांटी



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर स्थित सर्वेश्वरी समूह आश्रम की ओर से गुरुवार को 50 गरीब असहाय, वृद्ध व दिव्यांगों को कड़ाके की ठंड से बचने के लिए कंबल प्रदान किया गया। कंबल का वितरण भवनाथपुर के पूर्व मुखिया महेंद्र प्रसाद सिंह व गिरिवर सिंह ने संयुक्त रूप से बाबा अघोरेश्वर महाप्रभु, गुरू पद संभव राम जी की तस्वीर पर मल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर महेंद्र प्रसाद सिंह ने समूह द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि सर्वेश्वरी समूह जनहित में कार्यक्रम चलाकर अपना एक अलग मुकाम हासिल किया है। आश्रम को हमेशा स्वच्छ व सज्जा धजा देखकर लोगों का मन प्रसन्न हो जाता है। यहां के लोगों को स्वच्छता की प्रेरणा सर्वेश्वरी समूह से लेनी चाहिए। शाखा के उपाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह जनहित में हमेशा कार्य करता है। समूह असहायों के बीच हमेशा से कार्य किया है। इसके अंतर्गत कुष्ठ रोगियों की सेवा, उपचार इसके अतिरिक्त समाजिक कुरितियों, छुआछुत, नशाखोरी, दहेज प्रथा, जातपात के खिलाफ कार्यक्रम आयोजित करते रहती है। सर्वेश्वरी समूह का मुख्य उदेश्य मानवता की सेवा करना है। इस मौके पर आश्रम के धीरेंद्र कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, बुचूल राम, अरुण चौधरी, बसंत राम, बीरेंद्र सिंह, पपन सिंह, देवेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विस्थापित परिवारों को नहीं मिला जमीन का मुआवजा

नवीन मेल संवाददाता

**श्री बंशीधर नगर।** जब तक मजदूरों का बकाया का भुगतान और विस्थापितों को मुआवजा नहीं मिल जाता है तब तक किसी भी कीमत पर क्रशर प्लांट को नहीं कटने देंगे। उक्त बातें झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इसे लेकर शुक्रवार को सेल ऑफिस जाकर क्रेशर प्लांट जाकर कटाई का काम रुकवा देंगे। उन्होंने कहा कि सेल प्रबंधन मजदूरों के साथ नाइंसाफी कर रहा है। हमलोग मजदूरों के साथ हैं। वह विस्थापितों के साथ जाकर धरना पर बैठेंगे। उन्होंने कहा कि सबसे पहले क्रेशर प्लांट का कटिंग कल किसी भी परिस्थिति में रोक देंगे। यहां से क्रेशर प्लांट नहीं जाएगा। यहां के मजदूरों को मजदूरी मिले और यहां पर जो विस्थापित परिवार हैं, जिनको जमीन का मुआवजा नहीं मिला है। उनका जमीन वापस हो। उन्होंने कहा कि विधायक अनंत प्रताप देव मजदूरों के साथ हैं। इसे लेकर वह मुख्यमंत्री से आज मिले हैं। सकारात्मक जवाब मिला है। इस दौरान संतोष कुमार दुबे, मनोज कुमार गुप्ता, दीपू कुमार गुप्ता, बसंत यादव, आशीष यादव, मेवा गुप्ता, बिकू कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## महात्मा गांधी ने स्वराज की प्राप्ति कार्यक्रम चलाया था : कांग्रेस

**गढ़वा।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में चुने जाने का शताब्दी वर्ष समारोह कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओबैदुल्लाह हक अंसारी की अध्यक्षता में मनाई गई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1924 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बागडोर संभालने के बाद उन्होंने देशभर में दरिद्रता से मुक्ति दिलाने, महिलाओं के अधिकारों का विस्तार, धार्मिक एवं जातीय एकता का निर्माण व आत्मनिर्भरता, छूआछूत के विरोध सहित अनेकों कार्यक्रम चलाया। उनमें विदेशी राज से मुक्ति दिलाने वाला स्वराज की प्राप्ति वाला कार्यक्रम ही प्रमुख था। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को अध्यक्ष बने पूरे सौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में शताब्दी वर्ष समारोह का आयोजन किया गया।

## वन कर्मियों से मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** थाना क्षेत्र के चपकली गांव में वन विभाग के कर्मियों से मारपीट मामले में गुरुवार को पुलिस ने दो नामजद प्राथमिक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह जानकारी थाना प्रभारी अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि चिनियां थाना में दर्ज प्राथमिक अभियुक्त चपकली गांव निवासी प्रमोद सिंह पिता स्वर्गीय रामनाथ सिंह व छोटेलाल कोरवा पिता हरि कोरवा को उसके घर से पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायालय के आदेश से जेल भेज दिया गया है। अन्य सभी प्राथमिक अभियुक्त को पकड़ने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। बताते चले कि चपकली गांव में पिछले दिनों 20 दिसंबर की रात्रि हाथी द्वारा एक अंधेड़ को कुचलकर मार डाला था। उसके दूसरे दिन 21 दिसंबर की सुबह घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग के टीम व चिनियां पुलिस घटना का मुवायना करने और मृतक का शव लेने गांव पहुंची थी। इस बीच आक्रोशित ग्रामीणों ने वन विभाग के कर्मियों के साथ मारपीट करने से पांच वनरक्षी घायल हो गए थे। वन क्षेत्र पदाधिकारी गोपाल चंद्रा ने चिनियां थाना में आवेदन देकर 12 नामजद व 20 अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। मौके पर थाना प्रभारी अमित कुमार, एएसआई राधेश्याम, कृष्णा साह सहित पुलिस के जवान शामिल थे।

## ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण का काम बंद कराया

नवीन मेल संवाददाता





**मेराल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क सुद्दढ़ीकरण योजना के तहत गढ़वा चिनियां मुख्य पथ(पेशका ऑफिस) से बगेसर स्कूल तक पथ निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध करते हुए सड़क निर्माण कार्य में पुलिया के निर्माण कार्य को चार दिनों से बंद करा दिया है। संबंधित विभाग के कार्यपालक अभियंता, जेई अभी तक कार्य के प्रति सुध नहीं लिए हैं। पेंदली गांव के ग्रामीणों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्र पेनदली के पास बन रहे नाला पर पुलिया निर्माण कार्य में डायवर्सन नहीं होने से 4 माह से लोग काफी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा चार माह पूर्व पुलिया कार्य निर्माण के लिए मेन रोड में गड्ढा खोदा गया था, जिससे आवागमन बाधित है। वैकल्पिक डायवर्सन अभी तक नहीं बनाया गया है, जिसके चलते स्कूल जाने वाले छात्र और अस्पताल जाने वाली गर्भवती महिलाओं को 5 किलोमीटर घूम कर जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया निर्माण कार्य में बगैर आरसीसी या पीसीसी ढ़लाई किए पुलिया का निर्माण कार्य कर रहे हैं। पुलिया निर्माण कार्य में लगाए जाने वाले घटिया सीमेंट, मिट्टी युक्त बालू ,घटिया किस्म का बोल्डर लगाया जा रहा है। इसके चलते पुलिया टिकाउ नहीं होगा। जेई से शिकायत करने पर कार्य में कोई सुधार नहीं हुआ, तब आक्रोशित होकर चार दिनों से निर्माण कार्य को बंद कर दिए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पीसीसी पथ का भी संवेदक के द्वारा निर्माण कार्य किया गया है, वह भी पूरी तरह घटिया सामग्री का भेंट चढ़ गया है। खराब सड़क बनाने के कारण ढ़लाई किया गया पीसीसी पथ से सीमेंट डस्ट के रूप में उड़ रहा है, जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियां हो रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय मजदूरों को रोजगार न देकर बाहरी मजदूरों को लाकर घटिया कार्य कराया जा रहा है, जबकि स्थानीय मजदूरों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में स्थानीय मजदूर होते तो यह घटिया कार्य नहीं करते। इसलिए बाहरी मजदूरों को लगाया जा रहा है। इस संबंध में संवेदक से ग्रामीणों ने मजदूरी करने के लिए बोलने पर, संवेदक द्वारा स्थानीय मजदूरों को 3 महीने बाद मजदूरी देने की बात कही गई। घटिया सड़क निर्माण कार्य के विरोध करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि जगजीवन राम, जन्म पाल, रविंद्र रवि, संतोष चंद्रवंशी, सफीक अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, श्यामसुंदर पाल, संदीप पाल, असलम अंसारी, रामप्रवेश रवि, छोटन रवि, सत्येंद्र पाल, प्रमोद चंद्रवंशी, उमेश चंद्रवंशी, खखनू पाल सहित काफी संख्या में लोग विरोध जाता रहे थे। इस संबंध में कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार से पूछे जाने पर बताया कि पुलिया किस जगह बन रही है, मुझे इसकी जानकारी नहीं है।

## सड़क बिना बदहाल है गांव



नवीन मेल संवाददाता





**रमना।** प्रखंड मुख्यालय के अंतिम सीमा पर स्थित ग्राम आजादी के 78 वर्ष और पंचायती राज के 14 वर्ष बाद भी सड़क विहीन है। किसी भी गांव समाज के विकास के लिए सड़क आवश्यक है। जिस गांव में अच्छी सड़क नहीं हो, उसका विकास केवल कागजों पर ही हो सकता है। गांव के विकास की रीढ़ है सड़क। बुल्का पंचायत अंतर्गत कारीबथान ग्राम को आज भी इस प्रखंड के कम ही लोग जानते हैं, क्योंकि इस गांव में जाने के लिए सुगम रास्ता आज भी नहीं हैं। गर्मी, ठंड में तो लोग किसी प्रकार आना जाना कर लेते हैं, लेकिन सबसे मुश्किल इनको बरसात में होता है। जंगल और प्रखंड के दक्षिण दिशा में अंतिम क्षेत्र होने के कारण जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों के उपेक्षा का शिकार हैं। सड़क की दयनीय स्थिति के बारे में ग्रामीणों से पूछने पर बतया कि नेता, मुखिया केवल वोट के समय ही दिखते हैं। इसके बाद तो दीया लेकर खोजने के बाद भी कोई नहीं दिखता। ग्रामीण रामचंद्र तुरिया ने बताया कि जर्जर सड़क की स्थित के कारण बीमारी के समय बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

## विस्थापित संघर्ष समिति का चौथे दिन भी सेल के एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना जारी

**भवनाथपुर।** प्रखंड में कड़ाके की ठंड के बाद भी भवनाथपुर विस्थापित संघर्ष समिति के बैनर तले मजदूरों व रैयतों के साथ पूर्व में किए गए वादों पूरा होने तक ऑक्शन रद्द करते हुए प्लांट कटिंग पर तत्काल रोक लगाने संबंधी अपनी आठ सूत्री मांगों को लेकर विस्थापित संघर्ष समिति चौथे दिन भी सेल के एडीएम कार्यालय के पास अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जारी है। इस दौरान धरना स्थल पर बीती रात समाज सेवी दीपक प्रताप देव नें धरना स्थल पर पहुंचकर धरना दे रहे विस्थापित लोगों से बातचीत की। कहा कि सभी मांगे जायज है। किसी भी कीमत पर सेल द्वारा किए जा रहे कटिंग का सामान बाहर नहीं जाएगा। इसके लिए जो भी करना पड़ेगा करेंगे। वह आपके साथ शुक्रवार से धरना पर बैठेंगे। विस्थापि संघर्ष समिति के संरक्षण सुशील चौबे ने कहा कि हम अपनी मांगों को लेकर इस कड़ाके की ठंड में धरनस पर बैठे हैं, लेकिन यहां के बीडीओ और सीओ धरना स्थल पर कभी आए ही नहीं। सेल प्रबंधन झूठा मुकदमा में धरना दे रहे विस्थापितों को फंसाने का प्रयास भी किया जा रहा है, लेकिन डरने वाले नहीं है। अबकी बार सेल प्रबंधन से इस बार की लड़ाई आर पार की होगी। मौके पर विस्थापि संघर्ष समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र साह,दीपक जायसवाल, राम प्रताप यादव,धर्मेंद्र कुमार साह,मुना, वीरेंद्र राम, मोहन साह, संतोष दुबे, ददूली साह,अरुण राम, देव कुमार साह, प्रवेश साव, राज बाली बियार,लखन वियार, योगेंद्र राम,जितेंद्र पाठक,भरत साह शनिचरा अगरिया, रामपति देवी, बुधनी देवी, चिंता देवी, फुलवा देवी, प्रमिला देवीसहित कई लोग उपस्थित थे।

## हाथियों ने घर को ध्वस्त किया अनाज का बनाया निवाला

नवीन मेल संवाददाता



**भंडरिया।** वन क्षेत्र के परो गांव में बीती रात्रि हाथी ने घरों को ध्वस्त कर घर में रखा अनाज को अपना निवाला बना लिया। घर में सो रहे लोगों ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। बुधवार की रात्रि विनोद सिंह, घनश्याम सिंह, संजय सिंह के घर को हाथी ने ध्वस्त कर दिया। विनोद सिंह के घर को ध्वस्त कर घर में रखा 16 बोरी धान को हाथियों ने अपना निवाला बनाया। आए दिन हाथी द्वारा भंडरिया वन क्षेत्र के किसी न किसी गांव में लोगों का फसल बर्बाद करना घर ध्वस्त करे हैं। हाथियों का समूह जंगल में लकड़ी लेने जाने वाले लोग, चरवाहा को भी नहीं छोड़ रहे हैं। हाथियों के इस हमला से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। लोगों द्वारा हाथियों को उनके गंतव्य स्थान पर भेजने का वन विभाग से मांग कर रहे हैं।

## प्रतियोगिता

### गढ़वा में चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# नक्सलवाद छोड़ने और खेलों से जुड़ने की अपील

नवीन मेल संवाददाता



गढ़वा। सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन फुटबॉल स्टेडियम में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन उपायुक्त शेखर जमुवार और पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और फुटबॉल को किक मारकर किया। इस अवसर पर सभी टीमों ने मार्च पास्ट किया और राष्ट्रगान के साथ अनुशासनपूर्वक खेल भावना से खेलने की प्रतिबद्धता जताई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडे ने युवाओं से नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा से जुड़ने और खेलों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने खेलों की शारीरिक दक्षता में भूमिका और पुलिस भर्ती के लिए इसके महत्व पर भी प्रकाश डाला। साथ ही, सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता अभियान चलाने की अपील की। उपायुक्त शेखर जमुवार ने इस आयोजन के लिए गढ़वा पुलिस टीम को बधाई दी। टूर्नामेंट में कुल 25 टीमें भाग ले रही हैं, और यह नॉकआउट आधार पर जिला फुटबॉल एसोसिएशन के 10 रेफरी और 4 अधिकारियों की देखरेख में आयोजित हो रहा है। उद्घाटन मैच में बरडीहा थाना और रमकंडा थाना की टीमों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें रमकंडा थाना की टीम ने 2-1 से जीत दर्ज की। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, परीक्ष्यमान पुलिस उपाधीक्षक चिरंजीव मंडल, पुलिस केंद्र प्रभारी संदीप कुमार, थाना प्रभारी बृज कुमार, और अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## शहीद दिवस मनाया गया



**श्री बंशीधर नगर।** भाजपा जिला महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता के आवास पर गुरुवार को गुरु गोविंद सिंह व माता गुरुजी देवी के आंखों के तारे फतेह सिंह और जोरावर सिंह की पुण्यतिथि मनाया गया। भाजपा नेताओं ने फतेह सिंह व जोरावर सिंह के तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित किया। मौके पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, आशीष कुमार, राजू कुमार, राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जर्जर सड़क के कारण यहां पहुंचना काफी मुश्किल, सफर बोझिल

# सुरकई फॉल से गिर रहा पानी, खूबसूरती के साथ पर्यटकों की उमड़ रही भीड़



**नवीन मेल संवाददाता**

**महुआडांड़।** जंगल, पहाड़ और नदियों से आच्छादित महुआडांड़ को प्रकृति ने तमाम प्रकृति के उपहारों से नवाजा है। प्रखंड के ओरसापाठ पंचायत अंतर्गत जलप्रपात सुरकई फॉल की खूबसूरती देखते ही बन रही है, तो जलप्रपात को घेरे हरियाली समेटे पहाड़ भी खूबसूरती में चार चांद लगा रही हैं। जंगलों में हो रही बारिश से फॉल का जलस्तर बढ़ गया है। पानी का बहाव तेज हो गया है। इसकी सुंदरता देखने स्थानीय पर्यटक पहुंच रहे हैं। सुरकई फॉल सरकारी उपेक्षा के कारण विकसित होने से वंचित है। ओरसापाठ वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत संघन जंगलों के बीच जलप्रपात चारों ओर जंगल से घिरा हुआ है। सुर्कई घाघरी जलप्रपात एक ही धारा में गिरने वाले जल प्रपातों में अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसकी धारा अनुमानतः 250-300 फीट की उच्चाई से गिर कर एक छोटे जलाशय का निर्माण करती हुई आगे नदी के रूप में बहती हुई बुढ़ा नदी में मिल जाती है। उच्चाई व सौंदर्य के दृष्टिकोण से लोध जलप्रपात के पश्चात इस निर्झर का क्षेत्र में संभवतः दूसरा स्थान हैसाल, आसन, अर्जुन, करम, करंज, सिरिस जैसे काष्ठिये तथा अन्य फलदार वृक्षों, जंगली पुष्पों व औषधीय वनस्पतियों के द्वरा इस जलप्रपात के चारो ओर एक सुरम्य मिश्रित वन का निर्माण होता है। जहां बंदर, जंगली सूअर, भालू, भेड़िया, नेवला, हाथी जैसे पशु तथा मोर, महुकल आदि विभिन्न प्रकार की ज्ञाताज्ञात प्रजातियों के पक्षियों के कलरव एक दुर्लभ जैव-विविधता पूर्ण पारिस्थितिक तंत्र का दृश्य प्रस्तुत करते हैं। दूर से ही झरने की आवाज सुनाई देने लगती है, जो गंतव्य तक जाने के रोमांच व उत्साह को बढ़ाने वाली होती है। अपनी खूबसूरती से पर्यटकों को आकर्षित करता है। जर्जर सड़क मिजाज किरकिरा कर दे रही है। पर्यटकों ने कहा कि यह टूरिस्ट प्लेस है, लेकिन यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है। सैलानियों का कहना है खूबसूरत टूरिस्ट प्लेस है। जर्जर सड़क के कारण यहां पहुंचना काफी मुश्किल हो रहा है। सफर बोझिल हो जा रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत करायी जाए, ताकि यहां आकर लोग नए साल का जश्न मना सकें।

## पशु मेला का डाक 80,500 रुपए में हुआ



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के बलबल में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाला 10 दिवसीय पशु मेला का डाक गुरुवार को किया गया। मेला का डाक प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित किया गया था। अध्यक्षता प्रमुख अनीता यादव ने की। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने बताया कि मेला की सरकारी डाक 77769 रुपया निर्धारित था। दीपेंद्र पांडेय ने 80500 रुपए की बोली लगाकर मेला का डाक अपने नाम कर लिया। मेला के डाक में सिकंदर रवानी व अर्जुन यादव ने भाग लिया। मेला के डाक के मौके पर अंचल अधिकारी अनंत शयनम विश्वकर्मा, सिमरिया के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोक्ता, जिप सदस्य अनीता देवी, दुवारी पंचायत के समाज सेवी बालेशर याद,नागेश्वर शर्मा,सुरेश प्रसाद यादव,शशि कुमार साव के अलावा अन्य उपस्थित थे।

## ग्लिटर त्रिवेणी में धूमधाम से वार्षिकोत्सव मना

**चंदवा।** शहर के ग्लिटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव बुधवार को धूमधाम से मनाया गया। लातेहार विधायक प्रकाश राम व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रकाश राम ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि बच्चे ईश्वर के रूप होते हैं। इन्हें हम जिस दिशा में ले जाना चाहे वह उस दिशा में जाएंगे। शिक्षक के सही मार्गदर्शन से बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं। विद्यालय के अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने कहा कि बच्चे जो देखेंगे वही सीखेंगे। हमें बच्चों के समक्ष सम्मानित भाषा का प्रयोग करना चाहिए। बच्चों को खेल मैदान भेजने का प्रयास करना चाहिए, जिससे वह मोबाइल से दूरी बना लेंगे। विद्यालय की निदेशिक कादंबरी सिंह ने बच्चों की सर्वांगीण विकास को लेकर विद्यालय की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा की बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेल और कला के क्षेत्र में भी आगे बढ़े, जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन सदैव तत्पर है। यहां बच्चों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षण प्रदान की जाती है। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रभु श्री राम आए हैं का नृत्य तथा माता-पिता की सेवा का नाट्य प्रस्तुति किया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता, पूर्व रणजी खिलाड़ी अजातशत्रु, प्रेम शंकर भगत, सौरभ श्रीवास्तव समेत काफी संख्या में अभिभावक व बच्चे मौजूद थे।

## मनरेगा के तहत दीदी बाड़ी योजनाओं में हड़ताल के दौरान करोड़ों रुपए की सरकारी राशि का फर्जी भुगतान

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** गारू प्रखंड के बारेसाढ़, मायापुर पंचायत में मनरेगा योजना के तहत दर्जनों दीदी बाड़ी योजना में मनरेगा कर्मियों के हड़ताल के दौरान लाखों रुपए की सरकारी राशि की बंदरबांट कर लिया गया है। इस मामले में उपायुक्त से उपविकास आयुक्त से पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। प्रखंड के बारेसांढ में हड़ताल की अवधि में 18 जुलाई से आठ अक्टूबर 2024 तक प्रखंड में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने मनरेगा के सारे नियमों को ताक पर रखकर योजनाओं का क्रियान्वयन का कार्य किया। कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने मुखिया व मनरेगा कर्मी के हड़ताल के दौरान स्वयं योजनाओं की स्वीकृत के अलावा जियो टैगिंग, मस्टररोल जरनेट एवं पैसे का भुगतान किया। योजनाओं की स्वीकृत एवं भुगतान पंचायत सचिव,जियो टैगिंग रोजगार सेवक द्वारा की जाती हैं। मगर कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने नियम विरुद्ध योजनाओं की स्वीकृत कर स्वयं जियो टैगिंग व मस्टर रोल जरनेट कर लाखों रुपए बिचौलिए से मिलकर भुगतान कर दी। गौरतलब हो कि मुखिया के हड़ताल के दौरान मुखिया एवं पंचायत सचिव का डोंगल कंप्यूटर ऑपरेटर सह बीपीओ ने अपने पास जमा करा रखा था। उन्होंने मुखिया का हस्ताक्षर लगाकर मनरेगा के दीदी बाड़ी योजनाओं समेत अन्य योजनाओं में लाखों रुपए का नियम विरुद्ध भुगतान किया। प्रखंड के बारेसाढ़ पंचायत के डेडगांव में दीदी बाड़ी योजना संख्या 5727/2024 लहसनिया देवी का,बारेसाढ़ के संगीता देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 1278, अनुराधा देवी के दीदी बाड़ी योजना संख्या 1283, जहेदा बीबी का योजना संख्या 3512, फातमा खातून का दीदी बाड़ी योजना संख्या 3517, सकीना बीबी के दीदी बाड़ी योजना संख्या 5966,रीना देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6798,मालती देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6819, मूर्ति देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6822, किस्मरिया देवी का दीदी बाड़ी योजना संख्या 6868,समेत छः पंचायतों के दर्जनों योजनाओं में करीब एक करोड़ से अधिक की सरकारी राशि का भुगतान कर बंदरबांट कर लिया गया। इस मामले में कई प्रश्न खड़े हो रहे हैं। इनमें हड़ताल के समय योजनाओं की स्वीकृति किसने दी। हड़ताल के समय योजनाओं का प्राक्कलन किसने तैयार किया। हड़ताल के दौरान योजनाओं का जियो टैगिंग कंप्यूटर ऑपरेटर ने स्वयं की। हड़ताल के समय दीदी बाड़ी योजनाओं का अभिलेख एवं मापी पुस्तिका गायब है। इस संबंध में बारेसाढ़ के पंचायत सेवक राजेंद्र उरांव ने कहा कि दीदी दादी योजनाओं में पैसे की फर्जीवाड़ा कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा की गई है। इसकी लिखित जानकारी लातेहार उपायुक्त,उप विकास आयुक्त, बीडीओ को दी गई है। इस संबंध में बीडीओ अभय कुमार ने बताया कि इस तरह की अनियमितता की जानकारी मिली है, जांच कर दोषियों पर करवाई की जायेगी।

## बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादात को भुलाया नहीं जा सकता : मनोज सिंह

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के नेतृत्व में वीर बाल दिवस मनाया गया। दोनों वीर शहीदों के याद में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने कहा कि बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह की शहादात को भुलाया नहीं जा सकता। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के दोनों वीर पुत्रों के आदित्य बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि मुगल सेनापति दोनों साहिब जादो को धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा परन्तु वे तैयार नहीं हुए। दोनों नारा लगाने लगे जो बोले सो निहाल,सत श्री अकाल। इस नारा के गुस्से में दोनों वीरों को दीवार में जिंदा चुनवा दिया। इस शहादत के याद में 26 दिसंबर को मनाया जाता है। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के चार बेटे अजीत सिंह, जुझार सिंह, जोरावर सिंह, फतेह सिंह चारों बेटे ने सर्वोच्च बलिदान दिया, लेकिन 26 दिसंबर वह दिन है, जब 9 और 6 साल के जोरावर सिंह और फतेह सिंह ने अद्भुत साहस और अटूट विश्वास का परिचय देते हुए अपने प्राणों की आहूति दी। आज उनके बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता है। जिस प्रकार मुगलों द्वारा उन्हें बंदी बनाकर धर्म बदलने के लिए बहुत दबाव डाला गया। इसके बावजूद वह अपने धर्म पर डटे रहे और मुगलों के जुल्म के आगे झुकने से इनकार कर दिया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे, जिला महामंत्री अमलेश सिंह, बंसी यादव, कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र यादव, शीला देवी, छोटू राजा, रेणु देवी, आशा देवी, विष्णु गुप्ता, अनिल सिंह, आनंद सिंह, प्रमोद प्रसाद, राजू रंजन पांडेय, मनोज प्रसाद, विवेक चंद्रवंशी, अवधेश चंद्रवंशी, अर्पणा सिंह, बबन मांझी, अश्विनी सिंह, राजू दास समेत अन्य उपस्थित थे।

## जबरन जमीन कब्जा के आरोप को बताया बेबुनियाद

**बालूमाथ।** बालूमाथ निवासी जमुना प्रसाद साहू द्वारा जबरन जमीन पर कब्जा करने के लगाए गए आरोप को झामुमो के जिला संयुक्त सचिव मो. इमरान ने बेबुनियाद व तथ्यहीन बताया है। जारी बयान में झामुमो नेता ने कहा कि पुराना खाता नंबर 18 प्लॉट नंबर 195 रकबा 50 डिसमिल में चौहद्दी निर्माण का कार्य अपनी जमीन पर की जा रही है। 6 दिसंबर को अनुमंडल दंडाधिकारी के न्यायालय द्वारा मेरे पक्ष में दिए गए निर्णय के बाद घेराबंदी का कार्य कराया जा रहा है। अंचल अधिकारी द्वारा अनुमंडल दंडाधिकारी को समर्पित रिर्पोट में मेरे दावे को सत्यापित किया गया है। उन्होंने कहा कि उक्त निबंधित केवाला संख्या 1961 दिनांक 2.12.1991 मेरे पिता मो. इसलाम द्वारा जमीन के वास्तविक मालिक कौलेश्वर राम से खरीदी गई है।

## मकरा में सोलर जलमीनार का पाइप फटने से 20 घरों में पानी के लिए बढ़ी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**



**बारियातू।** प्रखण्ड के शिबला पंचायत अंतर्गत ग्राम मकरा में जल जीवन मिशन के तहत लगाए गए सोलर जलमीनार पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा हुआ है। जिससे बीस घरो में पानी के लिए समस्या बढ़ी गई है। ग्रामीण अनिल सिंह, चंचल सिंह, अरविन्द ठाकुर, चन्दन कुमार, मुनेश्वर राम, नरेश यादव, कैलाश भुइयाँ, रजन सिंह सहित दर्जनों ग्रामीणों ने बताया कि सोलर जलमिनार पिछले पंद्रह दिनों से खराब होने के कारण पेयजल के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। हमलोग सभी यहां से पानी ले जाते थे। लेकिन जलमीनार खराब होने से परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने संवेदक पर आक्रोशित होकर कहा कि उक्त सोलर जलमिनार के पाइप लाइन जमीन के अंदर से फट गया है जिससे पानी जमीन के अंदर से सिपेज करता रहता है। अच्छी पाइप इसमें नहीं डालने के कारण ऐसा हमेशा होते रहता है। हमलोग यह जलमिनार से एक माह भी अच्छा से पानी का प्रयोग नहीं कर पाते हैं। यहां लगभग 20 घरों में उक्त जलमीनार के पानी पर ही लोग निर्भर रहते हैं। जलमीनार खराब होने से काफी समस्या का सामाना करना पड़ता है। वहीं ग्रामीणों ने विभाग से सोलर जलमीनार को दुरुस्त करने की मांग की है।

## गुरू गोविंद सिंह के दोनों पुत्रों का शहीदी दिवस मनाया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** सरस्वती विद्या मंदिर में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम वीर जोरावर सिंह और फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि किया गया। उपस्थित भैया-बहनों के समक्ष गुरु गोविंद सिंह के दोनों वीर सपूतों के बलिदान की जानकारी दी गई। विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह के दोनों सपूतों ने दीवार में चुनवाना उचित समझा परंतु अपने धर्म को बदलना स्वीकार नहीं किया। कार्यक्रम में भैया-बहनों द्वारा देश भक्ति गीत और भाषण दिया गया। विद्यालय के आचार्य कपिल प्रमाणिक ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह के नौकर ने ही उनके दोनों छोटे बेटों की मुखबिरी कर दी थी और सरहिंद के गवर्नर वजीर खां ने उनको मारने का आदेश दिया। वजीर खां ने गुरु के दोनों छोटे बेटों को इस्लाम धर्म कबूल करने के बाद जान बख्शने की बात कही थी, लेकिन 6 और 8 साल के इन मासूमों ने ऐसा करने से मना कर दिया। इसके बाद वजीर खां ने उनको जिंदा दीवार में चुनवाने का आदेश दिया। जोरावर सिंह और फतेह सिंह की शहादत की खबर सुनने के बाद गुरु की मां का सदमे से निधन हो गया। विद्यालय के आचार्य रेनू गुप्ता ने बहुत ही सुंदर एवं सारगर्भित गीत प्रस्तुत किया। कक्षा नवम की छात्रा रुपाली ने फतेह सिंह व जोरावर सिंह की जीवनी को प्रस्तुत किया। मंच का संचालन कक्षा दशम की छात्रा प्रज्ञा व प्रतिभा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में रजनी नाग, रितेश रंजन गुप्ता, आलोक पांडेय, आकाश सेन, दीपक दास, सलमान, फूलचंद सिंह, राधेश्याम मिश्र, ओंकार नाथ सहाय,रुबी, उपासना, खुशबू,शील्पा, गीता कुमारी, पूनम, नीलम, लालबहादुर राम, शशि कांत पांडेय, गोपाल प्रसाद, राकेश शर्मा, रविन्द्र पांडेय, रविकांत पाठक, दीपक शर्मा, ममता त्रिपाठी, धर्म प्रकाश प्रसाद अन्य उपस्थित थे।

### एक ऐसा पुल जिसे बनाने में छड़ सीमेंट के बदले लकड़ी का किया गया प्रयोग

## सरकारी सिस्टम से टूटी आस तो, ग्रामीणों ने श्रमदान से बनाया लकड़ी का पुल

**वन विभाग के हस्तक्षेप के कारण उक्त स्थल पर नहीं बन सका पुल : मुखिया**

**नवीन मेल संवाददाता**



**कुन्दा (चतरा)।** स्वतंत्र भारत में एक गांव ऐसा है जहां आज भी प्रखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए ग्रामीणों को काठ के पुल का सहारा लेना पड़ता है। प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत योगियारा पंचायत के नीच बरहे गांव की कहानी सुनकर आश्चर्य जरूर होगी। यहां आज भारत डिजिटल दुनिया में प्रवेश कर दुनिया को मात दे रहा हैं, लेकिन एक गांव ऐसा है, जहां आज भी बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। नीच बरहे गांव के लोग जिंदगी दावं पर लगाकर काठ के पुल से आवागमन करने को विवश है। अधिकारियों ने इस गंभीर समस्या को निस्तारण करने की पहल आज तक नहीं की। इससे ग्रामीणों को परेशानी यथावत है। ग्रामीण बताते हैं कि विषम परिस्थिति में गांव तक वाहन नहीं पहुंच पाता है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। योगियारा पंचायत मुखिया आशीष भारती ने इस विषय पर पहल करते हुए उक्त स्थल पर पुल बनाने की सोच रखी थी, लेकिन वन विभाग के हस्तक्षेप के बाद उन्होंने उक्त स्थल पर पुल का निर्माण नहीं करवा सके। ग्रामीण गणेश महतो, सुरेश महतो,वीरू महतो, मुकेश, गंझू, महेंद्र गंझू, समेत कई अन्य ग्रामीणों ने एक बार पुनः उक्त स्थल पर पुल बनाने का मांग प्रखंड प्रशासन व जिला प्रशासन से किया है।

## न्यूज बॉक्स

### सतनदिया में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त, बाल-बाल बचे पर्यटक

**गारू (लातेहार)।** गारू-मेदिनीनगर मार्ग पर छिपादोहर थाना क्षेत्र के सतनदिया में टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस घटना में 8 पर्यटक बाल-बाल बच गए। जानकारी के अनुसार चतरा जिला के कुंदा से टाटा मैजिक में सवार होकर 8 लोग नेतरहाट भ्रमण करने जा रहे थे। इस दौरान छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत पहली सतनदिया में वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से दूर खाई की ओर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें सभी यात्री बाल-बाल बच गए। कुछ लोगों को हल्की चोट आई है।

### गेट टू गेदर का आयोजन

**गिद्धौर (चतरा)।** प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय के मैट्रिक बैच के पूर्ववर्ती विद्यार्थियों ने प्रखंड मुख्यालय के बड़की नदी के बगल में मिलन समारोह सह गेट टू गेदर मनाया। मिलन समारोह के बाद वन भोज का भी आनंद उठाया। मौके पर संतोष कुमार निराला, मनोज कुमार वर्मा, प्रदीप कुमार मौर्या,उमेश कुमार, पवन कुमार, अजय कुमार, सुबोध कुमार, पंकज कुमार, जीतू कुमार, उपेंद्र कुमार, गौतम कुमार,कैलाश कुमार सहित दर्जनों विद्यार्थि शामिल थे।

### एसपी ने कोने पुलिस पिकेट का किया निरीक्षण

**लातेहार।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने गुरूवार को सदर थाना लातेहार थाना क्षेत्र के कोने पुलिस पिकेट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने पुलिस जवानों की हौसला अफजाई करते हुए उनके कार्यों की तारीफ की। कहा कि क्षेत्र के आम आवाम की सुरक्षा की जिम्मेवारी आपके कंधों पर है। उन्होंने किसी भी समस्या या शिकायत लेकर पिकेट में आने वाले ग्रामीणों के साथ शालीनता से पेश आने एवं उनकी समस्याओं का भरसक समाधान करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने पिकेट के बैरेक समेंत अन्य उपलब्ध संसाधनों का निरीक्षण किया।

### विधायक ने किया तीन सड़कों का शिलान्यास

**मनिका।** कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह ने लातेहार प्रखंड के परसही में 3 करोड़ 10 लाख रुपए की लागत से 3 सड़कों का शिलान्यास नारियल फोड़कर और पूजा अर्चना कर किया। मौके पर विधायक ने कहा कि विकास के लिए सड़क का अच्छा होना आवश्यक है। ऐसे में यह इसी इलाके में सड़कों का निर्माण किया जा रही है सड़क गुणवत्तापूर्ण बने यह जरूरी है। लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि पंकज तिवारी ,महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसही मुखिया अनीता देवी ,बेंदी मुखिया रामदयाल उरांव, विधायक प्रतिनिधि हरिशंकर यादव, युवा कांग्रेस के लातेहार विधानसभा अध्यक्ष सदाकत हुसैन उर्फ टिंकू बाबू, यादव महासभा के नगर अध्यक्ष प्रदीप यादव,महेन्द्र प्रसाद, ज्योति प्रकाश दुबे,पूर्व जिला परिषद सदस्य रामदेव सिंह,हसमद अंसारी, वाजीद अंसारी ,पिंटू दुबे ,संजय कुमार आदी मौजूद रहे।

### कांग्रेस जिला कार्यालय का विधायक ने किया उद्घाटन

**लातेहार।** सदर प्रखंड के डूड़गी में जिला कांग्रेस कार्यालय का उद्घाटन मनिका विधायक रामचंद्र सिंह व पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। महात्मा गांधी के अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें काफी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष गुंजर उरांव ने की। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मका गांधी ने कांग्रेस पार्टी मे किए गए कार्य आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है उनके बताए गए मार्गो पर चलने की। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद प्रसाद सिंह, कार्यकारी जिलाध्यक्ष गूंजर उरांव समेत अन्य वक्ताओं ने भी संबंधित किया। मौके पर पंकज सिंह, हरिशंकर यादव, युवा जिलाध्यक्ष अमित यादव समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे।

### भाजपा ने बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को श्रद्धांजलि दी

**महुआडांड।** भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय जायसवाल के नेतृत्व में वीर शहीद जोरावर सिंह व फेतेह सिंह के याद में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह दिन सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह दोनों वीर पुत्रों जोरवर सिंह व बाबा फेतेह सिंह के बलिदान और साहस के प्रति सम्मान जताने के लिए मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि मुगल सेनापति दोनों साहिबों को धर्म परिवर्तन करने के लिए कहा परन्तु वे नहीं तैयार हुए और नारा लगाने लगे जो बोले सो निहाल,सत श्री अकाल। इस नारा के गुस्से में दोनों वीरों को दीवार में जिंदा चस्पां कर दिया गया। इस शहादत के याद में 26 दिसंबर को शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। कार्यक्रम में जिला कार्यसमिति सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी भुवनेश्वर सिंह, सदस्यता अभियान के प्रभारी आंनद किशोर नाथ शाह, जिला कार्यसमिति दिलीप गुप्ता,उपाध्यक्ष मोहन यादव, महामंत्री सुनील जायसवाल, प्रशांत सिंह, संजय राय, कैलाश प्रसाद, अशोक प्रसाद, विनोद सिंह, अनिल सिंहा, संजय शोनी, लछमन जायसवाल, हीरा जायसवाल सहित भाजपा उपस्थित थे।

### दो पिकअप वाहन से सात चक्के की चोरी

**सिमरिया (चतरा)।** बीते रात सिमरिया और पत्थलगडा थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो गांव में दो पिकअप वाहन से सात चक्को की चोरी कर ली। इस बाबत पीड़ित वाहन मालिक द्वारा संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के अनुसार सिमरिया थाना क्षेत्र के इचाक खुर्द निवासी उमेश कुमार सिंह की पिकअप वाहन घर के पास खड़ी थी। इस दौरान चोरों ने सीसी कैमरे से बचकर पिकअप वाहन के चारों चक्के खोलकर ले गए। पीड़ित वाहन मालिक ने बताया की 2 दिन पूर्व सब्जी ढोने के लिए वाहन में नए टायर लगाए गए थे। इसके अलावे चोरों ने पत्थलगड़ा थाना के नावाडीह में धरम साउण्ड के पिकअप वाहन से तीन चक्के खोल लिए। इस घटना से वाहन मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। चोरों के आतंक से वाहन मालिक काफी परेशान हैं। एक सप्ताह पूर्वी चोरों ने दोनों गांव के एक दर्जन वाहन से बैटरी की भी चोरी कर ली थी।

### फसल बीमा कराने का निर्देश

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर में बिरसा प्रधानमंत्री बीमा योजना व लैंपस द्वारा धान अधिप्राप्ति से संबंधित बैठक बीसीओ सुमन कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बीटीएम प्रमानंद, लैंपस के अध्यक्ष व सचिव सामिल थे। बैठक मे सभी लैंपस व कृषक मित्रों को राज्य सरकार से अधिसूचित रबी फसलों के लिए बीमा करवाने के लिए किसानों से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। रबी फसल के तहत क्रमशः गेंहू,राई,सरसो,चना, आलू का फसल बीमा किया जाना है। किसानों से बीमा प्रीमियम के लिए मात्र एक रुपये लेना है। सभी लैंपस प्रतिनिधियों को इसके लिए प्रर्याप्त मात्रा में फसल बीमा का फॉर्म उपलब्ध करा दिया गया है। किसान अपने-अपने क्षेत्र के लैंपस प्रतिनिधि व कृषक मित्रों से संपर्क कर अपना फसल बीमा करवा सकते हैं। साथ ही सभी लैंपस प्रतिनिधियों व कृषक मित्रों को धान अधिप्राप्ति के लिए निबंधन के लिए निर्देश दिया गया। सभी लैंपस प्रतिनिधियों व कृषक मित्रों को इसके लिए प्रर्याप्त मात्रा में निबंधन के लिए आवेदन पत्र उपलब्ध कराया गया। सभी कृषकों से संपर्क स्थापित कर जल्द से जल्द निबंधन करवाने का निर्देश दिया गया। मौके पर लैंपस सचिव राकेश कुमार, राजेश्वर उरांव, लुधेश्वर गंझू, कृषक मित्र मंटू उरांव,जगदिश उरांव, राजेश प्रसाद, रुप लाल साव, चिंतामनी गंझू ,बालदेव यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

### लोहरदगा में थमने का नाम नहीं ले रहा रफ्तार का कहर

# सड़क हादसे में कुल तीन लोगों की हुई मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** लोहरदगा में रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। पिछले दो दिनों में कुल 07 लोगो की सड़क हादसे में मौत हो गई है। दो दिन पहले सड़क हादसे में बीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य समेत चार लोगों की मौत हो गई थी वही बुधवार की रात हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगो की मौत हो गई। वही सेन्हा में दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जिले के कैरो थाना क्षेत्र के नगजुआ ख्वास अम्बवा में ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो किशोर की मौत हो गई. मृतकों की पहचान कैरो थाना क्षेत्र के नगजुआ पतराटोली गांव निवासी प्रसाद उरांव के पुत्र विकास उरांव और ख्वास अम्बवा गांव निवासी बिरसू कच्छप के पुत्र राहुल कच्छप के रूप में हुई है. दोनों अपनी बाइक से नगजुआ से ख्वास अम्बवा जा रहे थे. तभी



रास्ते में तेज रफ्तार से आ रहे बालू लदे ट्रैक्टर ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही दोनों की मौत हो गई। जबकि ट्रैक्टर चालक अपने वाहन को लेकर फरार हो गया। घटना की सूचना कैरो पुलिस को दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है। वही लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ में हुई दुर्घटना में अरु गांव निवासी बंदे उरांव के पुत्र अक्षय उरांव की मौत हो गई. वहीं, विक्की गंभीर रूप से घायल हो गया। विक्की को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस अवर निरीक्षक नीरज कुमार झा का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है। तीनों शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## लोहरदगा के सुधांशु कुमार करेंगे झारखंड का प्रतिनिधित्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शांति नगर किस्को मोड, लोहरदगा के रहने वाले चंद्रभूषण प्रसाद के सुपुत्र सुधांशु कुमार को गणतंत्र दिवस 2025 पर झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना गया है। वे नई दिल्ली में आयोजित होने वाले आरडी (रिपब्लिक डे) कैंप में हिस्सा लेंगे। सुधांशु वाई. बी. एन. यूनिवर्सिटी के छात्र है और उनकी मेहनत और लगन ने यूनिवर्सिटी और झारखंड दोनों का नाम रौशन किया है। सुधांशु कुमार ने अपने चयन पर खुशी व्यक्त की और कहा कि यह उनके लिए एक सपना सच होने जैसा है। वे पहले एन. एस. एस. के द्वारा आयोजित कैंप में विश्वविद्यालय स्तर पर चयनित हुए, उसके बाद उन्होंने राज्य स्तर पर अपना चयन सुनिश्चित किया।

## शहीदों का बलिदान वीरता की पहचान है : सचिन कुमार



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदग्गा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा बाल्मीकि नगर में बच्चों के बीच वीर बाल दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष सचिन कुमार साहू ने की और उन्होंने कहा कि साहिबजादों के बलिदान की याद में देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9 जनवरी 2022 को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा था कि हर साल 26 दिसंबर को 'वीर बाल दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में वक्त के रूप में आए चंदन गोयल ने कहा कि सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह के चारों साहिबजादों की याद में वीर बाल दिवस मनाया जाता है। उनके चार बेटे थे। जिसमें से दो छोटे बेटे बाबा जोरावर सिंह, बाबा फतेह सिंह ने इस्लाम धर्म को कबूल नहीं किया था। ऐसे में मुगल शासको ने उन्हें सरहिंद किले की दीवार पर जिंदा चुनवा दिया था।उनके त्याग, बलिदान और देश प्रेम के अनूठे बलिदान स्वरूप की शहादत को याद दिलाने के लिए वीर बाल दिवस मनाया जाता है।

## वीर बालकों से हमें देशप्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिए : सुनील कुमार

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्रीति कुमारी गुप्ता ने कहा कि साहिबजादा फतेह सिंह और साहिबजादा जोरावर सिंह, देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना बलिदान दिए। लेकिन इन्होंने मुगलों के समक्ष घुटने नहीं टेकें। मुगलों ने इन्हें जिंदा दीवार में चुनवा दिया। इतिहास में सबसे कम उम्र के वीर बलिदानियों में इनका नाम दर्ज हो गया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुनील कुमार सिंह ने कहा कि हमें वीर बालको से देश प्रेम की प्रेरणा लेनी चाहिऐ कार्यक्रम में रेणु कुमारी, रश्मि साहू, नीतू कुमारी, ऋद्धि मिश्रा, कविता कुमारी, आरती भगत सहित शिक्षक शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं शामिल थे।

### वीर बाल बलिदान दिवस मनाया गया

## वीर बालकों के बलिदान से हमें धर्म रक्षा की प्रेरणा लेनी चाहिए : सुरेश चंद्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में आज वीर बाल बलिदानी दिवस मनाया गया। वीर बलिदानी दिवस के रूप में आज का दिन महत्वपूर्ण है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस गौरवपूर्ण दिवस को प्रतिवर्ष मनाने का निर्णय लिया गया। मुख्य वक्ता के रूप में प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडेय ने कहा हमें देश धर्म की रक्षा के लिए बलिदान देना चाहिए जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी गुरु गोविंद सिंह के दोनों बालक फतेह सिंह एवं जोरावर सिंह का बलिदान आज ही के दिन हुआ था। हमें इनके जीवन से देश धर्म की रक्षा का प्रण लेना है। मातृभूमि की रक्षा के लिए हमें सदैव अपने प्राण न्योछावर करने को



तैयार रहना चाहिए। बालक हकीकत राय अजीत सिंह ,जुझार सिंह के जीवन से भी प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। माता ,मातृभूमि एवं राष्ट्र धर्म की रक्षा तन, मन ,धन से करनी चाहिए यह गुरु पुत्र स्वयं बलिदान हुए लेकिन औरंगजेब के समक्ष घुटने नहीं टेके। कार्यक्रम में महेंद्र कुमार मिश्रा , गणेश साहू एवं अशोक कुमार सिंह ने भी अपने बहुमूल्य राष्ट्रभक्ति के भाव को व्यक्त किये।

### 109 छात्र–छात्राओं का किया गया नेत्र जांच

**सेन्हा–लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र के उगरा अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोराम्बे गोराटोली में अध्ययनरत 109 छात्र छात्राओं का आंख जांच सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र चिकित्सक डॉ. शशिकांत कुमार द्वारा किया गया। वही आंख जांच के क्रम में आंख से पानी गिरना,कम दिखाई देना,आंख में खुजली होना,आंख लाल होना,पढ़ाई के दौरान आंख में दर्द होना सहित आंख से सम्बंधित विभिन्न तरह के बीमारियों का जांच कर दवा दिया गया। साथ ही डॉक्टर ने विद्यार्थियों को निर्देश देते हुए कहा कि आंख को साफ पानी से सुबह शाम दो बार धोये और गुलाब जल डालें तथा आंख का रोशनी को तेज करने के लिये हरा साग सब्जी,दूध, फल,अंडा का सेवन करें।

## वीर बालको के शौर्य और बलिदान को याद करके गौरव महसूस करते है : विकास भारती

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में वीर बाल दिवस मनाया गया। 26 दिसंबर 1705 को बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह की शहादत हुई थी। कार्यक्रम का प्रारंभ अंतिम सिख गुरु गोविंद सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। आचार्य विकास भारती ने सिखों के दसवीं गुरु गोविंद सिंह जी के चार वीर पुत्रों के बलिदान और साहस के बारे में बताया । वीर बाल दिवस गुरु जी के पुत्रों के बलिदान को समर्पित है। इतिहास और भारतीय संस्कृति में एक अत्यंत महत्वपूर्ण तिथि है ?। धर्म और मानवता की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण निछावर



किया। अपनी छोटी उम्र में धर्म और सिद्धांतों की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। जोरावर सिंह की उम्र 9 वर्ष और फतेह सिंह की उम्र 7 वर्ष की थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने कहा कि वीर बालक के बलिदान की कहानी हमें प्रेरणा देती हैं और हमेशा देंगे। हम इनके त्याग और धैर्य को नमन करते हैं जो हर नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है। वीर बाल दिवस 26 दिसंबर को मनाया जाए। यह निर्णय भारत सरकार द्वारा लिया गया। जिसका लक्ष्य देश की युवाओं ,बच्चों और उनके योगदान और कार्यों के लिए सम्मानित करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी आचार्य, दीदी जी एवं कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## कंबल वितरण के लिये पंचायत सचिव को निर्गत किया गया कंबल

**नवीन मेल संवाददाता**

**सेन्हा–लोहरदगा।** पंचायत स्तर पर कंबल वितरण के लिये सभी पंचायत सचिव को प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू के निर्देश पर प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी के द्वारा कंबल निर्गत किया गया। प्रखंड क्षेत्र के सभी 11 पंचायतों में जरूरत मंद परिवार के वृद्ध वृद्धाओं के बीच झारखण्ड सरकार के निर्देशानुसार ठंढ के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए प्रखंड प्रशासन की ओर से पंचायत स्तर पर वृद्ध महिला पुरुषों के बीच कम्बल वितरण करने के लिये सभी पंचायत सेवकों को कंबल वितरण के लिये कंबल निर्गत किया गया। वही प्रखंड प्रभारी कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत ने कहा



कि ठंड को देखते हुए सरकार की ओर से कंबल प्राप्त हुआ है. जिसको जरूरत मंदों के बीच वितरण करने के लिये पंचायत सचिवों के निर्गत किया गया। साथ ही जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक पंचायत को 145 - 145 कम्बल दिया गया है। वही पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहा कि दो दिन के अंदर जरूरतमंद वृद्ध महिला पुरुषों के बीच जन प्रतिनिधि के उपस्थिति में कम्बल वितरण कर प्रखंड कार्यालय में सूची जमा करने का निर्देश दिया गया।

## कैरो में भाजपा ने वीर बाल दिवस मनाया



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड भारतीय जनता पार्टी प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो की अध्यक्षता में गुरुगोविंद सिंह के दो वीर सुपुत्र बाबा जोरावर सिंह, एवं बाबा फतेह सिंह को सम्मान देने के लिए केंद्र के निदेर्शानुसार बीर-बाल दिवस मनाया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो ने कहा कि,आज ही के दिन 26 दिसंबर 1704 ई0 को सिक्खों के अंतिम गुरु गुरुगोविंद सिंह के दो पुत्र जोरावर सिंह एव फतेह सिंह को औरंगजेब के शासकों ने घेर कर पकड़ लिया और मानवता को शर्मसार करते हुये दोनो बीरों को जिन्दा ईंटो से दीवार में चुनवा दिया,उन्हे मौत दे दी। कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धर्म और मानवता के नाम पर प्राण न्योछावर करने वाले वीर सपूतों के लिये आज के दिन को वीर बाल दिवस मनाने की घोषणा की और उसी के निमित आज पार्टी के निर्देश पर वीर-बाल दिवस पुरे देश में मनाई जा रही है। वीर मर कर भी हमेशा अमर रह्ते हैं। मौके पर विशेश्वर प्रसाद दीन, कैलाश महतो, सुखन उरांव, सुखदेव उरांव इत्यादि भाजपा कार्यकताओं बीरों को श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हे नमन किया।

## शांति आश्रम में भारतीय जनता पार्टी ने मनाया वीर बाल दिवस





**लोहरदगा।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 09 जनवरी 2022 को घोषणा किया था कि 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाएगा। वीर बाल दिवस खालसा के चार साहिबजादों के बलिदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है. अंतिम सिख गुरु गोबिंद सिंह के छोटे बच्चों ने अपने आस्था की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे. यह उनकी कहानियों को याद करने का भी दिन और यह जानने का भी दिन है कि कैसे उनकी निर्मम हत्या की गई- खासकर जोरावर और फतेह सिंह की. सरसा नदी के तट पर एक लड़ाई के दौरान दोनों साहिबजादे को मुगल सेना ने बंदी बना लिया था. इस्लाम धर्म कबूल नहीं करने पर उन्हें क्रमशः 8 और 5 साल की उम्र में कथित तौर पर जिंदा दफन कर दिया गया था। आज शांति आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में 60 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, मुख्य वक्ता जितेंद्र सिंह , ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, संजय अग्रवाल, अजय पंकज, सजल कुमार, सचिन कुमार, गुप्तेश्वर गुप्ता, निधिकांत प्रसाद, अमरेश भारती, सत्यम अग्रवाल, दिलीप सिंह समेत अन्य मौजूद थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं० 822114 Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-06/2024–25
(द्वितीय आमंत्रण)
दिनांक–26.12.2024

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 28-12.2024 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 03.01.2025 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 03-01.2025 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :–नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा, डंडा, रंका, रमकंडा एवं चिनियाँ | GAR/RM-01 | 150 Nos. | 1,45,909.00 | 3000.00 | 500.00 | 03 Months |
| 2 | मेराल, डंडई, कांडी, बरडीहा, मझिआँव, भंडरिया एवं बड़गड़ | GAR/RM-02 | 200 Nos | 1,94,545.00 | 4000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
PR.NO.342908 Drinking Water and Sanitation(24-25):D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार**

अति अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण–सूचना
D.M.F.T मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 03.01.2025 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 04.01.2025 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 04.01.2025 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| क्र0 | ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि | निविदा संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 01 | 10 | प्रखण्ड लातेहार पंचायत सासंग ग्राम पतरातु में देवा उरांव के घर से लक्षमण उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 1096700 | 22000 | 2500 | 02 माह | NIT 13/2024-25 (5th call) |
| 02 | 02 | प्रखण्ड महुआडांड पंचायत अक्सी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय गोयरा का चाहरदिवारी निर्माण। | 1582100 | 32000 | 5000 | 03 माह | NIT 34/2024-25 (2nd call |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **जिला अभिंयता, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं भारतीय स्टेट बैंक, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. परिमाण विपत्र का मूल्य निविदा निर्गत की तिथि के बाद का निर्गत मान्य होगा एवं संबंधित संवेदक/फर्म के नाम से Bank Draft/DD निर्गत होना अनिवार्य होगा।
10- अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक का B.G जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
11. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक भाग ले सकेंगे।
12. क्र0 01 पर अंकित योजना में प्रखण्ड लातेहार एवं मनिका के संवेदक भाग ले सकेंगे।
13. क्र0 02 पर अंकित योजना में प्रखण्ड महुआडांड, गारू, सरयू, एवं बरवाडीह के संवेदक भाग ले सकेंगे।
14. वैसे संवेदक जिनके पास पूर्व से D.M.F.T अन्तर्गत ली गयी योजना लंबित है उन्हे B.O.Q निर्गत नहीं किया जाएगा।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार
PR 342946 Rural Development(24-25)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 19/2024–25 (द्वितीय आमंत्रण)

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :–कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 03.01.2025 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 04.01.2025 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 04.01.2025 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।
7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | Construction of Boundary Wall of Krishi Bhawan at Latehar. | 24,73,325/- | 50,000/ - | 5,000/ - | 03 (Three ) Months |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या **www.jharkhand.gov.in** पर देखें ।
कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
PR 342916 (Building)24-25*D



**कार्यालय : जिला अभियंता, लातेहार**

अति अल्पकालीन ई-निविदा आंमत्रण सूचना
ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 33/2024-25 (2nd Call)

1. कार्य का नाम :–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत मुरपा ग्राम जिपुआ (दरहा) में पुलिया निर्माण। | 69,50,986 | 1,39,500 | 10,000 | 06 माह | 01/2024-25 /ZP/LATEHAR |
| 2 | प्रखण्ड बालूमाथ पंचायत भगेया ग्राम सिरम में बाडी डेरा में पीच रोड से बाडी डेरा गांव तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 60,92,400 | 1,22,000 | 10,000 | 06 माह | 02/2024-25 /ZP/LATEHAR |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 03.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 09.01.2025, 5.00 बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.01.2025 अपराहन 01:00 बजे।
5. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
7. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
8. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– जिला अभियंता, लातेहार।
9. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या– 6205276661
10. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
11. संवेदक को Ucan Certificate संलग्न करना अनिवार्य नहीं है।
12. प्राप्त पत्र के आलोक में उक्त निविदा में लातेहार जिला में निबंधित संवेदक ही भाग ले सकेंगे।
13. उक्त निविदा में RWD/ जिला परिषद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
14. विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार
PR 342944 Rural Development (24-25)_D



**कार्यालयः–जिला शिक्षा अधीक्षक, गढ़वा**
**पुराना समाहरणालय परिसर, विकास भवन–बी0, प्रथम तल्ला**
**Email ID – dsegarhwa@gmail.com**

आवश्यक सूचना

प्रारंभिक विद्यालय शिक्षक प्रोन्नति नियमावली–1993 एवं निदेशक, (प्रा0शि0), स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के पत्रांक–1802 दिनांक–30.09.2024 के आलोक में गढ़वा जिले के प्रारंभिक विद्यालयो मे कार्यरत शिक्षकों को प्रोन्नति देने हेतु औपबंधिक मास्टर वरीयता सूची–2023 (दिनांक–31.12.2023 की स्थिति में), औपबंधिक वरीयता सूची संख्या–01 एवं औपबंधिक वरीयता सूची संख्या–2 का निर्माण कर संबंधित शिक्षकों के अवलोक नार्थ हेतु जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.inपर अपलोड किया जा रहा है। संबंधित शिक्षक वरीयता सूची के सभी कॉलम का अवलोक न करेंगे अगर कॉलम में की गई प्रविष्टि त्रुटिपूर्ण है तो संबंधित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी के माध्यम से नीचे दिये गये दावा/आपत्ति प्रपत्र मे दर्ज कर अपना शैक्षणिक योग्यता में"स्नातक का अंक पत्र" के साथ दिनांक–15.01.2025 तक अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में अपना दावा/आपत्ति जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निकासी व्ययन पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अपने प्रखण्डाधीन सभी शिक्षकों का दर्ज प्रविष्टि का अवलोकन करते हुए त्रुटि पूर्ण प्रविष्टि हर हाल में सुधार हेतु दावा/आपत्ति संकलित कर एवं मिलान कर निर्धारित तिथि तक जमा करेंगे और ये भी प्रमाण पत्र देंगे की अपने क्षेत्रा धीन कोई भी शिक्षक का नाम नहीं छूटा है। निर्धारित समय तकदावा/आपत्ति नहीं देने की स्थिति में संबंधित शिक्षक स्वयं जिम्मेदा रहोंगे।

प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी –सह– प्रखण्ड समन्वयक को निदेश दिया जाता है कि संबंधित शिक्षकों का आपत्ति/अवलोक नार्थ हेतु अपने–अपने प्रखण्ड संसाधन केन्द्र में वरीयता सूची का प्रिंट कर सूचना बोर्ड पर चश्पा कर प्रकाशित करेंगे।

दावा/आपत्ति निम्न प्रपत्र में प्रस्तुत करेंगे।
औपबंधिक वरीयता सूची–2023/वरीयता सूची संख्या–1/वरीयता सूची संख्या–2

| आपत्तिकर्ताका नाम | पदस्थापित विद्यालय कानाम एवंप्रखण्ड | प्रकाषित सूची में क्रम संख्या | जिला कॉलम में त्रुटि है उसकी संख्या | त्रुटि का विवरण | सुधार का विवरण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

ह0/–जिला शिक्षा अधीक्षक,गढ़वा
PR 342906 (Human Resource Developement)24-25*D

## न्यूज बॉक्स

### खेत में सिंचाई के दौरान करंट लगने में अधेड़ की मौत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा में खेतों में सिचाई करने के दौरान करेंट लगने से घटना स्थल पर ही एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक का पहचान मुर्की निवासी स्वर्गीय अघिन उराँव का 53 वर्षीय पुत्र गंगा उराँव के रूप में किया गया है। परिजनों के द्वारा बताया गया कि 25 दिसंबर 2024 बुधवार को शाम में करीब 4:30 बजे गंगा उराँव मुर्की टडिया डांड स्थित नदी के समीप मटर खेत की सिंचाई करने गया हुआ था। जो देर शाम तक घर नही आया तो मां के कहने पर पुत्र शंकर उराँव मटर खेत गया। जहां पिता को मुंह के बल खेत में गिरा हुआ पाया । वही सिंचाई किया हुआ खेत में कुछ दूरी पर नंगा बिजली तार गिरा देख पिता का मौत होने का दावा करते हुए घटना की सूचना परिजन व ग्रामीणों को दिया। घटना की सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर गुरुवार को एस आई पंकज कुमार यादव दलबल के साथ मुर्की ग्राम पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल लोहरदगा भेज दी। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के बताये अनुसार गंगा उराँव की मौत बिजली करेंट लगने से हुआ है।

### मनोकामना सिद्धि बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में लगेगा 14 को मेला



**कैरो/लोहरदगा।** प्रखंड के खरता-हनहट दक्षिणी कोयल नदी तट स्थित मनोकामना सिद्धि बाबा भोलेनाथ मंदिर प्रांगण में आगामी 14 जनवरी को प्रत्येक वर्ष की तरह मकर संक्रांति के अवसर पर मेला का आयोजन को लेकर बैठक किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी मकर संक्रांति के अवसर पर 14 जनवरी को सुबह में पूजा अर्चना के बाद प्रसाद वितरण व दोपहर 12 बजे से झारखंड के मशहूर कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। मेला में पंचायत से राज्य स्तर के कई जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

### पौस मेला पर नागपुरी संस्कृति कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के टागरसिकवार में पौस मेला में समिति के द्वारा रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एसाई उपेंद्र पाठक एवं गाँव के पहान बद्री पंचायत के मुखिया फिरंगी उराव एंवम समिति से सोमनाथ लोहरा गणेश चौरसिया रिंकू चौरसिया राजेश ठाकुर समिति के पदाधिकारी गण ने सामूहिक रूप से फिता काट कर संस्कृति कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। वही कार्यक्रम में रांची से आए कलाकारों के द्वारा एक से एक नागपुरी हिंदी भोजपुरी पेश किया। वहीं दर्शकों ने भी संस्कृति कार्यक्रम का लुप्त उठाया खासकर महिला बुजुर्ग युवा वर्ग के लोगो ने हिंदी नागपुरी एवं भोजपुरी भक्ति गाने में जमकर झूमते नजर आए इधर कार्यक्रम में सुरक्षा को लेकर घाघरा पुलिस अलर्ट मूड में दिखी किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न हो जिसको लेकर जगह जगह पुलिस के जवान तैनात किए गए थे रिंकू चौरसिया गणेश चौरसिया अरुण चौरसिया सोमनाथ लोहरा दीपक चौरसिया मिथिलेश ठाकुर एवम काफी संख्या में सदस्य मौजूद थे।

### कुहासा बढ़ने से बाइक दुर्घटनाग्रस्त दो युवक घायल




**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगो नाला के समीप आज सुबह घने कुहासे के कारण एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। किरतो टोली निवासी 17 वर्षीय अशोक भगत और 16 वर्षीय अनिल लकड़ा एक ही बाइक पर किरतो टोल से कासिर अपने काम पर जा रहे थे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।दुर्घटना में अशोक के माथे और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं, जबकि अनिल को माथे और कान में गंभीर चोटें आईं। स्थानीय लोगों और राहगीरों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चैनपुर में भर्ती कराया, जहां उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। चिकित्सकों ने उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उन्हें गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया है।इस हादसे ने क्षेत्र में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता को एक बार फिर से उजागर किया है।

### आठ वर्षीय लड़की को बंदूक की छर्रे से चोट, जांच में जुटी पुलिस



**चैनपुर।** कुरूमगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम सकरा पहाड़ टोली में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां 8 वर्षीय अनुष्का, पिता स्व. विशु उरांव, को उसके घर में भरे हुए बंधुआ बंदूक के फायर से गंभीर चोटें आई हैं। घटना के समय लगभग सुबह 11:00 बजे हुई, जब अनुष्का को बंदूक के छर्रे से पेट में चोट लगी।परिजनों ने इस गंभीर घटना की जानकारी पुलिस को नहीं दी और घायल बच्ची को तत्काल गुमला के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के फ्रक्टर अस्पताल में रेफर किया है।पुलिस ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने अनुष्का के घर से भरी हुई बंधुआ बंदूक बरामद कर ली है। पुलिस ने जख्मी बच्ची और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर लिए हैं और मामले की जांच जारी है।पुलिस ने इस घटना को लेकर लोगों से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय पर मदद मिल सके। इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है और पुलिस ने पूरी स्थिति पर नजर बनाए रखी है।

### भरनो में रक्तदान शिविर का आयोजन, 11 यूनिट रक्त संग्रह



**गुमला।** उपायुक्त गुमला के निदेर्शानुसार भरनो प्रखंड कार्यालय सभागार में गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरनो के तत्वावधान में सदर अस्पताल ब्लड बैंक, गुमला द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में चिकित्सा प्रभारी डॉ. जाहिद अख्तर, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अमरेश नारायण सिन्हा, जेई ब्रजेश उरांव, जेएसएलपीएस के बीपीएम, पंसस सहित अन्य ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में कुल 11 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

## बिरसा मुंडा एग्रो पार्क की दुर्दशा पर भड़के उपायुक्त

# 15 जनवरी तक सुधार कार्य पूरा करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के प्रसिद्ध बिरसा मुंडा एग्रो पार्क, जिसे कभी टाटा के जुबली पार्क की तर्ज पर विकसित किया गया था, अब अव्यवस्था और लापरवाही का शिकार है। गुरुवार को गुमला के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने पार्क का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जर्जर संरचना, गंदगी और अव्यवस्थित जल निकासी व्यवस्था को देखकर उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की।

उपायुक्त ने तत्काल संबंधित अधिकारियों और संचालकों को सख्त निर्देश दिया कि पार्क की व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा की बिरसा मुंडा एग्रो पार्क जिले की धरोहर है, इसकी उपेक्षा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने डीडीसी के नेतृत्व में एक समिति के गठन का आदेश दिया, जो पार्क की समस्याओं को चिन्हित कर समाधान करेगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि 15 जनवरी तक सभी सुधार कार्य पूरे हो जाने चाहिए। साथ ही, पार्क में जिले के शहीदों के स्मारक निर्माण की प्रक्रिया शुरू करने के लिए डीएसओ गुमला को निर्देशित किया गया। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने कहा कि बिरसा मुंडा एग्रो पार्क पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण था, लेकिन संवेदकों को सौंपे जाने के बाद इसकी स्थिति लगातार बिगड़ रही है। अब इसे फिर से आकर्षक और स्वच्छ बनाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।



**उपायुक्त के निदेर्श:-**

- **सफाई अभियान** – पूरे पार्क में सफाई का विशेष अभियान चलाया जाए।
- **सौंदर्यीकरण** – दीवारों का रंग-रोगन किया जाए और टूटे सामानों की मरम्मत की जाए।
- **जल निकासी व्यवस्था** – तालाब और उसके आसपास के गंदे पानी की सफाई सुनिश्चित की जाए।
- **मछलीघर का पुनर्निर्माण**– जर्जर मछलीघर को पुनर्निर्मित कर चालू किया जाए।

### बंद घर से दिनदहाड़े 10 हजार नकद और जेवरात की हुई चोरी

**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के चंदाली गांव में सोमवार को दिनदहाड़े बंद घर में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है। चोरों ने घर का ताला तोड़कर10,000 नकद और करीब 1.5 लाख के जेवरात चुरा लिए। गुरुवार को पीड़ित महिला सूरज मुनी उरांव ने गुमला थाना में शिकायत दर्ज कराई। महिला ने बताया कि बीमार होने के कारण वह सदर अस्पताल में भर्ती थीं। सोमवार को उनके पति घर में ताला लगाकर अस्पताल आए थे। जब शाम 4 बजे वापस लौटे, तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने बक्से में रखे 10,000 नकद और जेवरात, जिनमें 5 चांदी की चेन, 5 सोने के नाक की नथिया, 5 जोड़ा बिछिया, 2 सेट बड़ा और 2 सेट छोटा पायल, 3 जोड़ा कान की बाली, 4 सोने की अंगूठियां, और 4 पत्थर के मोती शामिल हैं, चोरी कर लिए।

### डहकुल गांव में विशेष ग्राम सभा आयोजित

**गुमला।** डुमरी प्रखंड के मझगांव पंचायत के डहकुल गांव में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नशामुक्ति, फाइलेरिया जागरूकता और विकास योजनाओं पर गहन चर्चा हुई। पंचायत की मुखिया ज्योति बहेर देवी, ग्राम प्रधान रुडोल खेस, पीरामल फाउंडेशन से खेमचंद, और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने इस बैठक में भाग लिया।

## वीर बाल दिवस पर निकाली गयी प्रभातफेरी

**नवीन मेल संवाददाता**



**गुमला।** दशमेश पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार सहिबजादों की अमर शहादत को समर्पित वीर बाल दिवस आज पूरी श्रद्धा और मर्यादा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पालकोट रोड स्थित गुरुद्वारे से प्रभात फेरी निकालकर हुई, जो मेन रोड और जशपुर रोड होते हुए गुरुद्वारा साहिब में अरदास के साथ सम्पन्न हुई। धार्मिक उत्साह के साथ निकली प्रभात फेरी में समाज के हर वर्ग के लोग शामिल हुए, जिसमें बच्चे, बुजुर्ग, महिला और पुरुष शामिल थे। सभी ने मिलकर शब्द कीर्तन गाया और सामूहिक भक्ति का भाव प्रकट किया। प्रभात फेरी का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया गया, वहीं जशपुर रोड गुरुद्वारे में चाय-नाश्ते का लंगर भी आयोजित किया गया। विशेष कीर्तन दीवान और लंगर गुरु गोविंद सिंह फाउंडेशन के अध्यक्ष जसबीर सिंह ने जानकारी दी कि आज शाम 6 बजे पालकोट रोड गुरुद्वारे में चार सहिबजादों की स्मृति में विशेष कीर्तन दीवान का आयोजन होगा, जिसमें भाई जरनैल सिंह द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किए जाएंगे।

### भरनो में दिनदहाड़े चोरी, एसडीपीओ ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

**गुमला।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के लेकोटोली निवासी आशीष बड़ा के घर में बुधवार को हुई दिनदहाड़े चोरी की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार शाम को गुमला एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली और जल्द ही चोरी का उद्भेदन करने का आश्वासन दिया। एसडीपीओ यादव ने चोरी प्रभावित घर का बारीकी से निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। उन्होंने कहा कि घटना के हर बिंदु की जांच की जा रही है। आसपास के घरों में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है और थाना में संधारित आपराधिक रिकॉर्ड की जांच कर संदिग्धों को चिन्हित किया जाएगा। एसडीपीओ ने विश्वास दिलाया कि पुलिस की टीम जल्द ही इस घटना का खुलासा करेगी और दोषियों को कानून के दायरे में लाया जाएगा।

### ग्रामीणों ने श्रमदान कर की पंचमुखी हनुमान मंदिर की छत ढलाई

**गुमला।** भरनो प्रखंड के परवल गांव स्थित भव्य पंचमुखी हनुमान मंदिर की छत ढलाई का कार्य गुरुवार को समाजसेवी नारायण साहू और ग्रामीणों ने सामूहिक श्रमदान से पूरा किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण पिछले छह महीनों से समाजसेवी नारायण साहू और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से किया जा रहा है। गुरुवार को मंदिर की छत ढलाई के लिए सभी ने श्रमदान किया और इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगले एक महीने के भीतर मंदिर निर्माण का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए नारायण साहू सहित सभी ग्रामीण निरंतर सहयोग कर रहे हैं। इस सामूहिक श्रमदान में नारायण साहू, पवन साहू, ओतीस साहू, सोनू साहू, सुरेश साहू, मंगल महतो, रवि महतो, राजेश साहू, सुजीत महतो, पड़वा उरांव समेत बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं शामिल थे। परवल गांव में बन रहा पंचमुखी हनुमान मंदिर ग्रामीणों की आस्था और सामूहिक प्रयासों का प्रतीक है। इसका निर्माण न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत करेगा बल्कि गांव में सामाजिक एकता और सहयोग का संदेश भी देगा।

### भरनो में वीर बलिदानी दिवस पर महापुरुषों को दी गयी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो के विवेकानंद सभागार में गुरुवार को वीर बलिदानी दिवस, अटल बिहारी वाजपेयी जयंती और महामना मदन मोहन मालवीय जयंती पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य सुरेश कुमार राय ने महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

इस अवसर पर आचार्यों ने वीरों और महापुरुषों के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्य राय ने विद्यार्थियों को उनके बलिदान और योगदान से प्रेरणा लेने और देश को गौरवान्वित करने के लिए प्रोत्साहित किया। अभिभावक सीके शर्मा ने महापुरुषों की शिक्षाओं को जीवन में अपनाने का संदेश दिया।



कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन और शांति मंत्र के साथ हुआ। मौके पर मुकेश शाही, संतोष तिवारी, संयुक्ता देवी, पूनम सारंगी, लिविंग केरकेट्टा, सिद्धेश्वर साहू समेत अन्य आचार्य और विद्यार्थी उपस्थित थे।

**शहर में सूखे पेड़ों से बढ़ रहा खतरा**

### प्रशासन की उदासीनता से जनहानि की आशंका

**गुमला।** शहरी क्षेत्र में सूखे और जर्जर पेड़ों के कारण घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। हाल ही में लोहरदगा रोड पर एक सूखा पेड़ गिरने से एक चारपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। शुक्र है कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। विशेषकर पालकोट रोड पर वर्षो पुराना जर्जर यूकेलिप्टस का पेड़ गंभीर खतरे की स्थिति पैदा कर रहा है। इस भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में मेडिकल स्टोर, शैक्षणिक संस्थान और व्यापारिक प्रतिष्ठान स्थित हैं, जहां हर समय बड़ी संख्या में लोग आते-जाते हैं। पेड़ की डालियों के गिरने से पहले भी कई लोग चोटिल हो चुके हैं, और बिजली के तार से सटे होने के कारण संभावित दुर्घटना का खतरा हमेशा बना रहता है।

**प्रशासन की अनदेखी**

वार्ड संख्या 21 की निवर्तमान पार्षद शैल मिश्रा ने बताया कि इस पेड़ को काटने के लिए पूर्व में जिला, वन, और नगर प्रशासन से अनुरोध किया गया था। पर्यावरणीय दृष्टिकोण से अनुपयोगी और जनहित के लिए खतरनाक इस पेड़ पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जनहित में पार्षद ने संबंधित विभागों से शीघ्र इस समस्या का समाधान करने की अपील की है ताकि किसी बड़ी घटना से बचा जा सके।

## रायडीह और सुरसांग में दो लोगों ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के रायडीह और सुरसांग थाना क्षेत्रों में दो दर्दनाक आत्महत्या की घटनाएं सामने आई हैं, जिनसे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है। पहली घटना रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम गांव की है, जहां 18 वर्षीय तेतरु उरांव ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वहीं दूसरी घटना सुरसांग थाना क्षेत्र के तुलमुंगा डुम्बरटोली की है, जहां 57 वर्षीय बलासियुश एक्का ने मानसिक तनाव के कारण पेड़ से फांसी लगाकर जान दे दी।

**सिलम गांव : छात्र ने की आत्महत्या**

सिलम गांव में तेतरु उरांव, जो रांची में पढ़ाई कर रहा था, छुट्टियों में घर आया हुआ था। बुधवार रात सभी लोग खाना खाकर सो गए, लेकिन गुरुवार सुबह तेतरु का शव रस्सी से लटका हुआ मिला। मृतक के पिता महतो उरांव ने बताया कि उनका बेटा पढ़ाई में अच्छा था और सामान्य व्यवहार कर रहा था, फिर अचानक यह घटना घटित हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**तुलमुंगा डुम्बरटोली : मानसिक बीमारी के चलते आत्महत्या**

दूसरी घटना सुरसांग थाना क्षेत्र के तुलमुंगा डुम्बरटोली की है, जहां बलासियुश एक्का, जिनकी मानसिक स्थिति पिछले कुछ दिनों से ठीक नहीं थी, ने घर से थोड़ी दूर स्थित एक पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों के अनुसार, वह बुधवार रात घर में ही थे और सुबह उनका शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**परिवारों में शोक का माहौल**

दोनों घटनाओं के बाद संबंधित परिवारों में गहरा शोक है। परिजनों का कहना है कि वे इस अचानक हुए संकट को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। समाज में मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाओं को लेकर चिंता जताई जा रही है, जिससे लोगों में इस मुद्दे पर और जागरूकता फैलाने की आवश्यकता महसूस हो रही है।

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, दो युवक गंभीर रूप से घायल

**गुमला।** डुमरी थाना क्षेत्र के डुमरी तालाब के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना में शेकपुर निवासी प्रवेश मिंज (22) का दाहिना पैर घुटने के नीचे टूट गया और हथेली में भी चोट आई, जबकि बंधुआ निवासी जॉनसन कुजूर (30) को माथे पर गंभीर चोट लगी है। घायल प्रवेश मिंज ने बताया कि वे तीन लोग एक बाइक पर सवार होकर नवाडीह चौक की ओर घूमने जा रहे थे। वहीं, जॉनसन कुजूर ने बताया कि वे तीन लोग भीखमपुर पांची से मेहमान से लौट रहे थे। डुमरी तालाब के पास दोनों बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे के बाद दोनों घायल युवक खेत में जा गिरे, जबकि अन्य बाइक सवार मौके से फरार हो गए।

## अमलिया गांव में जंगली हाथी का तांडव, किसानों की घरों और फसलों को किया बर्बाद

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** भरनो प्रखंड के अमलिया जंगल से बीती रात एक जंगली हाथी ने गांव में प्रवेश कर भारी नुकसान पहुंचाया। महावीर रजवार के मिट्टी के मकान को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने के साथ ही हाथी ने बालगोबिंद उरांव और राम उरांव के आलू और फ्रेंचबीन की फसल खा ली और रौंदकर बर्बाद कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 1 बजे यह जंगली हाथी जंगल से गांव में घुसा, जिससे ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। दो दिन पहले ही 18 हाथियों का झुंड भरनो के विभिन्न गांवों में घरों और फसलों को नुकसान पहुंचा चुका था। अब दो और हाथियों के अमलिया जंगल में आने से इलाके में भय का माहौल है।



**मुआवजे की मांग**

फसल क्षति और मकान के नुकसान से परेशान किसानों ने वन विभाग से शीघ्र उचित मुआवजे और हाथियों को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो हाथियों से और भी अधिक नुकसान हो सकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**
पत्रांकः–739 हुसैनाबाद, दिनांक– 24.12.2024

**ई0 निविदा रद्द संबंधित सूचना**

इस कार्यालय का पत्रांकः–730, दिनांकः–18.12.2024 के द्वारा आमंत्रित Tender Reference No:–WRD/MID/HUSSAINABAD/B.D/S.L.I-01/2024-25 जिसका PR. N0:-342324 (Minor Irrigation) (24-25)D है, उक्त ई0 निविदा को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 342865 Minor Irrigation(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in

पत्रांकः–684 मेदिनीनगर, दिनांकः–21 / 12 / 2024

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-03/2024-25 जिसका PR. N0:-341352 Minor Irrigation (2024-25)D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | 13/01/2025 (02.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22/01/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/01/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR.NO.342851 Minor Irrigation(24-25):D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**
e-mail I.D. - eemidmed-cemr-jhr@nic.in
पत्रांकः– 683मेदिनीनगर, दिनांकः– 21 / 12 / 2024

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:– WRD/MID/MEDININAGAR/B.D./S.L.I.-02/2024-25 जिसका PR. N0:-341353 Minor Irrigation (2024-25):D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाषन की तिथि एवं समय | 13/01/2025 (02.00 PM) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22/01/2025 (03.00 PM) |
| 3 | ई–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 24/01/2025 (04.00 PM) |

निविदा की अन्य शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 342850 Minor Irrigation(24-25)D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj.**

**e-Procurement Tender Notice ,(2nd Call)**

**e-Tender Ref No-3/ RCD/Daltonganj/2024-25/ 1165 Dated: 24.12.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | Strengthening / IRQP work of Hussainabad-Pathraghat Road (Total Length- 29.10 KM) under R.C.D., Road Division, Daltonganj for the year 2024-25 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 15,69,15,304.00 (Rupees Fifteen Crore Sixty Nine Lacs Fifteen Thousand Three Hundred Four Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 15,69,500.00 (Rupees Fifteen Lacs Sixty Nine Thousand Five Hundred) Only. |
| 4. | Time of Completion | 08 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 03.01.2025, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 17.01.2025, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 20.01.2025, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562–225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**

For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
Road Construction Department
Road Division, Daltonganj.

**PR 342861 Road(24-25)#D**

> जब व्यक्ति को अपने गुरु मिल गये हों, तो उनके प्रति निशर्त भक्ति रखनी चाहिये, क्योंकि वे ईश्वर का माध्यम हैं। गुरु का एकमात्र उद्देश्य शिष्य को आत्म - साक्षात्कार प्रदान करना है; गुरु जो प्रेम शिष्य से प्राप्त करते हैं, उसे वे ईश्वर को दे देते हैं। - **श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

## संपादकीय

# डिजिटल कचरा से दोतरफा प्रदूषण

आज जब हम अपने मोबाइल की स्क्रीन को अंगुलियों से ऊपर-नीचे कर रहे हैं। इसी दौरान हमें स्क्रीन पर एक मैसेज आता है कि आपका क्लाउड स्टोरेज लगभग भर गया है। फिर, हम अपने डाटा को सुरक्षित रखने के लिए स्टोरेज खरीद लेते हैं। लेकिन, क्या आपने कभी सोचा है कि वास्तव में यह सारा 'क्लाउड' डाटा कहां रहता है? यह आसमान में तो तैरता नहीं है, बल्कि इसे विशाल डाटा केंद्रों में संगृहीत किया जाता है, जो बहुत ज्यादा बिजली की खपत करते हैं, जिससे 'डिजिटल प्रदूषण' को बढ़ावा मिलता है।आज हम घर बैठे मोबाइल पर एक क्लिक से मनचाही चीज ऑर्डर कर मंगवा सकते हैं। हालांकि डिजिटल क्रांति ने अभूतपूर्व सुविधाएं मुहैया कराई हैं। लेकिन डिजिटल प्रदूषण का खतरा भी पैदा किया है। एक लैपटॉप बनाने के लिए दुनिया भर के देशों से दर्जनों धातुओं की आवश्यकता होती है। उनके निष्कर्षण के लिए बहुत अधिक (जीवाश्म) ऊर्जा, पानी और संसाधनों की आवश्यकता होती है। ई-मेल भेजने, ऑनलाइन वीडियो देखने या वीडियो कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए आपका डिवाइस दुनिया भर में स्थित सर्वर से जुड़ता है, जो संचालन और ठंडा करने के लिए भारी मात्रा में ऊर्जा की खपत करते हैं। एक ई-मेल चार ग्राम कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन करता है। यदि आप ई-मेल में एक अटैचमेंट जोड़ते हैं, तो यह उत्सर्जन 50 ग्राम कार्बन डाईऑक्साइड तक पहुंच सकता है। इसी तरह एक गूगल सर्च की ऊर्जा खपत 60 वाट के बल्ब को 17 सेकंड तक जलाए रखने के बराबर होती है। फाइनल स्ट्रॉ फाउंडेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, वैश्विक स्तर पर 60 सेकंड में 19 करोड़ ई-मेल किए जाते हैं। सोशल मीडिया मैसेंजर व्हाट्सएप पर करीब छह करोड़ मैसेज भेजे जाते हैं। सर्च इंजन गूगल पर 41 लाख लोग सर्च करते हैं। यू-ट्यूब पर 60 सेकंड में 43 लाख वीडियो देखे जाते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने अपने शोध में दावा किया है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से हो रहे कार्बन उत्सर्जन के कारण 2030 तक अमेरिका में 1,300 लोग हर साल अकाल मौत का शिकार होंगे। भारत की संसद में हाल ही में शीतकालीन सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि पिछले पांच वर्षों में स्मार्टफोन, कंप्यूटर, टेलीविजन सेट और रेफ्रिजरेटर जैसे इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से उत्पन्न ई-कचरे में 72 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ऐसे में चुपके से पांव पसार रहा डिजिटल प्रदूषण हमारे समाने नई चुनौती बनकर खड़ा हो रहा है। इस नए प्रदूषण से निपटने की हमारी क्या तैयारी होनी चाहिए, इस पर हर एक डिजिटल नागरिक को चिंतन-मंथन करने की जरूरत है। बहुत बार हम मोबाइल सहित इलेक्ट्रॉनिक गजट में अनावश्यक या डुप्लिकेट डेटा के रूप में फोटो वीडियो या अन्य सामग्री स्टोर कर रखते हैं जिससे यह समस्या और बढ़ती जा रही है। इसका बड़ा कारण अज्ञानता या जानकारी की कमी है। हमें इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सही इस्तेमाल करना नहीं आता। आजकल एआई तकनीक से इन्हें हटाना आसान हो गया है। इसके लिए हम सभी को जागरूक करना और जागरूक होना जरूरी है।

## आज की बात

# स्वामित्व संपत्ति कार्ड : ग्रामीण संपदाओं के आर्थिक लाभ का माध्यम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर 24 अप्रैल, 2020 को स्वामित्व योजना शुरू की गई। यह योजना ग्रामीण भारत को सशक्त बनाने की एक ऐतिहासिक पहल है।



डॉ. बिजय कुमार बेहरा
आर्थिक सलाहकार, पंचायती राज मंत्रालय।

इसका उद्देश्य देश के सभी बसावट वालेक्षेत्रों में प्रत्येक ग्रामीण घर के मालिक को 'अधिकार पत्र' प्रदान करना था। यह परिवर्तनकारी योजना ग्रामीण संपदाओं से आर्थिक लाभ प्रापति के द्वार खोल रही है और व्यापक तौर पर ग्राम-स्तरीय योजना को बढ़ावा दे रही है। अपने चरणबद्ध कार्यान्वयनद्वारा यह योजनाभूमि प्रशासन में क्रांति ला रही है और ग्रामीण समुदायों में आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढ़ावा दे रही है। भूमि अधिकांश आर्थिक गतिविधियों के लिए आधारशिला के रूप में कार्य करती है।यह विकास और समृद्धि का आधार भी बनती है। ग्रामीण भारत के बसावट वाले क्षेत्र (आबादी वाली भूमि) लंबे समय से महत्वपूर्ण सुधारों से अछूते रहे हैं। सीमित सर्वेक्षण किए जाने और सटीक मानचित्र उपलब्ध न होने के कारण, इन क्षेत्रों में संभावित संपत्ति स्वामित्व, अनसुलझे विवाद और संस्थागत ऋण तक पहुंच की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। भूमि प्रशासन में इस कमीके कारण ग्रामीण लोग गैर-संस्थागत ऋणदाताओं पर निर्भर होते थे। ऐसे ऋणदाता अत्यधिक ब्याज दर पर वसूली करते थे।इससे गरीबी और वित्तीय असुरक्षा बढ़ती गई। इन चुनौतियों को पहचानते हुए, राज्य राजस्व या पंचायती राज अधिनियमों द्वारा समर्थित संपत्ति कार्ड जारी करने के लिए स्वामित्व योजना की अवधारणा बनाई गई थी। ये कार्ड स्वामित्व का औपचारिक दस्तावेजीकरण प्रदान करते हैं। इसके द्वारा वित्तीय समावेशन और सतत ग्रामीण विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। स्वामित्व योजना को पहले छह राज्यों-महाराष्ट्र, कर्नाटक, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश में पायलट चरण में शुरू किया गया था। प्रधानमंत्री ने 11 अक्टूबर, 2020 को 763 गांवों में लगभग एक लाख संपत्ति मालिकों को स्वामित्व कार्ड वितरित किए। शुरूआती सफलता के बादइस योजना को 24 अप्रैल, 2021 को पूरे देश में लागू किया गया। आज तक 31 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने ग्रामीण आबादी वाले क्षेत्रों के सर्वेक्षण में समन्वित प्रयास सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सर्वेक्षण विभाग के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्नत ड्रोन तकनीक को अपनाना इस योजना की सफलता का आधार है। आबादी क्षेत्रों के हाई-रिजॉल्यूशन वाले नक्शे तैयार किए जाते हैं, जिससे संपत्ति का सटीक चित्रण संभव होता है। यह तकनीकी क्रियाकलाप ग्रामीण संपत्तियों के दस्तावेजीकरण में सटीकता, पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित करता है। संपत्ति कार्ड जारी करने से ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रयुक्त आर्थिक क्षमता का लाभ मिल रहा है। संपत्ति के मालिक अब व्यवसाय का विस्तार करने, बेहतर आवास में निवेश करने या कृषि उत्पादकता में सुधार करने के लिए बैंक ऋण प्राप्त करके अपनी संपत्ति का आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह बदलाव अनौपचारिक ऋणदाताओं पर निर्भरता को कम करने के साथ ही वित्तीय स्वतंत्रता की संस्कृति को बढ़ावा भी दे रहा है। इसके अलावा, सटीक भूमि रिकॉर्ड की उपलब्धता संपत्ति विवादों को कम कर रही है। ऐसे विवादों ने ग्रामीण समुदायों पर अत्यधिक बोझ डाला है और न्यायिक प्रणालियों को अवरुद्ध किया है। स्वामित्व योजना संघर्ष को कम करकेसामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दे रही है और सामुदायिक संबंधों को सुचारू बना रही है। वित्तीय सशक्तिकरण के अलावा,स्वामित्व योजना एक सुव्यवस्थित ग्राम विकास को आगे बढ़ा रही है। विस्तृत मानचित्रों का निर्माण संभव होने से स्थानिक नियोजन और पंचायतों में विकास नियंत्रण विनियमन (डीसीआर) की शुरूआत को बल मिला है। ये उपाय असंगठित विकास को औपचारिक बनाते हैं और भूमि का मनोनुकूल इस्तेमाल सुनिश्चित करते हैं। बिल्डिंग परमिशन सिस्टम कायम होने से सुरक्षा मानक और भी अधिक बढ़े हैं और सौंदर्य तथा संरचनात्मक रूप से सशक्त निर्माण को बढ़ावा भी मिला है। योजना से मिलने वाला योगदान सतत विकास लक्ष्य 11 के अनुकूल है। यह 'स्थायी शहरों और समुदायों' पर जोर देता है। नियोजित विकास और टिकाऊ प्रणालियों को प्रोत्साहित करके, स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों को आर्थिक गतिविधि के केंद्र बनाने के साथ-साथ उन्हें बेहतर जीवन स्तर के रूप में विकसित कर रही है। स्वामित्व योजना ग्रामीण




विकास में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका को मजबूत करती है। सटीक भूमि रिकॉर्ड बेहतर शासन के लिए आधार के रूप में काम करते हैं। इससे डेटा-संचालित निर्णय लेने और सरकारी योजनाओं के कुशल कार्यान्वयन को सक्षम बनाने में मदद मिलती है। इसके अतिरिक्त, बिल्डिंग परमिशन सिस्टम और अन्य पहलों के माध्यम से उत्पन्न राजस्व पंचायतों के स्वयं के स्रोत राजस्व (ओएसआर) में योगदान मिलता है और उनकी वित्तीय स्वायत्तता बढ़ती है। अब तकदेश भर में लाखों स्वामित्व कार्ड वितरित किए जा चुके हैं। यह इस योजना के व्यापक प्रभाव को दर्शाता है। ये प्रयास आर्थिक विकेंद्रीकरण और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को चिन्हित करते हैं। प्रधानमंत्री 27 दिसम्बर, 2024 को एक ही दिन में 12 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के 50,000 से अधिक गांवों में 58 लाख स्वामित्व कार्डों के ई-वितरण का शुभारंभ करके इतिहास रचेंगे औरइस योजना के तहत 2 करोड़ से अधिक संपत्ति कार्डों के निर्माण और वितरण का एक और मील का पत्थर हासिल होगा। यह प्रधानमंत्री के विजन को साकार करता है, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम का प्रतिनिधित्व करता है और वित्तीय समावेशन, आत्मनिर्भरता और ग्रामीण भारत में उद्यमिता, रोजगार और व्यवसाय की स्थापना के अवसरों के निर्माण के लिए भारत की प्रतिबद्धता (संकल्प) को प्रदर्शित करता है। स्वामित्व योजनाग्रामीण संपत्तियों का आर्थिक लाभ प्राप्त करने केतकनीकी क्रियाकलापों की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रमाण है। यह योजना ग्रामीण परिवारों को सशक्त बनाती है और विकसित भारत में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को भी मजबूत करती है। स्वामित्व एक योजना से कहीं अधिक है। यह एक आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत के लिए एक विजन है। ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों को भुनाने के लिए उपकरण प्रदान करके, यह उद्यमशीलता और नवाचार को बढ़ावा देता है। जैसे-जैसे ग्रामीण क्षेत्र आर्थिक रूप से अधिक जीवंत होते जाते हैं, वे राष्ट्र के समग्र विकास पथ में योगदान करते हैं। स्वामित्व योजना की सफलता इसके निरंतर विकास की मांग करती है। जागरूकता अभियानों का विस्तार यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार संपत्ति कार्ड से लाभान्वित हो। वित्तीय संस्थानों के साथ सहयोग द्वारा ऋण तक पहुंचना और सरल बन सकता है। वहीं,कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) जैसी नई तकनीकों को आपस में जोड़कर ग्रामीण नियोजन के लिए डेटा विश्लेषण को बढ़ाया जा सकता है।

## अलग बात

# क्या कांग्रेस का 'वामपंथीकरण' ही राहुल की नई राजनीति होगी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि यदि उनकी सरकार आई तो सिर्फ जाति जनगणना ही नहीं बल्कि आर्थिक सर्वेक्षण



कमलेश पांडेय

भी होगा। दरअसल, इसके जरिए वह पता लगाएंगे कि किसके पास कितनी संपत्ति है। फिर नई राजनीति शुरू होगी। इससे साफ है कि जेएनयू के युवा वामपंथी नेताओं व कार्यकर्ताओं से भरी कांग्रेस अब उस वामपंथ की राह पर अग्रसर है, जो पूरी दुनिया में राजनीतिक तौर पर अप्रासंगिक हो चुका है। बता दें कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर जाति सर्वेक्षण और आर्थिक समीक्षा की वकालत करते हुए कहा कि इसका मकसद है यह पता लगाना कि किसके पास कितनी संपत्ति है। उन्होंने कहा कि अगर वह सत्ता में आए तो यह भारत का पहला काम होगा। दरअसल, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 'न्याय मंच-अब इंडिया बोलेगा' में छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्रीय सत्ता में आने के बाद उनका पहला कदम आर्थिक सर्वेक्षण के साथ-साथ जाति जनगणना करवाना होगा। उन्होंने कहा कि देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले लोगों को अपनी ताकत का अंदाजा नहीं है और वे इस बात से भी अनजान हैं कि उनके पास भारत की कुल सम्पत्ति में से कितनी संपत्ति है। वे कहते हैं कि उनकी आबादी लगभग 50 प्रतिशत है लेकिन वे यह नहीं जानते कि उनके पास कितनी संपत्ति है। इसलिए हम एक जाति जनगणना करेंगे जिससे ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) को पता चल जाएगा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनकी कितनी भागीदारी है। इससे सच्चाई सामने आ जाएगी। उन्होंने संकेत दिया कि इससे दलितों, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों, गरीब सवर्णों को भी उनकी वास्तविक स्थिति का पता चल जाएगा। वहीं, एक युवा के सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा, आज क्या हो रहा है कि ओबीसी को मूर्ख बनाया जा रहा है और उन्हें बहुत कुछ बताया जा रहा है, लेकिन मुख्य मुद्दा यह नहीं है कि किसके पास कितनी संपत्ति है। जाति जनगणना के साथ साथ होने वाले आर्थिक सर्वेक्षण से पूरे देश को यह पता लग जाएगा कि हिंदुस्तान का धन कहां है, किसके हाथ में है, पिछड़ों के हाथ में कितना, दलितों के हाथ में कितना, अल्पसंख्यकों के हाथ में कितना, गरीब सामान्य वर्ग और महिलाओं के हाथ में कितना धन है। सबके सामने पूरा साफ हो जाएगा। उसके बाद न्यू पॉलिटिक्स शुरू होगी। उसके बाद ये लोग कहेंगे कि मेरे पचास परसेंट लोग हैं, जबकि मेरे पास 2 परसेंट धन है। इसलिए मुझे 50 परसेंट धन चाहिए। सीधी-सी बात होगी। ये हमारी सोच है, जाति जनगणना पहला कदम है। ये सिर्फ जाति जनगणना नहीं होगी बल्कि ये आर्थिक सर्वे भी होगा। हालांकि, राहुल गांधी की टिप्पणी पर भाजपा के सोशल मीडिया प्रमुख अमित मालवीय ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि राहुल गांधी अपने बेहद खतरनाक और भ्रामक विचारों से देश को कहां ले जाना चाहते हैं? **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## देश की बात

# हर घर में नल जल योजना में भारी लूट

जल जीवन मिशन, जो ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह योजना भ्रष्टाचार व अनियमितताओं की पर्याय बन गई है। हाल ही में प्रकाशित रिपोर्टों मे इस योजना की खामियों और भ्रष्टाचार की लूट को उजागर किया है। जिससे स्पष्ट है, इस महत्वाकांक्षी योजना के पीछे सरकारी तंत्र का प्रचार-प्रपंच और कर्ज के धन मे भारी लूट और आम लोगों की बबार्दी छिपी हुई है। इस योजना के तहत केंद्र सरकार ने राज्यों को 8,957.50 करोड़ रुपये जारी किए। इसके बावजूद परियोजना आधी अधूरी है। राज्यों ने केंद्र सरकार से अतिरिक्त 3,200 करोड़ रुपये की मांग की है। पूर्व में आवंटित धन का सही उपयोग नहीं हो पाया। पानी नहीं है लेकिन पाइपलाइन डल गई। खेतों में पाइप लाइन डाल दी गई ठेकेदार और अधिकारियों ने जल जीवन मिशन में भारी लूट की है। जहां हर घर में पानी देने की बात कही जा रही थी। जहां योजना लागू कर दी गई है। वहां 50 फीसदी घरों में भी नल जल के कनेक्शन नहीं किए जा सके हैं। यह इस बात का संकेत करता है, कि सरकारी विभागों और ठेकेदारों के बीच मिलीभगत से योजना के सरकारी धन का भ्रष्टाचार के रूप में दुरुपयोग हुआ है। योजना की धीमी प्रगति और असफलता के पीछे कई कारण हैं। गांवों में सही सर्वेक्षण न होना, पाइपलाइन बिछाने में देरी, जलश्रोतों की अनुपलब्धता जैसी कई समस्याओं ने इस योजना को जटिल बना दिया। जहां पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, वहां गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही से स्पष्ट है, 5,546 योजनाओं की डीपीआर तैयार है, इनमें अधिकांश योजनाओं को शुरू करने में देरी हो रही है। इस देरी के पीछे प्रशासनिक औपचारिकताएं और भ्रष्टाचार प्रमुख कारण है। यह स्थिति सिर्फ वित्तीय अनियमितताओं की ओर इशारा नहीं करती, बल्कि यह भी दिखाती है कि सरकार की प्राथमिकताएं प्रचार और दिखावे तक ही सीमित हैं। योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और जवाबदेही का अभाव सरकारी लूट का सबसे बड़ा उदाहरण है। सरकार को चाहिए कि वह इस योजना में हो रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की गहन जांच कराए। भ्रष्टाचार और लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करना चाहिए। जनता के पैसे का सही उपयोग सुनिश्चित हो। विश्व बैंक और अन्य योजनाओं से कर्ज लेकर जल जीवन मिशन की योजना शुरू की गई थी। इसमें गांव-गांव में हर नागरिक तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित किया गया था। लेकिन यह योजना भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। अब ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों को बोला जा रहा है वह अपने आर्थिक संसाधनों से इस योजना को चालू करें।



सनत जैन

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# मृत्यु को समझना



## बोधि वृक्ष

मरते हुए मनुष्य की चेतना अचानक भौतिक शरीर के भार से, श्वास की आवश्यकता से, और शारीरिक कष्ट से मुक्ति का अनुभव करती है। आत्मा एक अत्यधिक शान्तिपूर्ण, अस्पष्ट, धुँधले प्रकाश वाली सुंरग में से ऊपर जाने के भाव का अनुभव करती है।

इसलिए उस व्यक्ति के लिए खेद मत व्यक्त करो जो मृत्यु के भ्रम से गुजर रहा हो, क्योंकि कुछ ही क्षणों में वह स्वतन्त्र हो जाएगा। एक बार वह इस भ्रम से बाहर हो जाता है, तब वह अनुभव करता है कि फिर भी मृत्यु इतनी बुरी नहीं थी। वह अनुभव करता है कि उसकी नश्वरता केवल एक स्वप्न थी और यह जान कर हर्षित होता है कि अब कोई अग्नि उसे जला नहीं सकती, जल उसे डुबो नहीं सकता; वह स्वतन्त्र और सुरक्षित है। मरते हुए मनुष्य की चेतना अचानक भौतिक शरीर के भार से, श्वास की आवश्यकता से, और शारीरिक कष्ट से मुक्ति का अनुभव करती है। आत्मा एक अत्यधिक शान्तिपूर्ण, अस्पष्ट, धुँधले प्रकाश वाली सुंरग में से ऊपर जाने के भाव का अनुभव करती है। उसके पश्चात आत्मा एक विस्मरणशील निद्रा की अवस्था में चली जाती है, जो कि भौतिक शरीर में अत्यधिक गहरी निद्रा के अनुभव से लाखों गुणा गहरी और आनन्दप्रद होती है।... मृत्यु के बाद की अवस्था को भिन्न-भिन्न लोग, पृथ्वी पर रहते हुए अपने जीवन जीने के ढंग के अनुसार भिन्न-भिन्न प्रकार से अनुभव करते हैं। जिस प्रकार विभिन्न लोगों की निद्रा की अवधि और गहराई भिन्न होती है, उसी प्रकार उनके मृत्यु के उपरान्त के अनुभव भी भिन्न होते हैं। एक अच्छा व्यक्ति जो जीवन रूपी उद्योगशाला में कड़ी मेहनत करता है, थोड़े समय के लिए गहरी, अचेतन, आरामदायक निद्रा में चला जाता है। **(क्रमशः)**



श्री श्री परमहंस योगानंद

## फेसबुक वॉल से




## X से




## आज का दोहा

**जो हलाक होकर गये, पहुंचे लेकर ताज।**
**हूरों ने देखा मगर, बदल लिये अंदाज।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

**समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक**

## आपकी बात

# कौन बनेगा भाजपा का राष्ट्रीय अध्यक्ष साक्षात रघुवर या कोई दलित धनुर्धर?

भाजपा का सांगठनिक चुनाव इन दिनों काफी चर्चा में है। हाल के वर्षों में भाजपा चौंकाने वाले निर्णयों को देखते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चयन को लेकर भी कयासों का बाजार काफी गर्म है। इन कयासों के लपेट में ओड़िशा के निवर्तमान राज्यपाल व झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जैसे नाम भी सामने आ रहे हैं और इस चुनाव को लेकर पूरे देश की निगाहें भाजपा की ओर टिक गई है। भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी पार्टी है। देश के सुदूरवर्ती चौपालों तक इसकी पैठ है और इस दल से संबंधित कयासों के पसरने को एक स्वाभाविक तथ्य माना जा रहा है। गत जुलाई 2024 में ही बीजेपी को अपना नया अध्यक्ष चुनना था परन्तु सांगठनिक विवशता के कारण जून में जे.पी. नड्डा के कार्यकाल को छः महीने के लिए बढ़ा दिया गया और अब तमाम कयासों के बीच भाजपा की राज्य इकाइयां अपने बूथ, मंडल और जिला मंडल अध्यक्षों के चुनाव को लेकर व्यस्त हैं। इसके बाद राज्यों में प्रदेश अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होगी और कम से कम आधे राज्यों को नया अध्यक्ष मिलने की उम्मीद है। इन सबके बाद ही भाजपा अपने नये राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया शुरू करेगी। यह सर्वविदित है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने के पहले भाजपा को एक साथ कई चुनौतियों से निपटना पड़ेगा। सबसे पहली चुनौती संघ से आएगी और उसे अपने मातृ संगठन आरएसएस की इच्छा को ध्यान में रखना ही पड़ेगा। इस बार इसे अधिक प्रासांगिक माना जा रहा है क्योंकि वर्तमान अध्यक्ष जे.पी.नड्डा ने गत लोकसभा चुनावों से पहले संघ से किसी के सहयोग की जरूरत को नकार कर एक नयी लकीर खींचने का प्रयास किया था। इस बयान के बाद आए चुनावी नतीजे ने अंततः भाजपा को आईना दिखा दिया और आरएसएस को दरकिनार करने की उनकी घोषणा की एक तरह से हवा निकल गई।नए अध्यक्ष के चुनाव में दूसरी चुनौती के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की जोड़ी के मुहर की होगी। वस्तुतः साल 2014 से मोदी-शाह की जोड़ी भाजपा की सबसे कामयाब जोड़ी रही है। इससे पहले, बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व हर अहम फैसले से पहले आरएसएस की ओर रुख करने के लिए जाना जाता था परन्तु अब ऐसा बिल्कुल भी नहीं है। गत लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिल पाने के बाद बने राजनैतिक परिदृश्य के आलोक में इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि मोदी-शाह की यह जोड़ी किसी ऐसे व्यक्ति को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना चाहेगी जिसकी संगठनात्मक पृष्ठभूमि मजबूत हो, शाह-मोदी के प्रति वफादार हो और उसे आरएसएस का भी समर्थन प्राप्त हो। नए अध्यक्ष के चुनाव का फॉमूर्ला तय करने के पहले भाजपा के समक्ष राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के द्वारा सेट किए जा रहे अवधारणा को कुंद करने की भी बड़ी चुनौती है। 2014 से 2024 तक लगातार तीन लोकसभा चुनाव हारने वाली कांग्रेस व उसके सहयोगी अब भाजपा की नैतिकता पर पहले से अधिक आक्रामक है। बाबा साहेब अंबेडकर के नाम को एक अस्त्र की तरह इस्तेमाल करने वाले इन विपक्षी दलों का एजेंडा बहुत साफ है। गत लोकसभा चुनाव में इसकी बानगी तब देखने को मिली जब भाजपा के 'चार सौ पार' की काट में उन्होंने ऐसा माहौल बनाया कि यदि इतने अधिक बहुमत से भाजपा चुनाव जीत गई तो आरक्षण खत्म कर देगी। विपक्ष का यह दांव कुछ हद तक कामयाब भी रहा और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व ओबीसी वोटों में अच्छा खासा डेंट लगता नजर आया। भाजपा हर जाति धर्म को साथ लेकर चलने का दावा करते हुए एक समावेशी पार्टी होने का भी दावा करती है। इस संदर्भ में यह डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम, रामनाथ कोविंद और अब वर्तमान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मिसाल देने से ने चुकती। अब यह बातें सामने आ रही हैं कि ये मिसालें पुरानी हो चुकी हैं और पार्टी को कुछ नया करने जरूरत है। ऐसे में, दलित अध्यक्ष की थ्योरी को मूर्त रूप देने की चचाएं भी खूब हो रही है। संसद के शीतकालीन सत्र में कुछ ऐसे घटनाक्रम भी सामने आए जब विपक्ष एक बार फिर से भाजपा को दलित विरोधी बताने में लगी हुई है। दलित थ्योरी की अटकलों का एक पहलू यह भी है कि प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे खुद दलित समुदाय से हैं। ऐसे में हिसाब किताब बराबर करने और विपक्ष के इन दावों को कुंद करने के लिए भाजपा यदि अपने ब्राह्मण अध्यक्ष श्री नड्डा के मुकाबले किसी दलित नेता का नाम सामने कर दे तो इससे किसी को कोई आश्चर्य नहीं होगा। यह एक ऐसा विषय है जिसे लेकर कोई खुलकर कुछ नहीं कहता। हाल के राजनैतिक घटनाक्रमों का जायजा लें तो केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, पार्टी महासचिव दुष्यंत गौतम और उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबी रानी मौर्य के नामों को भाजपा के भावी राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर देखा जा सकता है। इसी तरह यदि ओबीसी की थ्योरी काम कर गई तो राष्ट्रीय फलक पर कोई रघुवर नहीं बल्कि संघ की पृष्ठभूमि के साथ मनोहर लाल खट्टर, शिवराज सिंह चौहान, भूपेंद्र यादव, विनोद तावड़े और धर्मेंद्र प्रधान जैसा कोई नाम सामने आएगा।



केदारनाथ दास
बसिया।




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. **RNI.** 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# धूमधाम से मनाई जाएगी राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ

**एजेंसी। अयोध्या**

श्री राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से यह जानकारी दी। पोस्ट में बताया गया है कि अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लला विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ 11 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। राम जन्मभूमि मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ को प्रतिष्ठा द्वादशी के रूप में मनाया जाएगा। इस दिन मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ मंडप में शुक्ल यजुर्वेद के मंत्रों के साथ अग्निहोत्र का आयोजन सुबह 8 से 11 बजे और फिर दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा।इसके अलावा, 6 लाख श्री राम मंत्रों का जप और राम रक्षा स्तोत्र, हनुमान चालीसा सहित अन्य धार्मिक मंत्रों का उच्चारण भी किया जाएगा। मंदिर के भूतल पर 3 से 5 बजे तक राग सेवा 6-9 बजे तक बधाई गीत प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद, यात्री सुविधा केंद्र की पहली मंजिल पर रामचरितमानस का संगीतबद्ध पाठ होगा। अंगद टीला पर राम कथा (2 से साढ़े तीन बजे तक), रामचरितमानस पर प्रवचन (साढ़े तीन से 5 बजे तक), साढ़े पांच से साढ़े सात बजे तक सांस्कृतिक कार्यक्रम और सुबह से श्री राम के प्रसाद का वितरण होगा।




### इस ऐतिहासिक अवसर पर सभी श्रद्धालु और भक्त आमंत्रित

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने सभी श्रद्धालुओं और भक्तों को इस ऐतिहासिक अवसर पर भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह दिन अयोध्या और भारत के लिए एक विशेष धार्मिक महत्व का दिन होगा, जिसमें भक्तगण श्री राम के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति को व्यक्त करेंगे। बता दें कि 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा हुआ था। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 84 सेकंड का शुभ मुहूर्त निकाला गया था। 22 जनवरी को 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड तक प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।

# महाकुंभ में भारत की संस्कृति की झलक दिखेगी : गजेंद्र सिंह

**एजेंसी। जोधपुर**



केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को कहा कि इस बार का महाकुंभ दिव्य और भव्य होगा। इस दौरान भारत की सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि वैदिक सभ्यता से लेकर के महाभारत काल में गुप्त शासन काल में चालुक्य वंश के समय में और उसके बाद पूरे मध्यकालीन भारत इतिहास में कुंभ का उल्लेख मिलता है। पिछले कुंभ में लगभग 20 करोड़ लोगों ने स्नान किया था। इस बार लगभग 45 करोड़ लोग महाकुंभ का गवाह बनेंगे। इस बड़े आयोजन को सफल बनाने के मद्देनजर उत्तर प्रदेश सरकार और भारत सरकार मिलकर व्यापक स्तर पर काम कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि वहां डेढ़ लाख से ज्यादा शौचालय बनाए गए हैं। कुंभ में आने वाले कल्पवासी जो पूरे समय में रहकर के वहां पर कल्प साधना करते हैं, उनकी संख्या 10 लाख की बजाय 20 लाख के आसपास रहने वाली है। जो पूरे समय में एक स्थान पर रहेंगे। उन सबके लिए कुंभ एक अच्छा अनुभव देने वाला ऐसा कुंभ बने, इसको लेकर के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय कम कर रहा है। वहीं 20 लाख विदेशी सैलानी महाकुंभ में आने वाले है। इस बार का कुंभ दुनिया के लिए ऐसा अवसर होगा, जहां भारत की सांस्कृतिक धरोहर की झलक देखने को मिलेगी। हर 12 साल में एक बार आयोजित होने वाला महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी 2025 को प्रयागराज में समाप्त होने वाला है।

# सफलता के भ्रामक दावे करने वाले तीन कोचिंग इंस्टीट्यूट पर गिरी गाज

## सीसीपीए ने लगाया जुर्माना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा (सीएसई) 2022 और 2023 के परिणामों के संबंध में भ्रामक दावों का विज्ञापन करने के लिए वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट और स्टडीआईक्यू आईएएस पर 7-7 लाख रुपये और एज आईएएस पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में बताया कि मुख्य आयुक्त निधि खरे और आयुक्त अनुपम मिश्रा की अध्यक्षता में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के उल्लंघन के लिए यह जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही सीसीपीए ने तत्काल प्रभाव से वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट, स्टडीआईक्यू आईएएस स्टडी और एज आईएएस को भ्रामक विज्ञापन बंद करने का आदेश दिया है। प्राधिकरण ने उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और उन्हें बढ़ावा देने के लिए यह कार्रवाई की है। इससे यह भी सुनिश्चित होगा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के प्रावधानों का उल्लंघन करने वाले किसी भी सामान या सेवा के लिए कोई गलत या भ्रामक विज्ञापन न किया जाए। सीसीपीए की जांच के अनुसार वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने अपने विज्ञापन में निम्नलिखित दावे किए हैं।



**दावे**

- यूपीएससी सीएसई 2022 में 933 में से 617 चयन
- टॉप 10 एआईआर में 7, टॉप 20 एआईआर में 16
- टॉप 50 एआईआर में 39
- टॉप 100 एआईआर में 72

### विज्ञापन में कहा, शीर्ष यूपीएससी कोचिंग संस्थानों की सूची में हम पहले स्थान पर हैं




सीसीपीए ने जांच में पाया कि वाजीराव एंड रेड्डी इंस्टीट्यूट ने सफल उम्मीदवारों के नाम और तस्वीरें प्रमुखता से प्रदर्शित की हैं। इसके साथ ही अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर विभिन्न प्रकार के सशुल्क पाठ्यक्रमों का विज्ञापन भी किया। हालांकि यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2022 में उक्त सफल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के संबंध में जानकारी उपर्युक्त विज्ञापन में जारी नहीं की गई थी। सीसीपीए ने जांच में पाया कि दावा किए गए सभी 617 सफल उम्मीदवार साक्षात्कार मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत नामांकित थे। यह उपभोक्ता का अधिकार है कि उसे इस बारे में जानकारी मिले कि सफल उम्मीदवारों ने सीएसई के अंतिम चयन में जगह बनाने के लिए कोचिंग संस्थान से कौन सा विशिष्ट पाठ्यक्रम लिया था। संभावित उपभोक्ताओं के लिए यह जानकारी सीएसई में उनकी सफलता के लिए चुने जाने वाले पाठ्यक्रम के बारे में निर्णय लेने में सहायक होगी। उल्लेखनीय है कि कोचिंग संस्थानों द्वारा भ्रामक विज्ञापन देने के खिलाफ सीसीपीए ने इससे पहले कार्रवाई की थी। इस संबंध में सीसीपीए ने अब तक विभिन्न कोचिंग संस्थानों को भ्रामक विज्ञापन देने के लिए 45 नोटिस जारी किए हैं। इसके अलावा सीसीपीए ने 22 कोचिंग संस्थानों पर 71 लाख 60 हजार का जुर्माना लगाया है, उन्हें भ्रामक विज्ञापन बंद करने के निर्देश भी दिए हैं।

## गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत को नमन : सीएम साय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने गुरुवार को वीर बाल दिवस की प्रदेश वासियों और देशवासियों को शुभकामनाएं दी है। सीएम साय ने वीडियो संदेश जारी करते हुए कहा कि 26 दिसम्बर को हम सभी वीर बाल दिवस मना रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। इस दिन सिख पंथ के दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादे, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह ने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। मैं उनकी शहादत को शत शत नमन करता हूं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घोषणा की थी कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों की शहादत की स्मृति में 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाया जाएगा। यह आयोजन हमें उनके साहस और वीरता को याद करने तथा राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता है। गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया और अपनी संस्कृति, धर्म और देश के रक्षा के लिए जीवन का त्याग दिया। उनका आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह हमें राह दिखाएंगे। वहीं पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "आज वीर बाल दिवस पर हम साहिबजादों की अद्वितीय वीरता और बलिदान को याद करते हैं। छोटी उम्र में वे अपने विश्वास और सिद्धांतों पर दृढ़ रहे और पीढ़ियों को अपने साहस से प्रेरित किया। उनका बलिदान वीरता और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का एक ज्वलंत उदाहरण है। हम माता गुजरी जी और श्री गुरु गोबिंद सिंह जी की बहादुरी को भी याद करते हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।**

कार्यालय आदेश

पत्रांक – 926गढ़वा/दिनांक – 24.12.2024

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 341637 Received on 10.12.2024 (WRD/MID/GARHWA/B.D./S.L.I.-02/2024-25) मर्चवार सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– मर्चवार, पंचायत– नरही, प्रखण्ड–नगर उँटारी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 342926 Minor Irrigation (24-25)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

कार्यालय आदेश

पत्रांक – 924 गढ़वा/दिनांक – 24.12.2024

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 341641 Received on 10.12.2024 (WRD/MID/GARHWA/ B.D./S.L.I.-04/2024-25) हरता सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– हरता, पंचायत– फकीराडीह, प्रखण्ड– भण्डरिया को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

PR 342910 Minor Irrigation (24-25)_D

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

शुद्धि पत्र

पत्रांक – 923 गढ़वा/दिनांक – 24.12.2024

दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित Advertisement P.R. No- 341635 Received on 10.12.2024 (WRD/MID /GARHWA/B.D./S.L.I.-01/2024-25) अधौरा सोलर उदवह सिंचाई योजना का निर्माण कार्य ग्राम– अधौरा, पंचायत– कुशडंड, प्रखण्ड–नगर उँटारी को अपरिहार्य कारणवश अगले आदेश तक रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 342911 (Minor Irrigation)24-25*D


# आज का राशिफल

**मेष :** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपत्ति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार-विमर्श होगा। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृष :** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। उतावलेपन से बचें। प्रेमभाव बढ़ेगा।

**मिथुन :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**कर्क :** सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। प्रेमभाव बढ़ेगा। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**सिंह :** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। दुर्लभ स्वप्न साकार होंग।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। स्त्री पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**तुला :** व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट अपव्यय के कारण बनेंगे। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से कोशिश सफल होगी।

**वृश्चिक :** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**धनु :** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**मकर :** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। सफलता मिलेगी।

**कुंभ :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। सफलता मिलेगी।

**मीन :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। इच्छित कार्य सफल होंगे। सुख-आनंद कारक समय है।

# बीपीएससी परीक्षा रद्द करने की मांग पर डटे छात्र

**एजेंसी। पटना**

**● 'अफवाह' और 'जायज' के बीच फंसा निर्णय**

बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं संयुक्त प्रारंभिक परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर गुरुवार को भी अभ्यर्थियों का धरना जारी है। बीपीएससी प्रश्न पत्र लीक को 'अफवाह' तो धरने पर बैठे छात्र अपनी मांगों को 'जायज' बता रहे हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव और जन सुराज पार्टी छात्रों की मांगों को जायज ठहराते हुए उनके समर्थन में हैं। इस बीच, बुधवार को बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे छात्रों पर हुए पुलिस के लाठी चार्ज को लेकर भी सियासत शुरू हो गयी है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने तो यहां तक कहा कि मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, "मानसिक रूप से बीमार लोग प्रदेश चला रहे है उन्हें खोज-खबर ही नहीं बिहार में क्या हो रहा है? चंद माह पूर्व तक एनडीए के नेता नीतीश कुमार को किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बता उन्हें मानसिक रूप से अस्वस्थ बताते नहीं थकते थे अब वही।

## बीपीएससी अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज लालू यादव बोले ये गलत

**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे अभ्यर्थियों पर लाठीचार्ज को लेकर राजनीति गर्म हो गयी है। विपक्ष के नेता इसे लेकर सरकार को घेरने में जुटे हैं। इस बीच, राजद के प्रमुख और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव ने छात्रों पर लाठी चार्ज को गलत बताया है। पत्रकारों ने गुरुवार को जब बीपीएससी अभ्यर्थियों पर हुए लाठीचार्ज को लेकर राजद अध्यक्ष लालू यादव से सवाल किया तब उन्होंने कहा कि छात्रों पर लाठी चार्ज नहीं करना चाहिए। गलत बात है। इससे पहले, पीटी परीक्षा को रद्द कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी बीपीएससी कार्यालय घेराव करने पहुंचे थे।

# रेवाड़ी के नरेंद्र ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी पर लहराया तिरंगा

**एजेंसी। रेवाड़ी**

रेवाड़ी जिले के गांव नेहरूगढ़ के पर्वतारोही नरेंद्र सिंह यादव ने हरियाणा का नाम रोशन किया है। नरेंद्र यादव ने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर तिरंगा लहराया है। नरेंद्र की इस उपलब्धि पर परिजन ही नहीं, समूचा रेवाड़ी गौरवान्वित महसूस कर रहा है। नरेंद्र ने 25 दिसंबर को अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ पर पहुंचकर तिरंगा लहराया, इस समय पर्वत का तापमान लगभग -52 डिग्री था। यह अभियान 6 दिन में पूरा हुआ। इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल हुए थे। इस अभियान में नरेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। उन्होंने अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विन्सन मैसिफ को फतह कर विश्व पटल पर भारत का नाम अंकित किया है। नरेंद्र का सपना सभी सात महाद्वीपों को फतह कर विश्व रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराना था, जो इस चोटी को फतेह करके पूरा हुआ।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Office of the**
**General Manager-Cum-Chief Engineer,**
Electric Supply Area, Medininagar

**e-Tender cancellation notice**

Due to unavoidable reason , e-NIT No - 228/PR/JBVNL/2024-25 is hereby cancelled.

Sd/-
General Manager (Tech)
Electric Supply Area, Medininagar

PR No- 340564

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.342901 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(24-25):D

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**जिला नियोजनालय, (रोजगार कार्यालय) गढ़वा**

राज्य के सभी जिलों के तकनीकी एवं गैर तकनीकी क्षेत्र में योग्यता रखने वाले आवेदकों के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार पाने का सुनहरा अवसर

भर्ती कैम्प सूचना – 2024

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में नियोजित कराने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, गढ़वा के तत्वाधान में दिनांक–30.12.2024 (दिन–सोमवार) को पूर्वाहन–11.00 बजे से अपराहन् 3.00 बजे तक जिला नियोजनालय,गढ़वा परिसर में एक दिवसीय "दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजनान्तर्गत भर्ती कैम्प–2024" आयोजित किया जा रहा है।

भर्ती कैम्प में निम्न नियोजक ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है:–

| S. No. | Name and Add. Of the Employer | Name of the Post | No. Of Vacancy | Qualification Essential | Qualification Desirable | Experience | Age | Salary | Job Location |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 01 | Kanya Vivah & Vikash Society Garhwa | District Coordinator (Male) | 01 | Graduation | - | - | 25 to 40yr | 20000-30000/- | Garhwa |
| | | Marriage Verification Office (Male) | 03 | Intermediate | | - | 25 to 35yr | 15000-25000/- | |
| | | Surveyor (Target base woek) M/F | 60 | 10th | | - | 18 to 40yr | 12000-20000/- | |
| | | Computer Operator (M/F) | 10 | Intermediate | | - | 10 to 30yr | 10000-15000/- | |
| | | Driver (Three & Four Wheelers) | 10 | Minimum 8th | | - | 22 to 40yr | 8000-12000/- | |
| 02 | Spandana Sphoorty Financial Ltd | Loon Officer | 20 | 12th (ITI) Diploma | Bike /Luring/ Driving Licence | - | 19 to 30yr | 13000/- Fuel+incentive | Garhwa & Palamu |
| 03 | SIS Ltd, Garhwa | Security guard | 50 | 10th Pass | - | - | 18 to 40yr | 15000-25000/- | Pan India |
| | | Supervisor | 20 | 12th Pass | - | - | 18 to 40yr | 20000-27000/- | |
| | | Technician | 10 | 10th Pass | - | - | 18 to 40yr | 12000-20000/- | Bengaluru |

भर्ती कैम्प में भाग लेने वाले निजी नियोजकों एवं उनसे प्राप्त रिक्तियों की विस्तृत विवरणी से संबंधित सूचना झारखण्ड सरकार के वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in एवं garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

भर्ती कैम्प में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थियों को झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में निबंधित होना अनिवार्य है। यदि वे पूर्व में निबंधित न हो तो भर्ती कैम्प तिथि के पूर्व अपना निबंधन अपने स्थानीय नियोजनालय में जा कर या स्वयं अधिकृत वेबसाईट–WWW.jharniyojan.jharkhand.gov.in से स्वंय कर सकते हैं। भर्ती कैम्प के दिन निबंधन का कार्य स्थगित रहेगा। रिक्ति निजी क्षेत्र से संबंधित है, इसलिए रिक्ति के शर्तों के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी है। विभाग एवं नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहे है। भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

नोट :– निजी नियोक्ता कृपया, झारखण्ड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 का अनुपालन करना अनिवार्य है।

विशेष जानकारी के लिए जिला नियोजनालय, गढ़वा से सम्पर्क कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी, गढ़वा

PR 342899 Labour Employment and Traning (24-25)_D

महज 14 साल की उम्र में भारतीय स्क्वैश टीम में जगह बनाने वाली अनिका ने कहा-

# भारत के लिए खेलना एक सपना सच होने जैसा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** महज 14 साल की उम्र में, अनिका दुबे, जिन्हें प्यार से ₹पुणे की गोल्डन गर्ल₹ के नाम से जाना जाता है, ने फरवरी 2025 में हांगकांग में होने वाली आगामी एशियाई टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाकर एक असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उन्हें इस तरह के प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महाराष्ट्र की सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बनाती है। अपनी इस उपलब्धि पर अनिका ने हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान अपनी अब तक की यात्रा पर विस्तार से बताया। अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का प्रतिनिधित्व करने को लेकर अनिका ने कहा,भारत का प्रतिनिधित्व करना न केवल एक शानदार अवसर है, बल्कि एक रोमांचक अनुभव भी है। यह एक सपने के सच होने जैसा है। स्क्वैश को अब ओलंपिक 2028 में शामिल कर लिया गया है, इसलिए खिलाड़ियों के लिए तैयारी शुरू करने और एक मजबूत टीम बनाने का यह एक रोमांचक समय है। मेरा मानना है कि दृढ़ता और समर्पण रास्ते में आने वाली किसी भी कठिनाई को दूर करने में मदद कर सकता है। अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए अनिका ने कहा, ₹शुरू में, पढ़ाई और खेल के बीच संतुलन बनाना एक चुनौती थी। मुझे कई रातें देर से पढ़ाई और सुबह जल्दी प्रशिक्षण सत्र की याद है। हालांकि, मैंने आखिरी क्षण तक इंतजार करने के बजाय पहले से अच्छी तरह से अध्ययन करके अपने समय प्रबंधन कौशल में सुधार किया। इससे मुझे आगे रहने और दोनों प्रतिबद्धताओं को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद मिली। एशियाई स्क्वैश टीम चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने पर परिवार की क्या प्रतिक्रिया थी? इस सवाल पर अनिका ने कहा, मेरा परिवार, खासकर मेरा छोटा भाई, सिर्फ.सहायक ही नहीं रहा है। वह हर मैच में मेरा उत्साहवर्धन करता है, और मैदान के किनारे से अपने परिवार का प्रोत्साहन देखकर मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए गर्मजोशी और प्रेरणा की भावना से भर देता है। मेरे माता-पिता दोनों ही समान रूप से सहायक और खुले विचारों वाले रहे हैं। उन्होंने मुझे पूरे दिल से प्रोत्साहित किया है, जो मेरी यात्रा में एक महत्वपूर्ण कारक रहा है। स्क्वैश को करियर के रूप में चुनने को लेकर उन्होंने कहा, स्क्वैश में मेरी रुचि तब शुरू हुई जब मैं पाँच साल की थी, मैंने एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी से प्रेरित होकर, जिसे मैं अपने घर के पास देखा करती थी, मैंने स्क्वैश को कैरियर के रुप में चुना।



## जूनियर फ्यूचर क्रिकेट अकादमी दो विकेट से जीत दर्ज की



**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट सुकुरहुट्टू ग्राउंड में मांडर क्रिकेट अकादमी बनाम जूनियर क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। मांडर क्रिकेट अकादमी ने 31.1 ओवर में 10 विकेट पर 210 रन बनाया। अयान राजा ने 31, अतुल ने 37 रन बनाया। वहीं सजल पांडे ने चार विकेट लेकर 28 रन दिया। करण कुमार सिंह ने तीन विकेट लेकर 32 रन बनाया। जूनियर.फ्यूचर क्रिकेट अकादमी ने 23 ओवर में आठ विकेट पर 211 रन बनाया।

## पावर क्लब ने तीन विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सात्विक मेमोरियल ए डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट ओटीसी ग्राउंड में पावर क्लब बनाम खलारी सीसी के बीच खेला गया। खलारी सीसी ने 31.4 ओवर में 10 विकेट पर 152 रन बनाया। नरेश कुमार ने 53 व अमित कुमार यादव ने 20 रन बनाया। राजा शर्मा ने तीन विकेट लेकर 26 रन, सौरव ने दो विकेट लेकर 25 रन दिया।

## हेहल स्पोर्टिंग का वार्षिकोत्सव मना

**रांची।** हेहल स्पोर्टिंग का वार्षिकोत्सव 2024 सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। क्लब में दो नए कंक्रीट पिच खिलाड़ियों के लिए सौंप दिया गया। उदीयमान क्रिकेट एवं फुटबॉल खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। सीनियर्स द्वारा सांझा किया गया अनुभव, सुझाव एवं आशीर्वचन युवा खिलाड़ियों एवं अभिभावकों ने बड़े ध्यान से सुना और ग्रहण किया।

## झारखंड राज्य स्क्वैश टीम का चयन 30 को

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन (जेएसआरए) 38वीं राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप में राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए 30 दिसंबर को स्क्वैश खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आयोजित करेगा। तय कार्यक्रम के अनुसार, अगले साल 28 जनवरी से 14 फरवरी तक उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। रांची जिला स्क्वैश एसोसिएशन के सचिव आशीष कुमार बनर्जी ने बताया कि चयन ट्रायल 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक क्रॉस कोर्ट फिरयालाल रांची में होगा। चयन प्रक्रिया पुरुष और महिला वर्ग के लिए ओपन और सीनियर इवेंट में नॉकआउट आधार पर होगी। इसके बाद झारखंड स्क्वैश टीम की घोषणा की जाएगी, जिसमें पुरुष और महिला वर्ग में चार-चार खिलाड़ी शामिल होंगे।

## एचआईएल ने हमें नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया : हरमनप्रीत सिंह

**राउरकेला(हि.स.)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान और स्टार ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने आगामी हीरो हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) सीजन में सूरमा हॉकी क्लब का नेतृत्व करने की तैयारी के बारे में अपनी उत्सुकता व्यक्त की है, जो 28 दिसंबर, 2024 से शुरू होने वाला है।

## जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 51 रन से जीत दर्ज की



**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट गोलचक्कर ग्राउंड में जगरनाथ स्पोर्टिंग बनाम जूनियर तरुण संगम के बीच खेला गया। जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 35 ओवर में पांच विकेट पर 276 रन बनाया। बबलू ने 116, अविनाश ने 36 रन बनाया। वहीं संतोष, सागर, सौरव, अमर और उस्तात ने 1-1 विकेट लिए। जूनियर तरुण संगम ने 35 ओवर में नौ विकेट पर 225 रन बनाया। कौशल ने 59, जीवन ने 62 रन बनाया। वहीं अविनाश ने तीन विकेट लेकर 43 रन दिया। विवेक और पवन ने 2-2 विकेट लिए। जगरनाथ स्पोर्टिंग ने 51 रन से जीत दर्ज की।

## शूटिंग में झारखंड के खिलाड़ियों ने जीता रजत पदक



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 68वी राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता अंतर्गत अंडर 17 बालक वर्ग शूटिंग प्रतियोगिता में झारखंड के तीन खिलाड़ियों ने रजत पदक जीता है। इंदौर में संपन्न हुए शूटिंग प्रतियोगिता में रांची के अवतार आनंद सिंह, दिव्यांश यादव और रचित रंजन प्रसाद ने रजत पदक जीतकर राज्य का गौरव बढ़ाया है।

तीनों खिलाड़ियों की जीत पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के मंत्री रामदास सोरेन, विभागीय सचिव उमाशंकर सिंह, राज्य शिक्षा परियोजना निदेशक श्री शशि रंजन, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी धीरसेन सोरेंग, पदक विजेता टीम की कोच स्निग्धा सिंह समेत खेल कोषांग के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

## वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 117 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिड़ला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू ग्राउंड में वाईबीएन क्रिकेट अकादमी बनाम तरुण संगम क्रिकेट अकादमी के बीच खेला गया। वाईबीएन सीए ने 30 ओवर में नौ विकेट पर 182 रन बनाया। ईशान ने 30 व बिकाश ने 50 रन बनाया। विशाल ने तीन विकेट लेकर 23 रन, गर्व ने दो विकेट लेकर 23 रन व मानस ने दो विकेट लेकर 31 रन दिया। तरुण सीए टीम ने 23 ओवर में 10 विकेट पर 65 रन बनाया। अभिनव ने दो विकेट लेकर 17 रन व बिकाश ने चार विकेट लिया। वाईबीएन क्रिकेट अकादमी 117 रन से जीती।

विजय हजारे ट्रॉफी

## हरियाणा ने झारखंड को हराया

**रांची।** दिनेश, अंकित एवं एसपी कुमार के अर्धशतक की बदौलत जयपुर में खेले गए विजय हजारे ट्रॉफी के तहत हरियाणा ने झारखंड को 64 रनों से हरा दिया। इस मैच में हरियाणा ने पहले खेलते हुए निर्धारित 50 ओवर में 6 विकेट पर 295 रन बनाए। अंकित ने 67, दिनेश ने 72, एसपी कुमार ने 56 , राणा ने 38 एवं पार्थ ने 27 रन बनाए। झारखंड की ओर से उत्कर्ष सिंह ने 22 रन लेकर तीन खिलाड़ियों का आउट किया। जवाब में झारखंड की टीम 231 रन ही बना सकी ।अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी ईशान किशन ने दो छक्के और 5 चौके की मदद से 36, उत्कर्ष ने 27, विराट सिंह ने 34 , अनुकूल राय ने 32 एवं सरवर ने 49 रन बनाए।


## आईसीसी ने बतौर मैच रेफरी 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर पाइक्रॉफ्ट को दी बधाई

**दुबई, ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने एंडी पाइक्रॉफ्ट को मैच रेफरी के रूप में 100 पुरुष टेस्ट मैच पूरे करने पर बधाई दी है।

मेलबर्न टेस्ट : पहले दिन का खेल खत्म

# ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट पर बनाए 311 रन चार बल्लेबाजों ने लगाया अर्द्धशतक

**मेलबर्न (हि.स.)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां खेले जा रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के पहले दिन 6 विकेट पर 311 रन बना लिए हैं। खेल खत्म होने पर स्टीव स्मिथ 68 और कप्तान पैट कमिंस 8 रन बनाकर नाबाद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से चार बल्लेबाजों स्टीव स्मिथ (नाबाद 68) उस्मान ख्वाजा (57), मार्नस लाबुशेन (72) और सैम कोंस्टास (60) ने अर्धशतक लगाए। इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सैम कोंस्टास और उस्मान ख्वाजा ने ऑस्ट्रेलिया को अच्छी शुरूआत दिलाई। विशेषकर कोंस्टास ने टी-20 प्रारुप की तरह बल्लेबाजी करनी शुरू की। उन्होंने खासकर बुमराह पर निशाना साधा और उनकी जमकर खबर ली। देखते ही देखते उन्होने अपना अर्धशतक भी पूरा कर लिया। ख्वाजा और कोंस्टास ने 19.1 ओवर में 89 रन जोड़ लिये। रवींद्र जडेजा ने इसी स्कोर पर कोंस्टास को एलबीडब्ल्यू कर यह साझेदारी तोड़ी। कोंस्टास ने 65 गेंदों पर 6 चौके और 2 छक्के की बदौलत 60 रन बनाए।







अपना पहला मैच खेल रहे सैम कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया को दिलाई तूफानी शुरूआत जड़ा अर्द्धशतक

## विराट कोहली पर लगा मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना

अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन




**नई दिल्ली(हि.स.)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली पर गुरुवार को मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट के पहले दिन आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 20 प्रतिशत जुमार्ना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि कोहली को खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायक कर्मियों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायक कर्मियों, अंपायर, मैच रेफरी या किसी अन्य व्यक्ति (अंतर्राष्ट्रीय मैच के दौरान दर्शक सहित) के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है। इसके अलावा, कोहली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है, जिसके लिए यह 24 महीने की अवधि में पहला अपराध था। यह घटना पहले दिन के 10वें ओवर के बाद हुई, जब कोहली को एमसीजी पर 90,000 दर्शकों के सामने डेब्यू करने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपनर सैम कोंस्टास को कंधे से धक्का देते हुए देखा गया। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच बहस हुई और दूसरे ओपनर उस्मान ख्वाजा ने मामले को शांत करने की कोशिश की। कोहली ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी के एमिरेट्स आईसीसी एलीट पैनल के एंडी पाइक्रॉफ्ट द्वारा प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई आवश्यकता नहीं थी।

## आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बने कोंस्टास

**मेलबर्न (हि.स.)।** युवा बल्लेबाजी सनसनी सैम कोंस्टास ने गुरुवार को इतिहास की किताबों में अपना नाम दर्ज करा लिया है। उन्होंने प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बॉक्सिंग डे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। इसी के साथ वह आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से बैगी ग्रीन कैप प्राप्त की। इयान क्रेग इस सूची में शीर्ष पर हैं, जिन्होंने 1953 में 17 वर्ष 239 दिन की उम्र में ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था। कप्तान पैट कमिंस इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2011 में 18 वर्ष और 193 दिन की उम्र में पदार्पण किया था। टॉम गैरेट तीसरे स्थान पर हैं और क्लेम हिल इस सूची में पांचवें स्थान पर हैं। पर्थ टेस्ट के बाद भारत दौरे पर आई भारतीय टीम के खिलाफ दो दिवसीय मैच में प्रधानमंत्री एकादश की ओर से खेलते हुए कोंस्टास ने मेहमान टीम के खिलाफ शतक बनाकर सुर्खियां बटोरीं।

कोंस्टास ने अपने 11 प्रथम श्रेणी मैचों में 42.2 की औसत से 718 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक और तीन अर्धशतक शामिल हैं।

कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, उन्होंने सात पारियों में 27.28 की औसत से 191 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। उन्होंने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले ऑस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच दो मैचों की श्रृंखला में भी भाग लिया, जिसमें उन्होंने चार पारियों में 92 रन बनाए।

- आस्ट्रेलिया के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करने वाले चौथे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।
- 19 वर्ष और 85 दिन की उम्र में पूर्व आस्ट्रेलियाई कप्तान मार्क टेलर से बैगी ग्रीन कैप प्राप्त की।
- कप्तान पैट कमिंस इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 2011 में 18 वर्ष और 193 दिन की उम्र में पदार्पण किया था।
- कोंस्टास ने ऑस्ट्रेलिया की आईसीसी अंडर-19 विश्व कप 2024 जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी

# व्यापार/लाइफ व साइंस

प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव योजना का असर

## इलेक्ट्रॉनिक गुड्स की बढ़ रही भारत के निर्यात में हिस्सेदारी

### इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2024-25 के अप्रैल-नवंबर में 22.5 अरब डॉलर हुआ



**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** भारत के निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स सेगमेंट की हिस्सेदारी में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसकी वजह केंद्र सरकार की प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से देश में नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स का लगना है। देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात 2024-25 के अप्रैल-नवंबर में 27.4 प्रतिशत बढ़कर 22.5 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 की इसी अवधि के दौरान 17.66 अरब डॉलर था।

भारत के कुल निर्यात में इंजीनियरिंग प्रोडक्ट्स और पेट्रोलियम के बाद इलेक्ट्रॉनिक गुड्स तीसरे स्थान पर है और पिछले साल यह छठवें स्थान पर था। इलेक्ट्रॉनिक्स सेगमेंट में स्मार्टफोन निर्यात में 45 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। इसकी वजह एप्पल और सैमसंग जैसी प्रमुख ग्लोबल कंपनियों की ओर से देश में उत्पादन बढ़ाना हैं। पीएलआई योजना और सरकार द्वारा त्वरित मंजूरी एक बड़ी सफलता साबित हो रही है, क्योंकि वैश्विक दिग्गज कंपनियां अलग-थलग पड़े चीन के अलावा अन्य देशों में वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के अवसर तलाश रही हैं। फॉक्सकॉन, पेगाट्रॉन और टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के समर्थन से भारत में एप्पल के प्रवेश ने इस साल स्मार्टफोन निर्यात को बढ़ावा दिया है। उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, सौर मॉड्यूल, डेस्कटॉप और राउटर के निर्यात में भी मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है।

## भारतीय शेयर बाजार सपाट बंद अदाणी पोर्ट्स रहा टॉप गेनर

**मुंबई (आईएएनएस)।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक गुरुवार को सपाट बंद हुए। कारोबार के अंत में निफ्टी पर आईटी, एफएमसीजी, मेटल, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टर में बिकवाली देखी गई। अदाणी पोर्ट्स टॉप गेनर्स की लिस्ट में सबसे आगे रहा। अदाणी पोर्ट्स का शेयर 5 प्रतिशत से ज्यादा बढ़कर 1,243.90 रुपये पर बंद हुआ। अदाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 33.20 रुपये की बढ़त के साथ 1,064.30 रुपये पर बंद हुआ। सेंसेक्स 0.39 अंकों की मामूली गिरावट के साथ 78,472.48 पर बंद हुआ और निफ्टी 22.55 अंकों या 0.10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,750.20 पर बंद हुआ।


## आईआरसीटीसी मोबाइल ऐप और वेबसाइट हुई डाउन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन (आईआरसीटीसी) की वेबसाइट और मोबाइल ऐप दोनों गुरुवार को डाउन हो गए। इस महीने में यह दूसरा मौका है, जब आईआरसीटीसी का मोबाइल ऐप डाउन हुआ है। मोबाइल ऐप और वेबसाइट डाउन होने के कारण यूजर्स टिकट नहीं बुक कर पा रहे हैं। साथ ही, बुकिंग के लिए वेबाइसट पर लॉग-इन करने के साथ ही लिखा आ रहा है कि 'रखरखाव गतिविधियों के कारण कार्रवाई करने में असमर्थ' है। आईआरसीटीसी ऐप और वेबसाइट के डाउन होने के कारण कई यूजर्स ने सोशल मीडिया पर निराशा व्यक्त की। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने आईआरसीटीसी वेबसाइट का स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा, छुट्टियों के मौसम में तत्काल बुकिंग रेलवे यात्रियों के लिए एक खराब सपना है। बुकिंग खुलते ही सर्वर क्रैश हो जाता है।

## इस साल देश के वर्कफोर्स में बढ़ी महिलाओं की भागीदारी

### सीनियर और मैनेजर भूमिकाओं के लिए आवेदनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** इस साल देश के वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी में जबरदस्त उछाल दिखा। आधी आबादी के साथ ही युवाओं की तादाद भी बढ़ी है। नौकरी और पेशेवर नेटवर्किंग प्लेटफॉर्म अपना डॉट कॉम की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए हैं, जो 2023 की तुलना में 20 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह, युवाओं ने नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2024 में कुल 7 करोड़ में से महिलाओं ने 2.8 करोड़ नौकरियों के लिए आवेदन किए, जो सालाना आधार पर 25 प्रतिशत की वृद्धि को दशार्ता है। फ्लेक्सिबल काम के अवसर, जेंडर-फोक्स्ड पहल और महिलाओं के नेतृत्व वाले क्षेत्र जैसे ई-कॉमर्स और हेल्थकेयर का विस्तार होने की वजह से यह उछाल देखा गया है। महिलाओं ने हेल्थकेयर, हॉस्पिटैलिटी, रिटेल और ई-कॉमर्स जैसे सेक्टर में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया है और फील्ड सेल्स, लॉजिस्टिक्स और सिक्योरिटी सर्विस जैसी भूमिकाओं को अपनाया है। सीनियर और मैनेजर भूमिकाओं के लिए आवेदनों में 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो भारत के नए युग के वर्कफोर्स को आकार देने में महिलाओं के बढ़ते प्रभाव का संकेत है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु और मुंबई जैसे टियर 1 शहरों ने 1.52 करोड़ आवेदनों के साथ इस उछाल का नेतृत्व किया, जबकि जयपुर, लखनऊ और भोपाल जैसे टियर 2 और टियर 3 शहरों ने 1.28 करोड़ आवेदनों का योगदान दिया, जो मेट्रो हब से परे अवसरों में शानदार वृद्धि को दिखाता है। इसके अलावा, रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का फ्रेशर जॉब मार्केट भी फल-फूल रहा है, जिसमें नौकरी के आवेदनों में सालाना आधार पर 27 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो 2 करोड़ को पार कर गया है। आईटी, मोबिलिटी, रिटेल, बीएफएसआई और सेवाओं जैसे हाई-ग्रोथ सेक्टर इस मांग को बढ़ा रहे हैं, क्योंकि युवा प्रोफेशनल इनोवेशन और विस्तार को बढ़ावा दे रहे हैं। चेन्नई, बेंगलुरु और हैदराबाद जैसे शहरी केंद्रों ने 60 लाख आवेदनों का योगदान दिया, जबकि पंजाब, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार जैसे क्षेत्रों ने 82 लाख आवेदन जोड़े।



# बीमार होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** होमगार्ड डीजी अनिल पालटा के निर्देश पर गंभीर रूप से घायल और बीमार होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई। विभिन्न जिलों के 21 होमगार्ड जवानों को कल्याण कोष से सहायता राशि होमगार्ड मुख्यालय में दिया गया।

पलामू जिला के गृह रक्षक संख्या 11382 दिवाकर कुमार मिश्रा को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 11447 संजय कुमार बैठा को 29800 रुपए, गृह रक्षक संख्या 10397 बैजनाथ महतो को 21400 रुपए, गृह रक्षक संख्या 11316 मनोज कुमार यादव को 1,00000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

धनबाद जिला के गृह रक्षक संख्या 595 राम पुकार राय को 47000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 5107 विद्याभूषण राय को 21000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 5049 मुंद्रिका साह को 6600 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

बोकारो जिला के गृह रक्षक संख्या 1385 कन्हैया प्रसाद साह के पुत्र रोहित कुमार को 1,00000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 1907 घनश्याम सिंह को 2,00000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 2074 बृजेश कुमार को 1,32000 रुपये, गृह रक्षक संख्या 1012 वीरेंद्र पांडे को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 1226 मो.राशिद को 17000रुपए, गृह रक्षक संख्या 885 बिपिन बिहारी तिवारी को 3000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

हजारीबाग जिला के गृह रक्षक संख्या 2339 शहनवाज आलम पुत्री नफीसा रानी को 1,50,000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 8757 सुधीर प्रजापति को 49000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

रांची जिला के गृह रक्षक संख्या 14438 बबीता कुमारी को 150000 रुपए,गृह रक्षक संख्या 15035 राजेश्वर उपाध्याय को 50,000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 14874 असीम अंसारी को 50000 रुपए, गृह रक्षक संख्या 16868 इंदर नाथ साहू को 50000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

खुंटी जिला के गृह रक्षक संख्या 18308 विकास मुंडा को 150000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई। वहीं दुमका जिला के गृह रक्षक संख्या 10236 अनिल किस्कू को 2,42,000 रुपए कल्याण कोष से सहायता राशि दी गई।

इस संबंध में राष्ट्रीय नवीन मेल संवाददाता से बात करते हुए झारखंड होमगार्ड वेलफेयर एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार तिवारी ने होमगार्ड डीजी अनिल पालटा का आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने होमगार्ड डीजी से यह मांग किया है कि इन जवानों को ड्यूटी भी दिया जाए जिससे यह अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। श्री तिवारी ने कहा कि रांची जिला की महिला होमगार्ड जवान बबीता कुमारी एवं खूंटी जिला के होमगार्ड जवान विकास मुंडा का लोकसभा चुनाव ड्यूटी के दौरान दुर्घटना हो गया था और इन दोनों का पैर काटना पड़ा था। विभाग को चाहिए कि इन दोनों होमगार्ड जवानों को ड्यूटी दिया जाए।

## बीआईटी मेसरा के नाटक को दूसरा स्थान




**रांची।** बीआईटी मेसरा के एहसास ड्रामैटिक सोसाइटी ने आईआईटी बॉम्बे में चल रहे फेस्ट मूड इंडिगो में नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान हासिल किया। मूड इंडिगो एक तीन दिवसीय फेस्ट है, जो आईआईटी बॉम्बे द्वारा आयोजित किया जाता है। इसे एशिया का सबसे बड़ा सांस्कृतिक महोत्सव माना जाता है। बीआईटी की टीम ने जो प्रदर्शन किया, उसका विषय ह्यवैश्या के अधिकार था।

# कई मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश जारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार के मंत्रियों के आप्त सचिवों की नियुक्ति का आदेश मंत्रिमंडल, सचिवालय व निगरानी विभाग ने जारी किया है। झारखंड प्रशासनिक सेवा के मनोरंजन कुमार जो वर्तमान में मांडर के बीडीओ हैं, उन्हें कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की का आप्त सचिव (सरकारी कोटा) बनाया गया है। सिमडेगा के अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग लकड़ा को मंत्री चमरा लिंडा का आप्त सचिव बनाया गया है। स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन का आप्त सचिव अजय कुमार सिन्हा को बनाया गया है, वह बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाए गए हैं। नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के आप्त सचिव विनय प्रकाश तिग्गा होंगे। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह के आप्त सचिव संदीप दुबे होंगे, उन्हें सरकारी कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। पेयजल व स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद के आप्त सचिव उमेश कुमार होंगे, उन्हें बाह्य कोटे से आप्त सचिव बनाया गया है। योगेंद्र प्रसाद ने सरकारी कोटे से कपिल कुमार को आप्त सचिव बनाया है। कपिल वर्तमान में राजमहल में अनुमंडल पदाधिकारी हैं। राज्य सरकार की अधिसूचना के मुताबिकि सभी आप्त सचिवों की नियुक्ति अस्थायी व को टर्मिनस है। इस नियुक्ति को बिना किसी पूर्व सूचना के भी समाप्त किया जा सकता है।

# विधायक जयराम के खिलाफ रंगदारी मांगने का मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**बोकारो/ रांची।** डुमरी विधायक जयराम महतो के ऊपर बोकारो के चंद्रपुरा थाना में मामला दर्ज हुआ है। इस मामले में जयराम महतो समेत सात नामजद पर मामला दर्ज हुआ है। इनमें जयराम महतो, संदीप महतो, तिलक महतो, नितेश, संजीत कुमार, राहुल पासवान और बिनोद चौहान सहित 40 अज्ञात लोगों पर रंगदारी, अवैध कब्जा, चोरी सहित सरकारी काम में बाधा डालने का आरोप लगा है।



जयराम महतो के समर्थकों ने सीसीएल क्वार्टर पर जबरन कब्जा कर लिया था। बुधवार की रात एक बजे पुलिस जब क्वार्टर को खाली कराने और उसमें बंद प्रशिक्षु कर्मियों को छुड़ाने पहुंची तो विधायक जयराम महतो आधी रात को बेरमो पहुंच गए और वहां पहुंचकर पुलिस वालों से भिड़ गए।

बेरमो अनुमंडल स्थित डुमरी विधायक जयराम महतो दो बजे रात में सेन्ट्रल कॉलोनी पहुंचे और सीसीएल ढोरी क्षेत्र में क्वार्टर लेने पर अड़े। चंद्रपुरा थाना क्षेत्र के मकोली ओपी स्थित सेन्ट्रल कॉलोनी में जयराम समर्थकों द्वारा अवैध रूप से क्वार्टर कब्जा करने पर स्थानीय पुलिस और सीआईएसएफ के जवान पहुंचे। जिनकी सूचना समर्थकों द्वारा विधायक जयराम महतो को दी गई।

उसके बाद जयराम महतो भी वहां पहुंच गए और वहीं पर उपस्थित मजिस्ट्रेट को काफी खड़ी खोटी सुनाई। बता दें कि क्वार्टर के मामले में, सीसीएल ने अपने कर्मी को आवास आवंटित किया था। वहीं क्वार्टर लेने के लिए विधायक जयराम महतो अड़े हुए हैं।

## साल 2025 सीपीआई के लिए संगठन व संघर्ष का वर्ष होगा : महेंद्र पाठक

**रांची।** सीपीआई का 100वां स्थापना दिवस गुरुवार को रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सीपीआई कार्यकर्ताओं के सौ वर्षों के गरिमामय संघर्ष को याद किया गया। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि वर्ष 2025 संगठन और संघर्ष का वर्ष रहेगा। आने वाले दिन के लिए पार्टी पूरी तैयारी कर रही है। संगठन को मजबूत बनाने पर पूरा फोकस रहेगा। स्थापना दिवस कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सचिव अजय कुमार सिंह ने की। समारोह में मुख्य रूप से प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक के अलावा एटक के प्रदेश सचिव अशोक यादव, लोक सहकार महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते जैनेंद्र तथा राज्य कार्यकारिणी के सदस्य ए.के.रशीदी, किसान सभा के महासचिव पुष्कर महतो, रांची के प्रतिष्ठित डॉक्टर आरपी चौधरी सहित कई लोग मौजूद थे। प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने कहा है कि सीपीआई के 100 साल का लंबा सफर अंग्रेजों की लड़ाई से शुरू हुआ। यह संघर्ष किसान, मजदूर, छात्र, नौजवान के हक और अधिकार के लिए आज भी जारी है। आरपी चौधरी ने कहा कि देश के निर्माण में कम्युनिस्टों की अहम भूमिका रही है।? उन्होंने 100 साल संघर्ष की गाथा को विस्तृत रूप से उपस्थित लोगों को बताया। इस दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर मजदूरों के अधिकार छीनने का भी आरोप लगाया गया।

### बाबूलाल ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की तैयारी पर उठाए सवाल, कहा

# जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें सरकार



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पेट्रोल-डीजल कीमत में बढ़ोत्तरी की तैयारी को लेकर सवाल उठाये हैं। बाबूलाल ने एक्स पर लिखा है कि राज्य में पेट्रोल डीजल के दामों में सेस लगाकर 2 से 3 रुपये प्रति लीटर बढ़ोतरी की तैयारी चल रही है। सीएम द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देश के बाद अधिकारी जनता के पॉकेट पर बोझ लादकर सरकारी खजाना भरने का प्रयास कर रहे हैं।

बाबूलाल ने सीएम से कहा है कि यह जनविरोधी फैसला तत्काल वापस लें, क्योंकि इससे रोजमर्रा की चीजों में काफी महंगाई आ सकती है। इस बेतुके निर्णय का जनजीवन पर बुरा असर पड़ेगा। बाबूलाल ने लिखा कि पहले बिजली दर में बढ़ोतरी का प्रस्ताव और अब पेट्रोल डीजल के दामों में बढ़ोतरी के संकेत को देखकर जनता समझ चुकी है कि आपने अव्यवहारिक चुनावी वादे कर उनके साथ कितना बड़ा छल किया है। राजस्व बढ़ाने के लिए छटपटाहट में लिया जा रहा आपका निर्णय जनता में भारी असंतोष पैदा कर रहा है। उम्मीद है सारे जनप्रतिनिधि भी राजनीति से ऊपर उठकर आम जनजीवन पर दुष्प्रभाव डालने वाले इस निर्णय को वापस कराने की पहल करेंगे।

## पेट्रोल-डीजल पर सेस लगाने का इरादा नहीं : वित्त मंत्री



**रांची।** वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा है कि राज्य सरकार का फिलहाल सामान्य पेट्रोलियम उत्पाद (पेट्रोल और डीजल) पर कोई सेस लगाने का इरादा नहीं है। अगर भविष्य में सरकार को लगेगा कि आंतरिक स्त्रोतों को बढ़ाया जाना चाहिए तो वह समय और परिस्थित पर निर्भर करेगा। वित्त मंत्री गुरुवार को मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि झारखंड में सभी पेट्रोलियम उत्पाद पर सेस लगाने की बात नहीं की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र सरकार एयर ट्रैफिक से संबंधित पेट्रोलियम प्रोडक्ट पर सेस लगाना चाहती है। लेकिन इससे नुकसान झारखंड को होगा। राज्य इससे कभी सहमत नहीं है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यही एक स्त्रोत है, जिससे हमें राजस्व मिलता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी क्षतिपूर्ति को अगर आप देखेंगे तो 41 हजार करोड़ रुपए झारखंड ने केंद्र को दिए हैं, उसके एवज में झारखंड को 14 हजार करोड़ मिले हैं।

बीते दिनों जैसलमेर में हुई जीएसटी काउंसिल की बैठक की बात करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सामान्य पेट्रोल व डीजल (इसका उपयोग वाहन पर करते हैं) पर कोई सेस नहीं लगेगा, लेकिन हवाई सेवा में लगने वाले पेट्रोलियम उत्पाद पर सेस लगाने की बात की गई है।

## केंद्र गांधी के विचारों को बदलने का कर रही प्रयास : राधाकृष्ण

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष बने 100 वर्ष पूरा होने पर शताब्दी समारोह का आयोजन किया। कांग्रेस भवन में महात्मा गांधी के स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर उनके कांग्रेस अध्यक्ष बनने तक के चित्र की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। कांग्रेस मुख्यालय में गांधी के विचारों व आदर्शो पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि महात्मा गांधी इस आधुनिक दुनिया में सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक समस्याओं को हल करने के लिए अहिंसक तरीकों की वकालत करने वाले अद्वितीय व्यक्ति थे। दुख इस बात का है कि केन्द्र की सत्ता की ओर से आज जिस प्रकार गांधी के विचारों को, संविधान को बदलने की बात की जा रही है, यह उचित नहीं है।

गांधीजी का मानना था कि हिंसा सिद्धांतिक रूप से गलत है और इसका विरोध करना भी हर किसी का कर्तव्य है। एक गलत को दूसरे गलत से ठीक नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि गांधी विश्व इतिहास में सत्याग्रह के पैगम्बर के रूप में प्रसिद्ध हैं, लेकिन गांधीवादी सत्याग्रह केवल सद्भावना से ओत-प्रोत लोगों द्वारा ही चलाया जा सकता है, जो जनकल्याण का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह देश गांधी का है और यह देश तभी विकसित होगा, जब हम गांधीजी की प्रासंगिकता को बनाये रखने में कामयाब होंगे और कांग्रेस इसके लिए सदैव तत्पर है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि इस शताब्दी समारोह का आयोजन राज्य के तमाम जिलों में किया गया और इस आयोजन के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने तमाम जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की और सभी पर्यवेक्षक अपने प्रभार वाले जिलों में जाकर शताब्दी समारोह की भव्यता को सफलतापूर्वक संचालित करने का काम किया। सोगोष्ठी में रमा खलखो, डॉ राकेश किरण महतो, सतीश पॉल मुंजनी, प्रदीप तुलस्यान, अभिलाष साहु, राजन वर्मा, डॉ जयप्रकाश गुप्ता, कुमार गौरव, गुंजन सिंह, आलोक दूबे, विनय सिन्हा दीपू, डॉ राजेश गुप्ता, केके गिरी, शशिभूषण राय, गजेन्द्र सिंह, आभा सिन्हा, रियाज अंसारी, चंचल चटर्जी, नेली नाथन, सुरेन राम, जगदीश साहु, मनोज सहाय पिंकू, सत्यनारायण सिंह, राजू राम, नीतू देवी, हुसैन खान, मो सफार, मेरी तिर्की, सुन्दरी तिर्की, पूजा कुमारी, निलम सहाय, अनिता सिन्हा, मीनू सिंह, प्रभात कुमार, नरेन्द्र गोपी, छोटू सिंह, जितेन्द्र त्रिवेदी, पूर्णिमा सिंह, राजीव चौधरी, फिरोज रज्वी मुन्ना, सुमित समेत अन्य कांग्रेसजन शामिल थे।

## न्यूज | बॉक्स

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिले रांची विश्वविद्यालय के कुलपति



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजीत कुमार सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री को उन्होंने रांची विश्वविद्यालय, रांची की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से अवगत कराया।

### सीसीएल के सीएमडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सेंट्रल कोल फील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक नलेंदु कुमार सिंह ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।

### आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाएं : सेठ



**रांची।** भारत सरकार के आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत महाराष्ट्र के नंदुरबार जिला का चयन किया गया है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने नंदुरबार जिला के जिलाधिकारी व अन्य अधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की समीक्षा किया। इस दिशा में सभी अधिकारियों से काम करने को कहा। कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास सहित अन्य सरकारी परियोजनाओं की गति प्रगति की जानकारी लिया। आदिवासी व ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही विकास योजनाओं में तेजी लाने का निर्देश दिया। सरकार की सभी विकास व जनकल्याणकारी योजनाएं ससमय पूर्ण हों, अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा।

### भाजपा एससी मोर्चा की बैठक सदस्यता अभियान पर चर्चा




**रांची।** प्रदेश कार्यालय में अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास के नेतृत्व में सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किशुन कुमार दास ने कहा कि झारखंड के सभी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी को सशक्त और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के निमित्त एक महत्वपूर्ण दायित्व भी सौंपा गया है ताकि पूरे प्रदेश में अनुसूचित जाति मोर्चा सहित भाजपा का संगठन सशक्त और मजबूत हो। दास ने कहा कि अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश के सभी अधिकारियों, जिला अध्यक्षों, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और बूथ अध्यक्ष को भी सदस्यता अभियान के महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। संगठन को घर-घर एवं गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए सदस्यता अभियान अत्यंत आवश्यक है। बैठक में कमलेश राम, खुदा राम, राजीव राज लाल, राकेश राम, धर्मेंद्र कुमार, संदीप कुमार, कमलेश किशोर, गोविंदा, किशोर राम, अशोक राज, सागर पासवान, विनोद कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

### डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर बने संत जेवियर्स कॉलेज के प्राचार्य

**रांची।** डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर संत जेवियर्स कॉलेज के नए प्राचार्य होंगे। उनकी नियुक्ति रांची जेसुइट सोसायटी द्वारा की गई है। यह एक जनवरी 2025 से प्रभावी होगा। गुरुवार को डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा से मुलाकात की। कुलपति ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। डॉ कुजूर प्राचार्य डॉ फादर नाबोर लकड़ा से पदभार ग्रहण करेंगे।

### सदान मोर्चा ने एयरपोर्ट पर रघुवर दास का किया स्वागत




**रांची।** उड़ीसा के राज्यपाल रघुवर दास द्वारा इस्तीफा देने के बाद पहली बार रांची पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में मोर्चा के लोगों ने पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का स्वागत किया। स्वागत करने वालों में मूलवासी सदान की महिला सदस्य भी भारी संख्या में शामिल थीं। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि रघुवर दास का छवि भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त रहा है। कहा कि रघुवर दास कुशल संगठनकर्ता हैं। इनके सक्रिय राजनीति में आने से कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा और इसका फायदा भाजपा को मिलेगा। स्वागत करने वालों केंद्रीय प्रवक्ता डॉ सुदेश कुमार, मीडिया प्रभारी विशाल सिंह, रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुरारी गुप्ता, बेड़ो अध्यक्ष धनंजय कुमार राय, विशाल कुमार साहू, महिला मोर्चा की आरती देवी, किरण देवी, बसंती देवी, उमेरा खातुन, मुमताज खान, सुशील साहू, विश्वनाथ गोप, धनी राम साहू, अमित साहू, विकास कुमार, अरविंद सेठ, अतुल कुमार, शिवानी, विश्वकर्मा, रीता गुप्ता, शीतल गुप्ता, मुकेश साहू, शांति देवी, मंजू पूजा देवी, रेणु देवी, काजल देवी, रेशमी देवी,रविंद्र साहू, जितेंद्र साहू, रेखा देवी, सहदेव साहू आदि शामिल थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**प्रतिबंधित जेजेएमपी...**
ग्राम-मनधनिया, थाना मनिका, जिला लातेहार बताया। वह लातेहार थाना के कई कांडों में वांछित था। उसके विरुद्ध न्यायालय से गिरफ्तारी वारंट भी जारी था। दीपक उरांव पर लातेहार थाना में कुल चार मामला दर्ज है। छापेमारी टीम में पुअनि सह थाना प्रभारी शशि कुमार, पुअनि राहुल कुमार, रामाकंत कुमार, मनोज कुमार, सरेंद्र कुमार महतो व थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

**नेतरहाट स्कूल का प्रशासी...**
को पैसे देकर प्रशासी पदाधिकारी के पास भेजा। आरोपित ने सूचक को अपने घर बुला लिया और उससे रिश्वत के पैसे लेने लगा। इसी दौरान एसीबी की टीम वहां पहुंची और रिश्वत लेते आरोपित को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में पलामू एसीबी एसपी अंजनी अंजन ने बताया कि प्रशासी पदाधिकारी के खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत मिली थी, इस शिकायत के आधार पर यह कार्रवाई की गई है ।

**पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन...**
अमृत कौर था। उन्होंने वर्ष 1958 में गुरशरण कौर से शादी की थी। उनकी तीन बेटियां भी हैं, जिनका नाम उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह हैं। मनमोहन सिंह के निधन पर सभी दलों के नेताओं ने शोक प्रकट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ल पर लिखा, भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण परिवार से उठकर वे एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर एक मजबूत छाप छोड़ी। संसद में उनका हस्तक्षेप भी व्यावहारिक था। हमारे प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।
झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक प्रकट करते हुए सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ल पर लिखा है, आज देश ने अपना एक महान लाल खो दिया। देश के पूर्व प्रधानमंत्री और विश्वविख्यात अर्थशास्त्री आदरणीय श्री मनमोहन सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखदायी है। विकासशील राजनीति और गवर्नेंस के पुरोधा आदरणीय मनमोहन सिंह जी ने निःस्वार्थ भाव के साथ देश और देशवासियों की सेवा में अपना पूरा जीवन लगा दिया था। आज मनमोहन सिंह जी हमारे बीच नहीं हैं, मगर उनके आदर्श और विचार हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवार समेत देशवासियों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति और साहस दे।
ओडिशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करके लिखा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह जी के निधन की दुखद सूचना मिली। महाप्रभु जगन्नाथ जी दिवंगत आत्मा को अपने निज धाम में स्थान दें। उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता हूं।

**मेडिकल कॉलेज, अस्पताल एवं...**
मिल पाता है, तो किसी को जांच करने में असुविधा होती है। ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगी रहती है। अस्पताल में ऐसी अव्यवस्था नहीं दिखे, इसके लिए हॉस्पिटल मैनेजमेंट को मजबूत और दुरुस्त करें, ताकि मरीजों को इलाज से संबंधित सारी जानकारियां सहूलियत से मिल सके। अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन के लिए प्रोफेशनल्स की सेवा लें।
मुख्यमंत्री ने राज्य में पांच नए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी अधिकारियों से ली। उन्होंने कहा कि इन सभी अस्पतालों को जल्द से जल्द पूरी तरह फंक्शनल बनाएं, ताकि मरीजों को रिम्स अथवा अन्य बड़े अस्पतालों में रेफर करने करने की व्यवस्था नियंत्रण में रहे। उन्होंने सुदूर और दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में अवस्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के बेहतर संचालन के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया, ताकि ग्रामीण मरीजों को सामान्य बीमारियों के इलाजों के लिए इधर-उधर नहीं जाना पड़े।
मुख्यमंत्री ने दिए ये निर्देश :
- रिम्स परिसर में निमाणाधीन क्षेत्रीय नेत्र संस्थान हर हाल में अगले वर्ष फरवरी तक शुरू हो जाना चाहिए।
- सभी विभागों के ओपीडी और जांच की सुविधा एक ही बिल्डिंग में उपलब्ध कराई जाए।
- अस्पताल में नए और अत्याधुनिक चिकित्सीय जांच उपकरण लगाए जाएं। पुराने और आउटडेटेड उपकरणों को स्क्रैप करें।
- जरूरत के अनुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी हो।
- रिम्स में जिन मरीजों का सफल इलाज हो चुका है और सिर्फ उचित नर्सिंग तथा देखभाल की जरूरत है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट करें। इससे अस्पताल में मरीजों के लिए बेड और अन्य समस्याओं से काफी हद तक निजात मिलेगी।
- रिम्स में जिन विभागों पर मरीजों का बोझ बहुत ज्यादा है, उन्हें सदर अस्पताल में शिफ्ट किया जाए। इसके लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए सारी सुविधाएं और व्यवस्था होनी चाहिए।
- रिम्स में एंक्रोचमेंट को हटाने की दिशा में समुचित कदम उठाए जाएं।
- रिम्स परिसर में अवांछित तत्वों के प्रवेश पर रोक लगनी चाहिए। यहां की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करें।

**बुजुर्ग को जलती...**
गांववालों ने उन्हें घटना की जानकारी दी। इसके बाद जब वह घटनास्थल पर पहुंचे, तो उन्होंने अपने पिता का शव जलती हुई चिता में पड़ा देखा। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। इधर, गांव में चर्चा है कि ओझा-गुनी मामले को लेकर बुजुर्ग की हत्या की गई है। इधर, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, गांव में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

## विहिप पांच जनवरी को विजयवाड़ा से करेगी शुरुआत

# हिंदू मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्ति को चलेगा देशव्यापी अभियान

- विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने की घोषणा
- कहा, हिंदू के प्रति भेदभावपूर्ण है राज्य सरकारों का कार्य

**नई दिल्ली (हि.स.)**

हिंदू मंदिरों की सरकारी नियंत्रण से मुक्ति के लिए विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने अगले महीने से देश व्यापी जन-जागरण अभियान शुरू करने की घोषणा की है। विहिप के संगठन महामंत्री मिलिंद परांडे ने गुरुवार को यहां प्रेस वार्ता में यह घोषणा की। मिलिंद परांडे ने कहा कि अब सभी राज्य सरकारों को मंदिरों के नियंत्रण, प्रबंधन और दैनंदिनी कार्यों से स्वयं को अविलंब अलग कर लेना चाहिए, क्योंकि उनका यह कार्य हिंदू समाज के प्रति भेदभावपूर्ण है। संतों और हिंदू समाज के श्रेष्ठ लोगों की अगुवाई में आगामी 5 जनवरी से इस संबंध में हम एक देशव्यापी जन जागरण अभियान प्रारम्भ करेंगे। इस अखिल भारतीय अभियान का शंखनाद आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित 'हैंदव शंखारावम' नामक लाखों लोगों के विशेष व विराट समागम में होगा। विहिप संगठन महामंत्री ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की स्वाधीनता के उपरांत जिस हिंदूद्रोही काम पर विराम लग जाना चाहिए था, अर्थात मंदिरों को हिंदू समाज को सौंप देना चाहिए था। एक के बाद एक अनेक राज्य सरकारें संविधान के अनुच्छेद 12, 25 और 26 की अनदेखी करती रहीं। जब कोई मस्जिद या चर्च उनके नियंत्रण में नहीं, तो भला हिंदुओं के साथ ही यह भेदभाव क्यों। अनेक उच्च न्यायालयों तथा सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट संकेतों के बावजूद सरकारें मंदिरों के प्रबंधन व संपत्तियों पर कब्जे जमा कर बैठी रहीं। उन्होंने आगे कहा कि मंदिरों के प्रबंधन और नियंत्रण का कार्य अब हिंदू समाज के निष्ठावान व दक्ष लोगों को सौंप देना चाहिए। इस बारे में हमने सर्वोच्च न्यायालय के वकीलों, उच्च न्यायालयों के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीशों, संतों तथा विहिप के कार्यकर्ताओं को मिलाकर एक चिंतन टोली बनाई है, जिसने मंदिरों के प्रबंधन व उससे जुड़े किसी भी प्रकार के विवादों के निस्तारण के लिए अध्ययन कर एक प्रारूप तैयार किया है। इसमें यह बात और सामने आई है कि जब सरकारें मंदिर समाज को लौटाएंगी, तो स्वीकार कैसे करेंगे और किस प्रावधान के अंतर्गत करेंगे। इसीलिए कुछ संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों द्वारा पूज्य संतों, सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति या जज तथा सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों के साथ समाज के वे प्रतिष्ठित लोग, जो हिंदू शास्त्रों और आगम की विधियों के ज्ञाता हैं, ऐसे लोगों को एकत्र कर राज्य स्तर की एक धार्मिक परिषद बनाएंगे। यह राज्य स्तरीय परिषद जिला स्तरीय परिषद व मंदिर के न्यासियों का चुनाव करेगी, जिसमें अनुसूचित जातियों और जन-जातियों के साथ समाज के विविध वर्गों का सहभाग होगा। विवादों के निस्तारण के लिए एक प्रक्रिया निश्चित की जाएगी। ऐसे प्रस्तावित कानून का एक प्रारूप गत सप्ताह ही हमने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू से मिलकर उन्हें उनके विचारार्थ सौंपा था। उन्होंने कहा कि हमारी ऐसी ही चर्चा अन्य राज्य सरकारों तथा विविध राजनैतिक दलों से भी चल रही है।

इससे पूर्व, गत 30 सितंबर को विहिप ने देश के सभी राज्यों के राज्यपालों को ज्ञापन सौंप कर उनकी सरकारों को मंदिरों के प्रबंधन से हट जाने के लिए अपील की थी। मंदिरों की मुक्ति के इस अखिल भारतीय जागरण अभियान के अंतर्गत इन मंदिरों की चल-अचल संपत्तियों की रक्षा तथा उनके योग्य विनियोग, समाज की सेवा तथा धर्म प्रचार के लिए करने के लिए हिंदू समाज का जागरण प्रारंभ हो गया है।

### मंदिर की जमीन से अवैध निर्माण हटाए जाएं : परांडे

परांडे ने कहा कि मंदिरों को हिंदू समाज को सौंपने से पूर्व हमारा आग्रह है कि मंदिरों व ऐंडौमेंट विभाग में नियुक्त सभी गैर हिंदुओं को निकाला जाए। भगवान की पूजा, प्रसाद व सेवा में सिर्फ गहरी आस्था रखने वाले हिंदुओं को ही लगाया जाए। मंदिर के न्यासियों व प्रबंधन में किसी राजनेता या किसी राजनैतिक दलों से जुड़े व्यक्तियों को ना रखा जाए। मंदिर के अंदर और बाहर के हिस्सों में सिर्फ हिंदुओं की ही दुकानें हों। मंदिर की जमीन पर गैर हिंदुओं द्वारा बनाए हुए तथा अन्य सभी अवैध निर्माणों को हटाया जाना चाहिए। मंदिरों की आय को सिर्फ हिंदू धर्म के प्रचार और उससे जुड़े विषयों पर ही खर्च किया जाए।

---

## वीर बाल दिवस पर हुआ 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ

# केवल सर्वश्रेष्ठ ही हमारा मानक होना चाहिए : पीएम नरेंद्र मोदी

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भारत मंडपम में आयोजित तीसरे वीर बाल दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने साहिबजादों की वीरता और बलिदान को याद करते हुए इस दिन की अहमियत पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का भी शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और विकसित भारत की नींव तैयार करना है। प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी कार्यक्रम में मौजूद थीं। प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि अब केवल सर्वश्रेष्ठ ही हमारा मानक होना चाहिए। चाहे वह बुनियादी ढांचे का क्षेत्र हो, विनिर्माण का, खेल का या फिर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी का, हमें हर क्षेत्र में श्रेष्ठता के मानक स्थापित करने होंगे। पीएम मोदी ने युवाओं से अपील की कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में कार्य करें। पीएम मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीर बाल दिवस के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह दिन अब करोड़ों भारतीयों के लिए राष्ट्रीय प्रेरणा का पर्व बन चुका है। इस दिन ने न केवल साहिबजादों की वीरता की गाथाओं को जीवित रखा है, बल्कि यह लाखों बच्चों और युवाओं को अदम्य साहस और समर्पण के लिए प्रेरित भी करता है। इस दौरान उन्होंने विशेष रूप से उन 17 बच्चों की सराहना की, जिन्हें आज वीर बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस हमें साहिबजादों की वीरता और बलिदान की गाथा से परिचित कराता है, जो राष्ट्र और आस्था के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह के साहस की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि उम्र में छोटे होने के बावजूद इन साहिबजादों ने मुगल सल्तनत के प्रलोभनों को ठुकरा दिया और अपने प्राणों की आहुति दी। इन साहिबजादों ने गुरु गोविंद सिंह की वीरता को अपने जीवन में उतारा और देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी, लेकिन अपनी आस्था के मार्ग से कभी विचलित नहीं हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि हमारे लोकतंत्र की विशालता गुरुओं की शिक्षाओं, साहिबजादों के बलिदान और राष्ट्रीय एकता के मंत्र पर आधारित है। भारतीय संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि यह संविधान समाज के हर वर्ग को समान अवसर प्रदान करने की दिशा में हमारा मार्गदर्शन करता है। देश के लिए किया गया हर कार्य बहादुरी का कार्य है और हर बच्चा या युवा, जो देश के लिए कार्य करता है, वह वीर बालक है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में भारतीय युवाओं की ऊर्जा ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। इसके साथ-साथ प्रधानमंत्री मोदी ने 'सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान' का शुभारंभ किया, जिसका उद्देश्य ग्राम पंचायतों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देकर कुपोषण को समाप्त करना है। इसके अलावा, इस अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को पोषण के परिणाम सुधारने और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने की दिशा में सक्रिय कदम उठाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके माध्यम से ग्राम पंचायतों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि कुपोषण की समस्या को समग्र रूप से हल किया जा सके। पीएम मोदी ने 'मेरा युवा भारत' अभियान की भी बात की, जिसका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा और व्यावहारिक अवसर प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि देश में 10 हजार से अधिक अटल टिंकरिंग लैब स्थापित की गई हैं, जो नवाचार को बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही, सरकार की नीतियों का मुख्य फोकस युवाओं को सशक्त बनाना है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन के अंत में गुरुओं, वीर साहिबजादों और माता गुजरी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि साहिबजादों की बहादुरी और बलिदान ने हमें प्रेरणा दी है कि हम अपने लक्ष्य को लेकर हमेशा ऊंचे खड़े रहें।

### देश को वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना होगा



आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि युवाओं को अपनी क्षमता पर विश्वास रखते हुए वैश्विक मंच पर देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारतीय युवा, जो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों का नेतृत्व कर सकते हैं, आधुनिक दुनिया का मार्गदर्शन करने के लिए नवाचार कर सकते हैं, देश के विकास में योगदान देंगे। अब यह समय है जब देश के हर युवा को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने 25 वर्षों के इस अमृत काल में युवाओं से तेजी से बढ़ते भारत के विकास में भागीदार बनने का आह्वान किया।

- युवा अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वश्रेष्ठ बनने की दिशा में करें कार्य
- पीएम ने साहिबजादों की वीरता व बलिदान को किया याद

## बैंकों में धोखाधड़ी का बनता जा रहा रिकॉर्ड

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार कहने को तो बहुत मुस्तैद होने का प्रचार करती रही है, लेकिन हालत यह है कि बैंकों में धोखाधड़ी का लगातार रिकार्ड बनता जा रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के मामले उल्लेखनीय रूप से बढ़े हैं। इनकी संख्या 18,461 हो गई है, जबकि इसमें शामिल राशि आठ गुना से अधिक बढ़कर 21,367 करोड़ रुपये हो गई।

भारतीय रिजर्व बैंक ने भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति और प्रगति रिपोर्ट 2023-24 जारी की है। यह रिपोर्ट 2023-24 और 2024-25 के दौरान अब तक वाणिज्यिक बैंकों, सहकारी बैंकों और गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थानों सहित बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन के बारे में बताती है। रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल-सितंबर के दौरान बैंकिंग धोखाधड़ी की संख्या 18,461 थी, इसमें शामिल राशि 21,367 करोड़ रुपये थी। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में ऐसे मामलों की संख्या 14,480 थी, जिनमें 2,623 करोड़ रुपये की राशि शामिल थी।

रिपोर्ट के अनुसार बैंकिंग धोखाधड़ी से वित्तीय प्रणाली के लिए प्रतिष्ठा जोखिम, परिचालन जोखिम, व्यावसायिक जोखिम और वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव के साथ ग्राहक विश्वास में कमी जैसी चुनौतियां पैदा होती है। आरबीआई ने वित्तीय वर्ष 2023-24 वित्तीय वर्ष के संबंध में, आरबीआई ने कहा कि बैंकों की ओर से रिपोर्टिंग की तारीख के आधार पर, धोखाधड़ी में शामिल राशि एक दशक में सबसे कम थी, जबकि औसत मूल्य 16 वर्षों में सबसे कम था। धोखाधड़ी की घटना की तारीख के आधार पर, 2023-24 में, कुल में इंटरनेट और कार्ड धोखाधड़ी की हिस्सेदारी राशि के संदर्भ में 44.7 प्रतिशत और मामलों की संख्या के संदर्भ में 85.3 प्रतिशत थी। 2023-24 में, निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा रिपोर्ट किए गए धोखाधड़ी के मामलों की संख्या कुल का 67.1 प्रतिशत थी। हालांकि, शामिल राशि के संदर्भ में, 2023-24 में सभी बैंक समूहों के लिए कार्ड और इंटरनेट धोखाधड़ी का सबसे अधिक हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का था।

विदेशी बैंकों और लघु वित्त बैंकों को छोड़कर सभी बैंक समूहों में 2023-24 के दौरान विनियमित संस्थाओं (आरई) पर लगाए गए जुर्माने की घटनाओं में वृद्धि हुई। वर्ष 2023-24 में कुल जुर्माना राशि दोगुनी से अधिक होकर 86.1 करोड़ रुपये हो गई, जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का योगदान सबसे अधिक रहा। वर्ष के दौरान सहकारी बैंकों पर लगाए गए जुर्माने की राशि में कमी आई, जबकि जुर्माना लगाने के मामलों में वृद्धि हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि कई रिपोर्टों से पता चलता है कि डिजिटल ऋण क्षेत्र में बेईमान खिलाड़ियों की मौजूदगी जारी है, जो गलत तरीके से विनियमित संस्थाओं के साथ जुड़ाव का दावा करते हैं। किसी विनियमित संस्था के साथ डिजिटल ऋण ऐप (डीएलए) के जुड़ाव के दावों के सत्यापन में ग्राहकों की सहायता के लिए, भारतीय रिजर्व बैंक विनियमित संस्थाओं की तैनात डीएलए का एक सार्वजनिक संग्रह बनाने की प्रक्रिया में है। इस रिपोजिटरी में भारतीय रिजर्व बैंक के किसी हस्तक्षेप के बिना विनियमित संस्थाओं द्वारा प्रस्तुत आंकड़े शामिल होंगे तथा विनियमित संस्थाओं को, जब भी कोई नया डीएलए जोड़ा जाएगा या कोई मौजूदा डीएलए हटाया जाएगा, उसे अद्यतन करना होगा।

आरबीआई ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी के कई मामले ग्राहकों पर सोशल इंजीनियरिंग हमलों के परिणामस्वरूप होते हैं, लेकिन इस तरह की धोखाधड़ी को अंजाम देने के लिए खच्चर बैंक खातों के उपयोग में भी तेजी से वृद्धि हुई है। आरबीआई ने कहा, इससे बैंकों को न केवल गंभीर वित्तीय और परिचालन जोखिम का सामना करना पड़ता है, बल्कि उनकी प्रतिष्ठा को भी खतरा होता है। इसलिए बैंकों को बेईमान गतिविधियों पर नजर रखने के लिए अपने ग्राहकों को जोड़ने और लेनदेन निगरानी प्रणाली को मजबूत करने की जरूरत है। इसके लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों (एलईए) के साथ प्रभावी समन्वय की भी आवश्यकता है ताकि प्रणालीगत स्तर पर होने वाली चिंताओं का पता लगाया जा सके और समय रहते उन पर अंकुश लगाया जा सके। रिजर्व बैंक ने आगे कहा कि वह लेनदेन निगरानी प्रणालियों को मजबूत करने तथा खच्चर खातों को नियंत्रित करने और डिजिटल धोखाधड़ी को रोकने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने को सुनिश्चित करने के लिए बैंकों और एलईए के साथ काम कर रहा है।



- पहली छमाही में बैंक धोखाधड़ी के आए 18,461 मामले
- इसमें शामिल राशि आठ गुना से ज्यादा बढ़कर 21,367 करोड़ रुपए हुआ

---

### सीरिया में अपदस्थ राष्ट्रपति के 20 से अधिक समर्थक मारे गए

**दमिश्क।** सीरिया में अब अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों की जान पर बन आई है। सैन्य संचालन विभाग ने राजधानी दमिश्क, ग्रामीण इलाकों, होम्स, लताकिया और टार्टस के कई इलाकों में अभियान चलाकर असद के 20 से अधिक समर्थकों को मार गिराया और कम से कम 45 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सीरियाई सैन्य संचालन विभाग असद के इन समर्थकों को आतंकवादी मान रहा है। अरबी न्यूज एजेंसी '963+' के अनुसार सैन्य संचालन विभाग के करीबी सूत्र ने बताया कि मेजेह 86, रिपब्लिकन गार्ड के आवासों, दमिश्क के डुम्मर प्रोजेक्ट, कुदसाया, अल-हमा और असल अल में सुरक्षा अभियान शुरू किया गया है। सैन्य संचालन विभाग ने वांछित व्यक्तियों और आतंकवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए चार दिन का समय दिया था।

### बुशरा बीबी को अदालत से राहत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) संस्थापक और अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी को गुरुवार को यहां एक स्थानीय अदालत ने बड़ी राहत प्रदान की। अदालत ने उन्हें 26 नवंबर के विरोध प्रदर्शन के संबंधित मामलों में अंतरिम जमानत दे दी। एआरवाई न्यूज चैनल की खबर में यह जानकारी दी गई। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 21 दिसंबर को रावलपिंडी की एक आतंकवाद-रोधी अदालत ने उन्हें 32 मामलों में 13 जनवरी तक के लिए अंतरिम जमानत दी थी। यह मामले नौ मई की हिंसा से जुड़े हुए हैं।



### जापान एयरलाइंस पर साइबर हमला उड़ानों में देरी, टिकटों की बिक्री रुकी

**टोक्यो।** जापान एयरलाइंस पर बड़ा साइबर हमला हुआ है। इसका असर घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर पड़ सकता है। जापान एयरलाइंस ने साइबर हमले की पुष्टि की है। द जापान टाइम्स के अनुसार, जापान एयरलाइंस ने गुरुवार को कहा कि सुबह उसके सिस्टम पर साइबर हमला किया गया। सुबह 8:56 बजे इसका पता चला। तकनीकी टीम ने समाधान कर लिया है। साइबर हमले की सूचना के बाद प्रस्थान करने वाली घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए टिकटों की बिक्री अस्थायी रूप से निलंबित कर दी गई।

## 20 वर्ष पहले आई सुनामी को लेकर चेन्नई में निकाली गई 'शांति रैली'

**सुनामी की 20वीं बरसी**

**चेन्नई (आईएएनएस)**



चेन्नई के रोयापुरम कासिमेदु इलाके में वर्ष 2004 की सुनामी की 20वीं बरसी पर गुरुवार को एक शांति रैली और स्मारक सेवा का आयोजन किया गया। शांति रैली में कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन अन्नाद्रमुक के उत्तरी चेन्नई पूर्वोत्तर जिले द्वारा किया गया था। कार्यक्रम की शुरुआत एक मौन जुलूस से हुई, जिसके बाद एक स्मारक सेवा आयोजित की गई। इसमें मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए फूल चढ़ाए गए और समुद्र में दूध भी डाला गया। इसके साथ ही, गरीबों और जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक लोग शामिल हुए। हालांकि, कार्यक्रम के दौरान एक महिला पुलिसकर्मी, कलैवानी, अचानक बेहोश हो गईं। अन्नाद्रमुक के जिला सचिव आरएस राजेश और महिला विंग के सदस्यों ने उन्हें तुरंत अस्पताल भेजा। इससे थोड़ी देर के लिए कार्यक्रम में हंगामा भी हुआ। आज से 20 साल पहले 26 दिसंबर 2004 को सुनामी ने चेन्नई के समुद्र तटों पर तबाही मचाकर लोगों की हंसती खेलती जिंदगी तबाह कर दी थी। इस आपदा में लाखों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। इस भयावह हादसे के दो दशक बीत जाने के बाद भी लोग उस दर्द से नहीं उबर पाए हैं। लेकिन, इस बीच कुछ ऐसे लोग भी रहे, जिन्होंने इस हादसे से उबरकर नई जिंदगी का आगाज किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने एमटी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मलयालम सिनेमा और साहित्य की सम्मानित हस्तियों में से एक एमटी वासुदेवन नायर के निधन पर शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एमटी वासुदेवन नायर के कार्यों ने मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे। प्रधानमंत्री ने एक्स पर अपनी पोस्ट में लिखा, मलयालम सिनेमा और साहित्य की सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक श्री एमटी वासुदेवन नायर जी के निधन से दुःखी हूं। मानवीय भावनाओं के गहन अध्ययन के साथ उनके कार्य ने कई पीढ़ियों को आकार दिया है और भविष्य में भी लोगों को प्रेरित करते रहेंगे।

## इजरायल के पीएम नेतन्याहू ने हूती विद्रोहियों को दी चेतावनी

**यरूशलम (आईएएनएस)**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने चेतावनी दी कि यमन में हूती बलों को भी इजरायल विरोधी समूहों जैसा ही परिणाम भुगतना पड़ेगा। नेतन्याहू ने एक वीडियो बयान में कहा, हूती विद्रोहियों को भी वही सबक मिलेगा, जो हमास, हिजबुल्लाह, असद सरकार और दूसरों को मिला है। हालांकि, इसमें समय लग सकता है। लेकिन, यह पूरे मध्य पूर्व के लिए एक सबक साबित होगा। इससे पहले, बुधवार को हूती विद्रोहियों ने लगातार दूसरे दिन इजरायल की ओर जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइल दागी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एक ड्रोन दक्षिणी इजरायल में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। कथित तौर पर हूती बलों द्वारा जवाबी मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इजरायल यमन में हूती बलों के खिलाफ एक बड़े हमले पर विचार कर रहा है। मंगलवार को इजरायल के सरकारी स्वामित्व वाले कान टीवी ने बताया कि सेना एक संभावित ऑपरेशन की तैयारी कर रही है। वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारियों के हवाले से कान टीवी ने कहा कि इजरायली वायु सेना, सैन्य खुफिया और संचालन निदेशालय पिछले सप्ताह के हमले के बाद यमन में 'काफी आक्रामक योजनाएं बना रहे हैं।

## बना विश्व रिकार्ड, ईसीआई ने जारी की रिपोर्ट

# लोस चुनाव 2024 में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने डाले वोट

**नई दिल्ली (हि.स.)**




- महिलाओं व दिव्यांग मतदाताओं ने भी बनाया रिकॉर्ड
- थर्ड-जेंडर मतदाताओं में हुआ 46.4% का इजाफा

इस साल संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में 64.64 करोड़ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग करके विश्व रिकॉर्ड बनाया। वर्ष 2024 में दाखिल नामांकनों की संख्या 12,459 थी, जबकि 2019 में यह संख्या 11,692 थी। इसी तरह, वर्ष 2019 में जहां 8,054 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा, वहीं 2024 में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। यह जानकारी भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर जारी रिपोर्ट में दी है।

रिपोर्ट के मुताबिक इस चुनाव में महिला मतदाताओं ने अपनी उपस्थिति और भागीदारी से लोकतंत्र को नई ऊंचाई दी, जो महिलाओं के मताधिकार के नए मानक का संकेत है। महिला मतदाताओं का मतदान औसत 65.78 प्रतिशत रहा, जबकि पुरुष मतदाताओं का यह औसत 65.55 प्रतिशत था। महिला उम्मीदवारों की संख्या 800 थी, जबकि 2019 में यह संख्या 726 थी। वर्ष 2019 की तुलना में थर्ड-जेंडर मतदाताओं में 46.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में जहां 90,28,696 पंजीकृत दिव्यांग मतदाता रहे, वहीं वर्ष 2019 में यह संख्या 61,67,482 थी। वर्ष 2019 में 540 मतदान केंद्रों की तुलना में वर्ष 2024 में केवल 40 मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान हुआ। दरअसल, भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव 2024 पर 42 सांख्यिकीय रिपोर्ट और एक साथ कराए गए चार राज्य विधानसभा चुनावों पर 14-14 रिपोर्ट जारी की हैं। आयोग का कहना है कि ये लगभग 100 सांख्यिकीय रिपोर्ट गहन विश्लेषण और नीतिगत अंतर्दृष्टि के लिए दुनिया भर के शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं और चुनाव पर्यवेक्षकों के लिए एक महत्वपूर्ण खजाने की तरह होंगी। आयोग के अनुसार, इस रिपोर्ट में उपलब्ध डाटा सेट संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों और राज्यवार मतदाताओं, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रवार मतदाता मतदान, पार्टी के आधार पर वोट शेयर, लिंग आधारित मतदान व्यवहार, महिला मतदाताओं की राज्यवार भागीदारी, क्षेत्रीय विविधताएं, निर्वाचन क्षेत्र डाटा सारांश रिपोर्ट, राष्ट्रीय पार्टियों, राज्य स्तरीय पार्टियों, पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल (आरयूपीपी) का प्रदर्शन, जीतने वाले उम्मीदवारों का विश्लेषण, निर्वाचन क्षेत्रवार विस्तृत परिणाम और बहुत कुछ का विवरण प्रदान करते हैं। यह विस्तृत डाटा सेट हितधारकों को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर पहले से उपलब्ध पिछले चुनावों के डाटा सेट से तुलना के साथ बारीक स्तर के विश्लेषण के लिए डाटा को काटने-छांटने का अधिकार देता है। आयोग का कहना है कि ये रिपोर्ट चुनावी और राजनीतिक परिदृश्य में दीर्घकालिक दृष्टिकोण और बदलावों को ट्रैक करने के लिए समय-श्रृंखला विश्लेषण की सुविधा प्रदान करेगी।

### इस्कॉन ने बांग्लादेशी वकील के संघर्ष की सराहना की



**कोलकाता।** बांग्लादेश की जेल में बंद इस्कॉन के संन्यासी चिन्मय प्रभु के वकील रवींद्र घोष को कोलकाता इस्कॉन ने अपना समर्थन दिया है। कोलकाता इस्कॉन के वाइस प्रेसिडेंट राधारमण दास ने गुरुवार को रवींद्र घोष से उनके घर पर मुलाकात की और उनके संघर्ष की सराहना की। इस दौरान रवींद्र घोष ने बताया कि वह स्वस्थ रहे, तो 2 जनवरी को बांग्लादेश की अदालत में उपस्थित रहेंगे, जहां चिन्मय प्रभु का मामला चल रहा है। रवींद्र घोष, जो इन दिनों इलाज के लिए पश्चिम बंगाल में हैं, चिन्मय प्रभु के लिए अदालत में लड़ाई लड़ रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें कई देशों से समर्थन संदेश मिला है। एक मानवाधिकार कार्यकर्ता के रूप में उनकी लड़ाई जारी रहेगी। अगर वे स्वस्थ नहीं रहे, किसी अन्य वकील को अदालत में भेजेंगे। लेकिन, इस संघर्ष को रुकने नहीं देंगे। राधारमण दास ने घोष को बहादुर व्यक्ति बताते हुए कहा कि उनका संघर्ष सराहनीय है और जरूरत पड़ी, तो इस्कॉन हरसंभव मदद करेगा।